दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 05 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 343 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जितनी बढ़िया नेत्री हैं उससे भी बढ़िया अभिनेत्री है। नौटंकीबाजी में कोई माई का लाल उनका मुकाबला नहीं कर सकता। यही वजह है कि खेला होबे को उन्होंने अपना तकिया कलाम बना रखा है। खुद को खिलाड़ियों का खिलाड़ी घोषित कर रखा है। इसी मुगालते के चलते उन्होंने अपनी टीम के साथ नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के दफ्तर पर धावा बोला और दादागिरी दिखाने की कोशिश की लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनकी हेकड़ी निकाल दी। अब वे दिल्ली में धरना प्रदर्शन की नौटंकी कर रही हैं क्योंकि उन्हें अपना खेला खराब होने का डर सता रहा है।

बजट से पहले साय सरकार के 9 बड़े फैसले, सुरक्षा-सुशासन और डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ेगा छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में साय सरकार ने 9 अहम फैसले लिए हैं। इनमें 10 जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स का गठन करने, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना करना, नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति समेत अन्य अहम फैसले लिए हैं। साय कैबिनेट में मादक पदार्थों की रोकथाम की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए प्रदेश के 10 जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के गठन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में प्रावधानित 100 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर, राजनांदगांव एवं कोरबा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन
■ निकायों को सौंपी जाएगी हाउसिंग बोर्ड की 35 कॉलोनियां
■ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का होगा गठन, बस्तर में लगेंगे टावर
■ नवा रायपुर में निगम-मंडल के बनेंगे कार्यालय

एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना का निर्णय लिया है। इसके संचालन के दिशा-निर्देशों का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ में पायलट प्रशिक्षण की सुविधा के लिए राज्य में उड़ान प्रशिक्षण संगठन की स्थापना की जाएगी। इससे एयरक्राफ्ट रिसाइकिलिंग, हेलीकॉप्टर बंकिंग तथा एयरो स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं विकसित होंगी।

स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति का अनुमोदन

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-26 का अनुमोदन किया गया। इस नीति से स्टार्टअप ईको सिस्टम के साथ-साथ इन्क्यूबेटर्स एवं अन्य हितधारकों का विकास होगा। छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख नवाचार केन्द्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। भारत सरकार द्वारा जारी स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में सुधार होने से राज्य में निवेश का आकर्षण बढ़ेगा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगेंगे

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में डिजिटल अवसंरचना को विस्तार देने के लिए मोबाइल टावर योजना का अनुमोदन किया गया है। भौगोलिक विषमता और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी सीमित होने से शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। इस योजना से मोबाइल टावर स्थापना के लिए चयनित सेवा प्रदाताओं को अनुमति देंगे।

संसद बजट सत्र: पीएम मोदी का होना था संबोधन, विपक्ष के हंगामे के बाद कल तक के लिए लोकसभा स्थगित

पुस्तक और डील पर संसद में सियासी संग्राम

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बुधवार को तीसरे दिन चर्चा हुई। इस बीच लोकसभा में आज फिर से हंगामा हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने भाषण में चीन-भारत के रिश्तों को लेकर पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे की एक अप्रकाशित किताब की कुछ लाइनें पढ़ने पर अड़े हुए हैं। स्पीकर के बार-बार मना करने के बावजूद वह अपनी बात पर अड़े हुए हैं।

हंगामे की वजह से पीएम का संबोधन भी स्थगित कर दिया गया है। उधर, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर मोदी सरकार पर चौतरफा हमला किया है। खड़गे ने संसद सत्र के दौरान इस डील की घोषणा के तरीके पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार ने अमेरिकी 'दबाव' में आकर देश के स्वाभिमान से समझौता किया है? खड़गे ने पूछा कि क्या भारत ने वास्तव में अमेरिकी आयात पर 'जीरो टैरिफ' स्वीकार कर लिया है, जैसा कि डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे हैं? लोकसभा के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लोकसभा स्पीकर के ऑफिस में हंगामा, विपक्ष और बीजेपी सांसदों में बहस

संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेण रिजिजू से कुछ कहते नजर आ रही हैं। शाम 5 बजे से पहले विपक्षी महिला सांसदों ने पीएम की खाली कुर्सी घेर लिया था। वहीं, लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी का जिक्र है। निशिकांत की कोट की गई किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफद नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर समेत दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए। आज फिर चेयर की तरफविपक्षी सांसदों ने पेपर उड़ाए। विपक्ष के हंगामे के कारण दोपहर 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही केवल 8 मिनट ही चल सकी। लोकसभा शाम 5 बजे तक स्थगित की गई। इससे पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी। सदन केवल 5 मिनट ही चला। हंगामे की वजह से पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टाल दिया।

अमेरिका और भारत की ट्रेड डील ऐतिहासिक: पीयूष

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफडील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है... नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।



नरवणे की किताब लेकर संसद पहुंच गए राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के राहुल गांधी द्वारा पूर्व सैन्य प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण में की गई टिप्पणियों का जिक्र करने को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच बुधवार को राहुल गांधी इस किताब एक प्रति लेकर संसद पहुंच गए। राहुल गांधी ने दावा किया कि यह किताब विदेश में छप चुकी है, लेकिन इसे भारत में प्रकाशन की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस दौरान उन्होंने इसके एक अंश का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। उन्होंने कहा है कि पीएम के पास संसद आने की हिम्मत नहीं, और अगर वह संसद आएंगे तो राहुल उन्हें यह किताब देंगे। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों को यह पुस्तक दिखाते हुए कहा, ''वे कहते हैं कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है।

सोसाइटी पहुंचने लगे किसान आज से फिर शुरू होगी खरीदी

नव प्रदेश लगातार

■ विष्णुदेव साय सरकार ने दो दिन बढ़ाई धान खरीदी की तारीख, किसानों में खुशी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने धान खरीदी की समय अवधि दो दिन बढ़ा दी है। अब 5 और 6 फरवरी को धान खरीदी करने की घोषणा की गई है। 6 फरवरी यानी शुक्रवार को धान खरीदी का आखिरी दिन है। घोषणा के बाद बचे हुए किसान समितियों तक पहुंच रहे हैं। खरीदी शुरू होने की खबर से किसानों में उत्साह है।

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार देर रात इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि समीक्षा में जानकारी मिली कि कुछ किसानों के टोकन नहीं कट पाए हैं, कुछ पंजीयन नहीं कर पाए। इसलिए समय अवधि बढ़ाई जा रही है। राज्य के ऐसे किसान जो पंजीकृत है और जिनका टोकन कट चुके है, उन किसानों का धान खरीदा जाएगा। अब किसानों को धान एमएसपी में धान बिकने की उम्मीद है। बुधवार को बड़ी संख्या में किसान समिति भी पहुंचे।

अब तक 140 लाख टन धान की खरीदी: प्रदेश में 31 जनवरी 2026 तक 25 लाख 11 हजार से अधिक किसानों से लगभग 140 लाख टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में इन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश बना प्रदेश के किसानों का सहारा

बता दें कि नवप्रदेश ने धान खरीदी की अंतिम तिथि के बाद टोकन, टेंशन और उम्मीद में किसान शीर्षक से खबर प्रकाशित कर सरकार को चेताया था कि टोकन कट जाने के बाद भी प्रदेश के लाखों किसानों का धान नहीं बिक पाया है। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले को संज्ञान में लिया।

न्यूज गैलरी

जैश के टॉप कमांडर मावी सहित दो पाक आतंकी ढेर

उधमपुर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी आतंकी मारे गए। इनमे से एक आतंकी, रुबानी उर्फ अबू माविया जैश-ए-मोहम्मद का शीर्ष कमांडर था और क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय था। बसंतगढ़ क्षेत्र के किया गांव के जंगलों में मंगलवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। करीब 20 मिनट तक चली फायरिंग में दो आतंकियों को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों ने भागने का प्रयास किया।

प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग 236 पैसेंजर सवार थे

नई दिल्ली। कोलकाता एयरपोर्ट पर आज उस समय अफरातफरी मच गई, जब तुर्की एयरलाइंस की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ गई। बीच उड़ान पायलट ने जब विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका जताई तो अधिकारियों ने उसे तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग करने की सलाह दी। उस विमान में कुल 236 लोग सवार थे।

लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गयी, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया।

नक्सल-डेडलाइन पर शाह करेंगे हाईलेवल मीटिंग, पंडुम महोत्सव में भी होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 7 फरवरी को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होकर बस्तर के लिए रवाना हो जाएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, वे शनिवार की रात रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रविवार को नक्सलवाद की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

इसके बाद अमित शाह बस्तर के लिए निकलेंगे, जहां वे पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमित शाह का दौरा ऐसे वक्त हो रहा है। जब केंद्र सरकार की तरफ से तय की गई 31 मार्च 2026 नक्सलवाद खात्मे की डेडलाइन नजदीक आ चुकी है। खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस समयसीमा का सार्वजनिक ऐलान किया था। शाह का 2 महीने में ये दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा है। इससे पहले वे 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में आयोजित 60वें डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में पहुंचे थे। अमित शाह की यह बैठक राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद निर्णायक मानी जा रही है। बैठक में छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा से जुड़े नक्सल प्रभावित इलाकों की सुरक्षा स्थिति, ऑपरेशन की प्रगति और इंटेलिजेंस इनपुट्स पर चर्चा होने की संभावना है। खासतौर पर बस्तर संभाग में चल रहे एंटी-नक्सल ऑपरेशनों की समीक्षा इस बैठक का प्रमुख एजेंडा रहेगा। दरअसल, छत्तीसगढ़ समेत नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबल लगातार अभियान चला रहे हैं। अब ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जांजगीर-चांपा में 35 हजार रिश्वत लेते अतिरिक्त तहसीलदार-पटवारी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अतिरिक्त तहसीलदार और पटवारी को 35 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। महिला अधिकारी ने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी से धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी की जांच को छिपाने के लिए 35 हजार रुपए की मांग की थी। बुधवार को एसीबी ने 35 हजार रुपए लेते पकड़ा है। मामला पामगढ़ तहसील का है। एसीबी के अनुसार, चोरभट्ठी धान खरीदी प्रभारी रहे वीरेंद्र कौशिक ने शिकायत की थी। उसने बताया कि धान खरीदी केंद्र के भौतिक सत्यापन और टोकन काटने के मामले में गड़बड़ी होने पर जांच को उच्च अधिकारयों तक नहीं देने के एवज में अतिरिक्त तहसीलदार करुणा आहेर और पटवारी आयुष ध्रुव दोनों ने रिश्वत की मांगी की थी।

मोबाइल की लत: सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे, तीन बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

■ गाजियाबाद में हृदय विदारक घटना, 12-14 और 16 साल की बच्चियों का आत्मघाती कदम

गाजियाबाद। गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात 2 बजे तीनों ने कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी। उनकी उम्र करीब 12, 14 और 16 साल है। पिता के मुताबिक, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पिता ने दो शादियां कीं, शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं

तीनों बच्चियों के नाम निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) हैं। पिता चेतन गुर्जर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। वह मूल रूप से दिल्ली के खजूरी के रहने वाले हैं। परिवार में 2 पत्नी, 7 साल का बेटा और चार बच्चियां थीं। साथ में साली भी रहती है। चेतन ने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी से बच्चे नहीं होने पर उन्होंने उसकी बहन यानी साली से दूसरी शादी की। दूसरी पत्नी से निशिका और प्राची का जन्म हुआ। इसके बाद पहली पत्नी से भी एक बेटी पैदा हुई। फिर दूसरी पत्नी से एक और बेटी-बेटा भी हुए हैं। जिस फ्लैट में परिवार रहता है, उसमें तीन कमरे और एक हॉल है।

गरमा-गरम

धरती के कुबेर | एक दिन में 7 लाख करोड़ रुपये बढ़े, भारत के टॉप-40 अमीरों से ज्यादा वेल्थ

मस्क : 850 बिलियन संपत्ति वाले दुनिया के पहले इंसान बने

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की कुल संपत्ति 850 बिलियन डॉलर (करीब 77 लाख करोड़ रुपए) का आंकड़ा पार कर गई है। एक दिन में उनकी नेटवर्थ में 84 बिलियन डॉलर (7 लाख करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ है।

फोर्ब्स के मुताबिक मस्क अब इतिहास के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मस्क की संपत्ति में यह बढ़ोतरी उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप और एआई के मर्जर की वजह से हुई है। सिर्फ4 महीने में मस्क की नेटवर्थ 70 प्रतिशत बढ़ गई है। अक्टूबर 2025 में यह 500 बिलियन डॉलर पर पहुंची थी। अब उनकी नेटवर्थ पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा है। ये भारत के टॉप 40 सबसे अमीरों की कुल वेल्थ से भी ज्यादा है।

मस्क ने 4 महीने में 4 बड़े रिकॉर्ड बनाए: अक्टूबर 2025: वे दुनिया के पहले 500 बिलियन वाले इंसान बने। यह तब हुआ जब उन्होंने टेस्ला पर फोकस करने के लिए ट्रंप के सरकारी विभाग को छोड़ा। **15 दिसंबर:** स्पेस एक्स की वैल्यूएशन बढ़ने से वे 600 बिलियन के पार पहुंचे। 19 दिसंबर: कोर्ट से टेस्ला स्टॉक ऑप्शंस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्पेसएक्स और एआई का मर्जर, 1 ट्रिलियन की कंपनी बनी

मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स ने उनकी एआई कंपनी एंड एआई को खरीद लिया है। पहले ये दोनों अलग-अलग थीं। अब ये एक ही बड़ी कंपनी बन गई हैं, जिसकी कुल कीमत 1.25 ट्रिलियन (करीब 104 लाख करोड़ रुपए) आंकी गई है। इस विलय से मस्क की वैल्यू 84 बिलियन बढ़ गई। मर्जर से पहले मस्क के पास स्पेसएक्स की 42 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसकी वैल्यू 336 बिलियन थी। वहीं एआई में उनकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी की कीमत 122 बिलियन थी। मर्जर के बाद बनी नई कंपनी में मस्क की हिस्सेदारी अब 43 प्रतिशत हो गई है, जिसकी अकेले की वैल्यू 542 बिलियन है।

सात करोड़ का धान चूहा खा गया कहने वाला डीएमओ सस्पेंड, बिलासपुर अटैच

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा जिले में साढ़े 7 करोड़ के सरकारी धान को चूहों द्वारा खाने वाला बयान देकर सुर्खियों में रहने वाले डीएमओ अभिषेक मिश्रा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित ने माना कि उनके बयान से विभाग की छवि धूमिल हुई है। बिना तथ्यात्मक पुष्टि गलत बयान देने को विपणन सहकारी संघ कर्मचारी सेवा नियमावली की कंडिका-18 का उल्लंघन पाया गया है। दरअसल, वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान का भंडारण किया गया था। कवर्धा जिले के दो संग्रहण केंद्र बाजार चारभाठा और बघर्रा में कुल 7 लाख 99 हजार क्विंटल धान रखा गया था। जब धान के उठाव के बाद मिलान किया गया तो इन दोनों केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई। इसमें अकेले बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संक्षिप्त खबर

नालियों और सड़कों की कराई गई सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के जोन 5 स्वास्थ्य विभाग ने डीडी नगर सेक्टर-1 क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निराकरण किया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड के सेक्टर-1 में विशेष सफाई अभियान चलाया। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के निर्देश पर टीम ने क्षेत्र की नालियों और मार्गों की गहन सफाई की। मौके से कचरा हटवाकर स्वच्छता कायम की गई। जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा ने बताया कि जनस्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिकायतों पर तत्काल संभाग स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

बोरियाखुर्द- डुंडा में अवैध कॉलोनियां चिन्हित

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ नगर निगम रायपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। जोन 10 के अंतर्गत आने वाले बोरियाखुर्द और डुंडा क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग स्थलों को 'अवैध कॉलोनी' के रूप में चिन्हित कर वहां निगम का बोर्ड लगा दिया गया है। आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे की टीम ने यह कार्रवाई की। नगर निवेश विभाग अब इन भूमियों के अधिग्रहण की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर रहा है। निगम ने बोर्ड के माध्यम से नागरिकों को सख्त चेतावनी दी है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान यदि कोई व्यक्ति यहां निर्माण, कब्जा या लेनदेन करता है, तो उससे होने वाले किसी भी नुकसान या विधिक परिणामों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। निगम की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

आमापारा ब्रिज के नीचे शुरू होंगे वेंडिंग कियोस्क

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आमापारा ब्रिज के नीचे नवनिर्मित वेंडिंग कियोस्क के संचालन में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि स्थानांतरित किए गए कियोस्क स्थल पर पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। शिफ्टिंग के बाद 60 दुकानों में व्यक्तिगत बिजली और नल कनेक्शन जोड़ने में कुछ अतिरिक्त समय लगा, जिसे अब समन्वय स्थापित कर पूरा कर लिया गया है। संचालनकर्ता एजेंसी को तत्काल काम शुरू करने को कहा गया है। वहीं, पुराने वेंडिंग जोन के स्थान पर नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण शुरू हो चुका है, वहां से हटाई गई टेनसाईल कैनोपी को निगम प्रशासन अन्यत्र स्थापित करेगा।

संगीत विवि में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

खैरागढ़/नवप्रदेश। एशिया के पहले संगीत विश्वविद्यालय के रूप में प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एक बार फिर प्रशासनिक विवादों के केंद्र में आ गया है। विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारियों और कर्मचारी कल्याण संघ के संयुक्त आह्वान पर सैकड़ों कर्मचारी अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर मानसिक उत्पीड़न दुर्व्यवहार पक्षपात और नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ का कहना है कि उनका उद्देश्य संस्थान की छवि को नुकसान पहुँचाना नहीं है। बल्कि संविधान कानून और शैक्षणिक मूल्यों के अनुरूप विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि प्रभारी कुलसचिव डॉ। सौमित्र तिवारी, सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता कर्मचारियों के साथ लगातार मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। संघ का दावा है कि कर्मचारियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाना धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग और गाली गलौज आम हो गई है। इसके अलावा निजी स्तर पर भय का वातावरण बनाना अब सामान्य स्थिति बन चुका है। कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह का व्यवहार विश्वविद्यालय के अनुशासित सौहार्दपूर्ण और शैक्षणिक वातावरण को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। संघ ने यह भी उल्लेख किया कि कर्मचारियों पर नियम और पद विवरण के अनुरूप नहीं असंगत कार्यभार लगाया जा रहा है जो श्रम कानूनों और प्रशासनिक मर्यादाओं के खिलाफहै।

पार्षद के धरने के बाद जागा निगम

मौदहापारा मुख्य मार्ग सहित उत्तर विधानसभा में जल्द होगा डामरीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधानसभा के मौदहापारा मुख्य मार्ग पर हाण्डी वाले बाबा की दरगाह के सामने सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर जल्द ही डामरीकरण का कार्य शुरू होगा। दरअसल, शहीद हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद शेख मुशीर ने खराब सड़क को लेकर नगर निगम मुख्यालय में धरना दिया था। पार्षद के विरोध के बाद 15वें वित्त आयोग विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निगम प्रशासन के अनुसार, रायपुर उत्तर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में डामरीकरण और मरम्मत कार्य के लिए निविदा जारी कर दी गई है। वर्तमान में यह प्रकरण दर अनुमोदन के लिए मेयर इन काउंसिल के समक्ष रखा जाना है। एमआईसी से मंजूरी मिलते ही संबंधित फर्म को कार्यादेश जारी कर डामरीकरण का काम शुरू करा दिया जाएगा।

निगम की सामान्य सभा होगी हंगामेदार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी नौ फरवरी को नगर निगम में पहली बार सामान्य सभा का आयोजन होगा। इसे लेकर विपक्ष द्वारा सत्तापक्ष को घेरने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इसके पहले भाजपा पार्षदों की बैठक में बचाव की रणनीति बन चुकी है। देखना है कि विपक्ष किस हद तक जनहित के मुद्दो को सदन में उठाएगी। जानकारी के अनुसार, नगरनिगम में पिछले साल बजट के बाद एक बार भी सामान्य सभा का आयोजन नही किया गया है। जबकि हर दो माह में एक सामान्य सभा किए जाने का नियम हैं। बहरहाल नौ फरवरी को सामान्य सभा का आयोजन किए जाने की तैयारी है मिली जानकारी के अनुसार सामान्य सभा के प्रश्नकाल के लिए कुल 13 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं। इनमें 12 पार्षदों द्वारा 2-2 प्रश्न एवं एक पार्षद द्वारा एक ही प्रश्न इस तरह कुल 25 प्रश्न लगाए गए हैं। इनमें शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग से संबंधित प्रश्न लगाया गया है। इसके अलावा कांग्रेस पार्षद द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम उपयोग को लेकर प्रश्न लगाया है। चौक-चौराहों के नामकरण के अलावा निराश्रित पेंशन, सफाई ठेका जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी प्रश्न लगाए गए हैं। विपक्ष का कोई प्रभाव नही, उठ रहे सवाल नगरनिगम में जनहित के मुद्दो को लेकर विपक्ष द्वारा आम लोगों के बीच उपस्थिति अब तक नही दिखी है। इसमें चाहे सफाई ठेका हो या कर्मचारियों को वेतन का भुगतान व प्लांट में साफपानी जैसे विषय शामिल है। हालांकि, कुछ हद तक कांग्रेस संगठन ने मुद्दो को उठाया है। वही अब सामान्य सभा में देखना होगा कांग्रेस पार्षद इतने अर्से बाद होने वो सामान्य सभा में कितने गंभीर नही आते है। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस सामान्य सभा को लेकर भाजपा पार्षदों की एक बैठक आयोजित की जा चुकी है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व में 3 शिकारी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के गरियाबंद और धमतरी जिलें में स्थित उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में वन्यजीव सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यहाँ मुख्य रूप से संकटग्रस्त एशियाई जंगली भैंसों और बाघों के संरक्षण के लिए विशेष प्रजनन केंद्र, गश्ती, और सामुदायिक भागीदारी जैसे उपाय अपनाए जा रहे हैं। हाल ही में पेरेग्रीन फाल्कन जैसे दुर्लभ पक्षियों की मौजूदगी भी यहाँ के बेहतर पारिस्थितिक तंत्र का संकेत देती है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में वन्यजीव सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए वन विभाग एवं एंटी पोचिंग टीम ने अवैध शिकार में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के मद्देनज़र क्षेत्र में बढ़ाई गई विशेष निगरानी के दौरान की गई।

मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में प्रसाद योजना का विकास, भक्तों को मिलेगी सुविधा

श्रद्धालुओं के लिए 9.5 एकड़ में पर्यटक सुविधा केंद्र का किया गया निर्माण

श्रीयंत्र के आकार का पर्यटन सुविधा केंद्र लोगों को कर रहा आकर्षित

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 48 करोड़ 43 लाख की दी गई स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रसाद योजना अंतर्गत माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ का विकास परियोजना के लिए पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को 48 करोड़ 43 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना के तहत माँ बम्लेश्वरी पहाड़ी में सीढियों का जीर्णोद्धार, सीढियों में शेड, रेलिंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाशीकरण तथा पहाड़ी के नीचे तालाब का सौंदर्यीकरण,शॉप्स, पार्किंग एवं संपूर्ण क्षेत्र में साइनेज का कार्य कराया गया है। प्रज्ञागिरि परिसर में ध्यान केन्द्र, कैफेटेरिया, पार्किंग, सीढियों का जीर्णोद्धार, सोलर प्रकाशीकरण, पेयजल का कार्य कराया गया है। श्रद्धालुओं के लिए 9.5 एकड़ में एक पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है, जिसका आकार श्रीयंत्र के जैसा है। इसमें ध्यान केन्द्र, विश्राम कक्ष, प्रसाद कक्ष, सांस्कृतिक मंच, क्लॉक रूम, सत्संग कक्ष, पेयजल, शौचालय, लैंडस्केपिंग, सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग एवं प्रवेश द्वारा सहित अन्य निर्माण कार्य किए गए है। कार्य पूर्ण हो चुका है, केवल फिनिशिंग कार्य किया जाना शेष है। निगरानी समिति एवं दिशा समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा समय-समय पर योजना की समीक्षा की जा रही है। नियमानुसार श्रमिकों को भुगतान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की अनुबंधित एजेंसी टीसीआईएल द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

हाउसिंग बोर्ड ने मेफेयर समूह को थोक में बेचे गरीबों के 128 फ्लैट

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर में आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए बनाए गए आवास अब बड़े निजी समूहों के हाथों में जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने सेक्टर-16 में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित एलआइजी श्रेणी के दो पूरे आवासीय ब्लॉक एक साथ मेफेयर होटल समूह को बेच दिए गए हैं।

कुल 128 फ्लैट का यह सौदा लगभग 16 करोड़ रुपये में हुआ है, जो प्रति फ्लैट कीमत करीब 12.66 लाख तय है। यह फैसला इसलिए सवालों में है क्योंकि ईडब्ल्यूएस और एलआइजी श्रेणी के मकान मूल रूप से निर्धारित आय वर्ग के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए बनाए जाते हैं।

ऐसे आवासों पर शासन की ओर से अनुदान और रियायतें भी इसी उद्देश्य से दी जाती हैं कि कमजोर वर्ग के परिवारों को सस्ता आवास मिल सके। अब इन्हीं फ्लैट का एक साथ एक बड़े होटल समूह को विक्रय होना आवासीय नीतियों की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

पिछले साल 1,000 करोड़ से ज्यादा की बिक्री

गृह निर्माण मंडल ने वर्ष 2025 में 4,689 संपत्तियों की बिक्री कर 1,022 करोड़ रुपये की आय दर्ज की। इनमें लगभग 70 प्रतिशत आवास कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए निर्मित थे। वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 30 प्रतिशत तक की छूट देकर 1,452 संपत्तियां बेची गईं, जिनकी कुल कीमत 220 करोड़ रुपये रही।

मंडल का दावा है कि इस तरह बेचे गए फ्लैट पर किसी भी प्रकार का शासकीय अनुदान लागू नहीं होगा। हालांकि जानकारों का कहना है कि योजना का मूल उद्देश्य ही कमजोर वर्ग को आवास उपलब्ध कराना था। यदि मांग कम थी तो पात्र हितग्राहियों की पात्रता शर्तों में राहत या भुगतान की सरल व्यवस्था जैसे विकल्प तलाशे जा सकते थे, न कि आवासों को थोक में निजी संस्थाओं को सौंप दिया जाए।

नियमों में शिथिलता का हवाला

गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों का कहना है कि इन फ्लैटों के लिए तीन बार विज्ञापन जारी किया गया, लेकिन अपेक्षित संख्या में खरीदार नहीं मिले। इसके बाद शासन स्तर पर नियमों में संशोधन कर अविक्रित संपत्तियों के थोक में विक्रय की अनुमति दी गई।

सेक्टर-16 में अब भी 400 से ज्यादा फ्लैट खाली

जानकारी के अनुसार सेक्टर-16 में बड़ी संख्या में एलआइजी फ्लैट पहले ही बिक चुके हैं, लेकिन अब भी 400 से अधिक आवास खाली हैं। गृह निर्माण मंडल फरवरी से नई बुकिंग प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। इसी तरह सेक्टर-34 में भी फ्लैट्स के बल्क विक्रय की जानकारी सामने आई है, जबकि सेक्टर-27 में अविक्रित दुकानों और हाल का विक्रय किया गया है।

क्या कहता है नियम?

- ईडब्ल्यूएस और एलआइजी आवास निर्धारित आय वर्ग के लिए आरक्षित होते हैं।
- शासन का अनुदान केवल पात्र हितग्राही को ही मिलता है।
- तीन बार विज्ञापन के बाद भी आवास अविक्रित रहने पर अन्य श्रेणियों को विक्रय की छूट दी जा सकती है।
- बल्क खरीदी पर शासकीय अनुदान लागू नहीं होता।
- ईडब्ल्यूएस मकानों के हस्तांतरण पर सामान्यत: प्रतिबंध या पूर्व अनुमति की शर्त रहती है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों का हित सुरक्षित रहे।

धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डिप्टी सीएम

- **दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: विजय शर्मा**

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा पत्रकारों से चर्चा के दौरान धान खरीदी में लापरवाही करने वालों पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य पर वास्तविक किसानों से धान खरीदी करने हेतु सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा ऑनलाइन माध्यम को अपना कर अधिक से अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता सुनिश्चित करने का कार्य किया है। किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी की अवधि को भी बढ़ाने का कार्य हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है ताकि हर वो किसान जिसका धान निर्धारित समयावधि में नहीं विक्रय हो पाया था वह विक्रय कर सके। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

शासन द्वारा नियमित रूप से धान खरीदी की मॉनिटरिंग के लिए हर स्तर पर कार्य किया गया है। इसके पश्चात भी कुछ स्थानों पर धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही सामने आई है। जिस पर शासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की जा रही है, पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में संग्रहण केंद्र में धान की कमी के मामले पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन किसानों का हित सुरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इस मामले में जिस जिस अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है, उन सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही इस पर मुझे हर्ष है और इसके साथ ही जहां भी धान खरीदी , संग्रहण केंद्रों को लेकर लापरवाही सामने आई है, उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी आग्रह करूँगा। इन्होंने कहा शासन के लिए किसान हित सर्वोपरि है। लोगों के हित सुनिश्चित करने के लिए यह सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है।

भटगांव में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर ने शिकायतकर्ता को घर जाकर दी खुली धमकी!

- **एक सुपरवाइजर, कई शिकायतें, कोई कार्रवाई नहीं!**

सरसींवा/नवप्रदेश। क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की भटगांव परियोजना एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में आ गई है। धोबनी सेक्टर में पदस्थ सुपरवाइजर सुरतिया खरे पर कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता को धमकाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अवैध वसूली करने और शिकायतों को दबाने के आरोपों से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। धोबनी निवासी कांग्रेस के नवयुवक नेता रोहित ने 12 जनवरी को जिला कार्यालय में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गरम भोजन योजना के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से प्रति केंद्र 200-200 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। शिकायत के अगले ही दिन 14 जनवरी की सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच सुपरवाइजर सुरतिया खरे अपने पति के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचीं और कथित रूप से उसे डराने-धमकाने लगीं। पीड़ित के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम की सूचना उन्होंने उसी समय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दे दी थी, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस और कठोर कार्रवाई नजर नहीं आई है।

शिकायतकर्ता

सुरतिया खरे के विरुद्ध हुए है कई शिकायत -भटगांव परियोजना कार्यालय ने केवल औपचारिकता निभाते हुए सुरतिया खरे को धोबनी सेक्टर से हटाकर उसी परियोजना के सलोनीकला सेक्टर में अस्थायी रूप से भेज दिया, जिससे मामला और भड़क गया। 23 जनवरी को सलोनीकला सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने परियोजना अधिकारी भटगांव को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि वे सुरतिया खरे को अपने क्षेत्र में पदस्थ नहीं कराना चाहतीं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इससे पहले जब वे भटगांव सेक्टर में पदस्थ थीं तब भी गरम भोजन योजना के नाम पर सभी कार्यकर्ताओं से 200-200 रुपये वसूले जाने की शिकायतें हुई थीं।

विभाग के अधिकारी भी संदेह के घेरे में

इस पूरे मामले से यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि आखिर बार-बार शिकायतों के बावजूद सुपरवाइजर के खिलाफकेवल सेक्टर बदलने जैसी हल्की कार्रवाई क्यों की जा रही है? क्षेत्र में यह चर्चा है कि क्या सुरतिया खरे को परियोजना कार्यालय का संरक्षण प्राप्त है? जिसके चलते उनके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई से बचा जा रहा है। यदि आरोप सही हैं तो केवल एक सुपरवाइजर ही नहीं बल्कि परियोजना स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि गरम भोजन जैसी संवेदनशील योजना में यदि इस तरह अवैध वसूली और दबाव का खेल चल रहा है तो संभव है कि जिले के अन्य सेक्टरों में भी यही स्थिति हो। अब निगाहें जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर वास्तविक कार्रवाई करते हैं या फिर इसे भी फाइलों में दबा दिया जाएगा?

ट्रक और ट्रेलर के बीच भिड़ंत में एक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस व प्रशासन सड़क हादसे पर अंकुश लगाने लगातार प्रयास कर रही है। बावजूद इसके हादसे थमने का नाम नही ले रहा। एक बार फिर कोरबा-चांपा मुख्यमार्ग पताढ़ी के समीप प्याज लोड डाला बॉडी ट्रक व ट्रेलर के बीच भिड़ंत हो गया। हादसे में दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक का चालक केबिन के भीतर फंस गया। पुलिस भारी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला, लेकिन उसकी जान नही बचाई जा सकी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी की है। घटना मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे घटित हुई। बताया जा रहा है कि

कुर्सीपार भिलाई में रूस्तम शाह 54 वर्ष निवास करता था। वह वाहन चालक का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। रूस्तम नासिक से डाला बॉडी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीआर 8677 में प्याज लोड कर जमशेदपुर के लिए रवाना हुआ था। वह पताढ़ी के समीप पहुंचा था। इसी दौरान ट्रक कुसमुंडा से कोरबा पावर प्लांट की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीजी 4336 से जा भिड़ा। यह भिडंत इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों ही वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक के केबिन में चालक फंस गया, जबकि ट्रेलर के चालक को भी चोटें आई।

घटना घटित होते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे चालक को निकालने कवायद शुरू की, लेकिन सफलता नही मिली। आखिरकार केबिन मुख्यमार्ग में यातायात रहा बाधित को गैस कटर के माध्यम से काटकर चालक को बाहर निकाला गया, तब तक देर हो चुकी थी।

झगड़े में बीच-बचाव करने वाले युवक की हत्या

मोहला/नवप्रदेश। दो लोगों के बीच में हो रहे लड़ाई झगड़ा में बीच-बचाव करने गए एक युवक की हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गत 01 फरवरी को प्रवीण कुमार भूआर्य अपने मित्र विमल मंडावी के साथ ग्राम के सदाराम कोवाची के घर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। जब दोनों वापस लौट रहे थे, रात्रि लगभग 8-10 बजे वे विजय सलामे के घर के पास पहुंचे, जहां विजय सलामे और लोमश मंडावी के बीच आपसी विवाद एवं झगड़ा हो रहा था।दोनों मित्रों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और लोमेश मंडावी को उसके घर तक छोड़ने गए। वापसी के दौरान लोमश मंडावी अपने घर से सब्जी काटने वाला धारदार हशिया लेकर बाहर आया और आवेश में आकर प्रवीण कुमार से विवाद करते हुए उस पर हंसिया से हमला कर दिया। इस हमले में प्रवीण कुमार के पेट और हाथ में गंभीर चोट पहुंची। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहला में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

आदिवासी संस्कृति का महाकुंभ बस्तर पण्डुम: इस वर्ष 54 हजार से अधिक प्रतिभागियों के पंजीयन ने रचा नया इतिहास, 12 पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं का करेंगे प्रदर्शन

बस्तर की माटी की खुशबू और समृद्ध जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर पण्डुम छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक, सामुदायिक और प्राकृतिक उत्सव है, जो जनजातीय परंपराओं, लोक कलाओं और जीवन शैली को संरक्षित व प्रदर्शित करता है। जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत (मांदर-बांसुरी), वेशभूषा, लोक शिल्प (काष्ठ/बांस/धातु) और पारंपरिक खान-पान का प्रदर्शन किया जाएगा। यह उत्सव बस्तर की आत्म-अस्मिता का प्रतीक है, जो स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ता है। विभिन्न अंचलों से आए प्रतिभागी बस्तर की 12 पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन करेंगें।

54 हजार से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन

इस वर्ष के आयोजन ने लोकप्रियता के पुराने सभी पैमाने ध्वस्त कर दिए हैं और यह केवल एक प्रतियोगिता न रहकर अब लोक संस्कृति के एक विशाल उत्सव का रूप ले चुका है। आँकड़ों पर नजर डालें तो यह आयोजन इस बार एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2025 में जहाँ विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 15,596 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, वहीं इस वर्ष यह आँकड़ा तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 54,745 तक पहुँच गया है।

समृद्ध जनजातीय संस्कृति की अपनी अलग पहचान

बस्तर की माटी की खुशबू और यहाँ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति एक बार फिर विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार है। संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 07 से 09 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली है, जिसके लिए अंचल के निवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भारी उत्साह के बीच, अब सभी की निगाहें 07 से 09 फरवरी के बीच होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं। जिला स्तर की कड़ी प्रतिस्पर्धा से जीत कर आए 84 दल और उनके 705 चयनित कलाकार इस दौरान अपनी कला की जादू बिखरेंगे।

65 कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन छेड़ेंगे

प्रतियोगिता में कुल 12 अलग-अलग विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सर्वाधिक 192 कलाकार जनजातीय नृत्य में और 134 कलाकार जनजातीय नाटक में अपना हुनर दिखाएंगे। यह मंच केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यह बस्तर के ज्ञान, कला और स्वाद का एक अनुपम संगम होगा। जहाँ एक ओर 65 कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन छेड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर 56 प्रतिभागी लजीज जनजातीय व्यंजनों की खुशबू बिखेरेंगे। बस्तर की दुर्लभ वन औषधियों, चित्रकला, शिल्प कला, आभूषण और साहित्य का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

340 महिलाएं अपनी कौशल का करेंगी प्रदर्शन

इस आयोजन की एक और सबसे खूबसूरत तस्वीर मातृशक्ति की बढ़ती भागीदारी है। संभाग स्तर पर पहुँचने वाली 705 प्रतिभागियों में महिला और पुरुष कलाकारों की संख्या में गजब का संतुलन देखने को मिल रहा है, जिसमें 340 महिलाएं और 365 पुरुष शामिल हैं। यह भागीदारी बताती है कि बस्तर की संस्कृति को आगे ले जाने और उसे संरक्षित करने में यहाँ की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कुल मिलाकर बस्तर पण्डुम 2026 अपनी भव्यता और जन-भागीदारी के साथ एक अविस्मरणीय आयोजन की ओर अग्रसर है।

संक्षिप्त खबरें

महाराष्ट्र मंडल में नि:शुल्क कार्डियक कैंप आठ को

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल और प्रथमेश कार्डियक इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में रविवार, आठ फरवरी को एक दिवसीय निःशुल्क कार्डियक कैंप लगाया जा रहा है। इसमें मुफ्त हृदय रोग परामर्श, उच्च रक्तदाब व मधुमेह की जांच, ईसीजी जांच, लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1सी की जांच, हृदय रोग से संबंधित परामर्श और मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रथमेश हॉस्पिटल के डॉ. गौरव त्रिपाठी और डॉ. सुलभ चंद्राकर ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में रविवार को लगाए जा रहे शिविर में सीने में दर्द और घबराहट, सांस फूलना, हाई बीपी व डायबिटीज और जांच रोग का पारिवारिक इतिहास जानने के इच्छुक मरीजों को जरूर आना चाहिए। शिविर में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र मंडल में अग्रिम पंजीयन कराना आवश्यक है।

गाली-गलौज कर रहे भाजपा नेता पर कानूनी कार्यवाही की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम कुम्भ में भाजपा नेता की गुंडागर्दी की वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में जंगलराज कायम हो गया है, कानून मूकदर्शक बन गई है। राजिम कुंभ जिसमें देशभर के व्यापारी, व्यवसायी आते है वहां भाजपा नेता एवं सभापति ठेला, खोमचा वालो से आईडी पूछ रहा है, गाली गलौज कर रहा है, धमकी-चमकी, मारपीट कर रहा है। आखिर इन्हें ये अधिकार किसने दिया है क्या सरकार ने राजिम कुंभ के व्यापारियों को आईडी कार्ड जारी किया है या किसी खास वर्ग के व्यवसाय करने पर प्रतिबंध लगा दिया है जो भाजपा नेता ठेला व्यवसायी से आईडी पूछ रहे है। राजिम कुंभ की गंगा जमुनी तहजीब को तोड़ रहे है, बाबा घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान की विचारधारा को तोड़ रहे है। भाजपा नेता की गुंडागर्दी करने पर अभी तक कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की गई उन्हें क्या गृहमंत्री विजय शर्मा संरक्षण दे कर रखे है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अभी राजिम के देवकैया गांव में दो वर्गों के बीच भारी विवाद के बाद तनाव निर्मित हुआ है जो पूरी तरह से शांत नहीं हुआ है जिस पर कार्यवाही चल रही है।

संवाद से समाधान: होटल-ढाबा-लॉज और बार संचालकों की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा संवाद से समाधान अभियान के अंतर्गत होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक सिविल लाइन रायपुर स्थित सी/04 भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) मयंक गुर्जर ने की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम एवं सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा उपस्थित रहीं। नार्थ जोन अंतर्गत थाना खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी एवं खम्हारडीह क्षेत्र के समस्त होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालक बैठक में शामिल हुए। पुलिस उपायुक्त मयंक गुर्जर ने प्रतिष्ठानों के संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं लाइसेंस शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा के पालन, अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रोक, तथा प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बिजली ने बदली प्रदेश के विकास की दिशा और दशा: पुरंदर मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने रजत महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के विकास का आधार है विद्युत ऊर्जा । उन्होंने कहा कि राज्य के विकास की दशा और दिशा बदलने में विद्युत ऊर्जा ने बड़ी भूमिका निभाई है। विद्युत आज प्रदेश की पहचान से जुड़ा विषय है। कार्यक्रम के अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि प्रदेश का हर कोना और हर घर रोशन है तो इसमें सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की बड़ी भूमिका है। गुढ़ियारी स्थित विद्युत मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पॉवर कंपनी के विभिन्न योजनाओं के सजग विदयुत उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया । इस दौरान विधायक धरसींवा अनुज शर्मा , बिरगाँव महापौर नंदलाल देवांगन , पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला, निदेशक (सीआरए) आर ए पाठक प्रमुख रूप से मौजूद थे।

विष्णुदेव साय कैबिनेट ने वर्ष 2025-30 की नई स्टार्टअप नीति को दी मंजूरी

छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप को मिलेगा सपोर्ट

■ **सीड फंड से लेकर 100 करोड़ का कैपिटल फंड**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को नवाचार और स्टार्टअप के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दी गई। इस नीति के लागू होने से राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी और युवाओं को उद्यमिता से जुड़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे।

सरकार का कहना है कि अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विज़न ञ्च2047 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राज्य में नवाचार आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना आवश्यक है। अब तक औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत स्टार्टअप पैकेज की व्यवस्था थी, लेकिन पृथक स्टार्टअप नीति नहीं होने से इन्क्यूबेशन, निवेश और नवाचार को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही थी। इसके साथ ही भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में भी पृथक नीति का अभाव राज्य के लिए चुनौती बना हुआ था। नई नीति के माध्यम से इस कमी को दूर किया जाएगा।

नई स्टार्टअप नीति के तहत केवल राज्य शासन से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप इकाइयों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन दिए जाएंगे। शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को मजबूत करने के लिए प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट वाले स्टार्टअप्स को मिनिमम वायबल प्रोडक्ट विकसित करने हेतु 10 लाख रुपये तक का सीड फंड दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में निवेश की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 100 करोड़ रुपये का छत्तीसगढ़ स्टार्टअप (कैपिटल) फंड बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से स्श्वक्चढ्ढ-पंजीकृत ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स के जरिए स्टार्टअप्स में निवेश किया जाएगा।

स्टार्टअप्स को बैंकिंग सहायता से जोड़ने के लिए ?50 करोड़ का क्रेडिट रिस्क फंड भी बनाया जाएगा, जिसके तहत स्टार्टअप इकाइयों को बैंकों से एक करोड़ रुपये तक के संपार्श्विक-मुक्त ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को अधिकतम 50 रुपये लाख तक के सावधि ऋण या कार्यशील पूंजी पर पांच वर्षों तक 75 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ दिया जाएगा। स्टार्टअप्स के विस्तार और बाजार तक पहुंच को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप केंद्रित आयोजनों में भाग लेने पर यात्रा, पंजीकरण और बूथ शुल्क सहित कुल खर्च का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन के लिए किए गए खर्च की भी प्रतिपूर्ति की जाएगी। सफलतापूर्वक निवेश जुटाने वाले स्टार्टअप्स को फंडरेजिंग पर भी अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा। नई नीति में स्टार्टअप्स को सरकारी खरीद में छूट, भूमि और भवन से जुड़े दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में छूट तथा इन्क्यूबेशन सेंटर या किराये के भवन में संचालित इकाइयों को तीन वर्षों तक किराया अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही स्थायी पूंजी निवेश, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, पेटेंट, परियोजना प्रतिवेदन और सरकारी अनुसंधान संस्थानों से तकनीक क्रय पर भी अनुदान दिया जाएगा।

रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। दस से अधिक स्थायी रोजगार देने वाले स्टार्टअप्स को महिला कर्मचारियों के लिए 6,000 रुपये प्रति माह और पुरुष कर्मचारियों के लिए 5,000 रुपये प्रति माह तक की सहायता दी जाएगी। वहीं दिव्यांगजनों, सेवानिवृत्त अग्निवीरों और नक्सल प्रभावित अथवा पीड़ित व्यक्तियों को रोजगार देने वाले स्टार्टअप्स को उनके वेतन का 40 प्रतिशत तक अनुदान पांच वर्षों तक मिलेगा। राज्य सरकार का मानना है कि छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 के लागू होने से राज्य में निवेश बढ़ेगा, नए स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। यह नीति छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद में संशोधित गाइडलाइन दरें 4 फरवरी से लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 20 नवंबर 2025 से लागू की गई नवीन गाइडलाइन दरों के अंतर्गत आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा पूर्व में जिला मूल्यांकन समितियों को यह निर्देश जारी किए गए थे कि यदि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप गाइडलाइन दरों में संशोधन की आवश्यकता हो, तो उसके प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं। शासन के इन निर्देशों के अनुपालन में धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधन संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों पर विचार करने के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त गाइडलाइन दरों का गहन परीक्षण किया गया। बैठक में समग्र रूप से विचार-विमर्श के बाद धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा भेजे गए गाइडलाइन दर संशोधन प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

शराब के प्लेन पौव्वा में निकला कीड़ा

डोंगरगढ़ ब्लॉक के कटली शराब दुकान से खरीदा बताया जा रहा पौवा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में शराब के प्लेन पौवे के भीतर कीड़ा निकला है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम कटली के शासकीय कंपोजिट शराब दुकान से खरीदे गए देशी शराब के पौवे में कीड़ा तैरता हुआ पाए जाने का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि, सीलबंद पौवे के भीतर कीड़ा मौजूद है, जो सीधे-सीधे शराब की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

ना देख पाता तो क्या होता?

गनीमत यह रही कि जिस व्यक्ति ने यह शराब खरीदी थी, उसने सेवन करने से पहले पौवे को ध्यान से देखा और कीड़े को देखकर तुरंत उसका वीडियो बना लिया। यदि यह शराब पी ली जाती, तो इससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता था। पहले ही शराब को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, और उसमें कीड़े मिलना आम नागरिकों को ज़हर परोसने जैसा है।

नियमों की खुली अवहेलना: आबकारी अधिनियम एवं विभागीय नियमों के अनुसार- शराब की प्रत्येक बोतल की गुणवत्ता जांच अनिवार्य है। भंडारण स्थल स्वच्छ, नियंत्रित तापमान और सुरक्षित होना चाहिए। किसी भी प्रकार की मिलावट या दूषित सामग्री पाए जाने पर तत्काल दुकान सील कर सैंपल जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन डोंगरगढ़ में ये सभी नियम केवल कागज़ों तक सीमित नजर आ रहे हैं। ज़मीनी हकीकत यह है कि आबकारी विभाग की सुस्ती और लापरवाही के चलते आम जनता की जान जोखिम में डाली जा रही है।

आबकारी विभाग का गैर-जिम्मेदार जवाब: वहीं जब मीडिया ने इस पूरे मामले पर डोंगरगढ़ आबकारी उपनिरीक्षक अनिल सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने बिना जांच किए ही वीडियो को नकारते हुए कहा कि, वीडियो में दिख रहा बैकग्राउंड उनकी किसी भी शराब दुकान का नहीं है। अधिकारी शराब के बोतल को देख जाँच करने की जगह बैकग्राउंड से ही तय कर रहे हैं कि, हमारी दुकान की शराब नहीं है।

लड़की को घर से भगा ले गया शादीशुदा युवक, कोरबा ले जाकर रेत दिया गला

अपने भी गले पर चलाया चाकू, युवक की मौत, लड़की की हालत गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला खूनी अंजाम तक पहुँच गया। घर से भागकर बाइक से बिलासपुर से कोरबा पहुँचे एक युवक-युवती के बीच ऐसा क्या हुआ कि, युवक ने पहले युवती के गले पर चाकू से वार किया और फिर खुद पर हमला कर लिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती की हालत नाजुक बनी हुई है।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सन्डैल नाला के नीचे मंगलवार सुबह युवक और युवती खून से लथपथ हालत में पड़े मिले। बताया जा रहा है कि, युवक ने युवती के गले को चाकू से रेत दिया और उसे मरा हुआ समझकर अपने ही गले पर वार कर लिया। गंभीर रूप से घायल युवती ने जैसे-तसे 112 पर कॉल करने के साथ-साथ अपने परिजनों को वीडियो कॉल कर लोकेशन भेजी।

लोकेशन के आधार पर 112 की टीम मौके पर पहुँची और दोनों को जिला मेडिकल अस्पताल कोरबा लाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर रेफर किया गया है। घायल युवती की पहचान निशा उर्फ प्रतीक्षा (22 वर्ष), पिता शिव कुमार, निवासी कश्यप कॉलोनी, बिलासपुर के रूप में हुई है। वहीं मृतक युवक शुभम नायडू (28 वर्ष), निवासी बिलासपुर बताया जा रहा है, जो शादीशुदा था। गौरतलब है कि, युवक और युवती कल रात से लापता थे। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे और जांच शुरू कर दी गई है।

कैंसर का कीमो से भी सटीक इलाज, कार्टिसेल थैरेपी बीमारी के उपचार में एक क्रांतिकारी इम्यूनोथेरेपी

रायपुर/नवप्रदेश। दुनियाभर के मेडिकल साइंस के विशेषज्ञ दुर्लभ कही जाने वाली कैंसर बीमारी को हराने के बेहद करीब हैं। इसके लिए मेडिकल साइंस के विशेषज्ञ हर दूसरे दिन कैंसर रोग को और अधिक कारगर तरीके से डायग्नोस करने के लिए सुपर पर्सनालाइज ट्रीटमेंट पर नवाचार कर रहे हैं। यही वजह है कि कुछ साल पहले तक विदेशों तक सीमित कैंसर के अत्याधुनिक इलाज की तकनीक अब मरीजों को उनके नजदीकी शहर व राज्यों के अस्पतालों तक पहुंच पाई है। वहीं इन नए तकनीकों और दवाईयों के नवाचार से भविष्य में कैंसर की बीमारी को रेयर डिजीज की केटेगरी से कॉमन डिजीज के रूप में उपचार को संभव बनाने मदद मिलेगी।

इन एडवांस तकनीकों ने सरल बनाई इलाज प्रक्रिया

कीमोथेरेपी तकनीक, नैनोपॉर्टिकल तकनीक, एल्ब्यूमिन बाउंड पैक्लिटैक्सेल तकनीक, लिनियर एसेलरेटर तकनीक जैसे नए अत्याधुनिक उपकरणों व मेडिसिन तकनीकों के अविष्कार ने कैंसर के इलाज को प्रभावी बनाया है।

मेकाहारा अस्पताल के कैंसर डिपार्टमेंट के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि, मेडिकल साइंस विशेषज्ञों का प्रयास लगातार जारी है। इन नवाचारों में कार्टिसेल थैरेपी कैंसर के उपचार में एक क्रांतिकारी इम्यूनोथेरेपी है, जिसमें रोगी की अपनी टी-कोशिकाओं यानी प्रतिरक्षा कोशिकाओं को प्रयोगशाला में आनुवंशिक रूप से संशोधित किया जाता है। ये सुपर कोशिकाएं कैंसर को पहचानकर नष्ट कर देती हैं, जिससे यह पारंपरिक कीमोथैरेपी की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी उपचार बन जाता है। इसमें मरीज के रक्त से टी-कोशिकाओं को अलग किया जाता है। साथ ही लैब में इन कोशिकाओं को काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर नामक प्रोटीन विकसित करने के लिए जेनेटिक रूप से बदला जाता है। संशोधित कोशिकाओं की संख्या को प्रयोगशाला में लाखों-करोड़ों तक बढ़ाया जाता है। इन तैयार कार्टिसेल कोशिकाओं को वापस मरीज के शरीर में डाल दिया जाता है।

इस प्रकार के कैंसर से सबसे अधिक प्रभावित

इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के अनुसार, कैंसर से पीड़ित भारतीयों की संख्या 2025 में 2.98 करोड़ होने का अनुमान है। आईसीएमआर की भारत में कैंसर का बोझ पर एक रिपोर्ट के अनुसार, सात कैंसर कुल बीमारी के बोझ के 40 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें फेफड़े का कैंसर 10.6 प्रतिशत, स्तन कैंसर 10.5 प्रतिशत, ग्रासनली का कैंसर 5.8 प्रतिशत, मुंह का कैंसर 5.7 प्रतिशत, पेट का कैंसर 5.2 प्रतिशत, लीवर कैंसर 4.6 प्रतिशत और गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर 4.3 प्रतिशत शामिल है।

कैंसर के नए केसेस में बढ़ोतरी लगातार जारी: कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया, तकनीकों के अविष्कार के साथ-साथ कैंसर के नए मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी लगातार जारी है। इसकी मुख्य वजह असंतुलित जीवनशैली व खानपान है।

हर जिला अस्पताल में कैंसर की स्क्रीनिंग: प्रत्येक जिला अस्पताल में एनसीडी यानी नॉन कम्युनिकेबल डिजीज स्क्रीनिंग क्लीनिक में कैंसर की पहचान की जा रही है।

न्यूज गैलरी

संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने धान संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार धान संग्रहण केंद्र अर्जुंडा में क्लर्क सोमनाथ जायसवाल 3 फरवरी को लगभग 7:30 बजे ईंट भट्ठा केंदूढार की ओर से बाइक से सूरज उर्फ सरोज बारीक व अरविंद प्रधान के साथ वापस पतेरापाली आ रहा था। ग्राम बालसी में रोहित रात्रे के घर के पास आग तापने के लिए रूका। मौके पर ग्राम बालसी का भरत रात्रे भी उपस्थित था, जो विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी के अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जितेश दास मानिकपुरी (15) अपने दोस्त रणवीर एवं गुलशन के साथ ईवास स्कूल के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास बातचीत कर रहा था। लगभग 10:30 बजे डोंगरीपारा -झिलमिला का शिवा डंडा आया और तीनों को देखकर बिना वजह गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जितेश दास को डंडे से पीटा । मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

कुंभकर्णी निद्रा में हैं पालिका के जिम्मेदार : राठी

महासमुंद/नवप्रदेश। महामाया मंदिर मार्ग के 10 फीट गहरी नाली में टूटे स्लैब के कारण एक महिला के गिर कर घायल होने के बाद पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद माखन पटेल, वार्ड -15 पार्षद प्रतिनिधि संजय कहार ने घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। राठी ने बताया कि घटनास्थल में हमेशा लोगों का आवागमन बना रहता है। महामाया तालाब के किनारे सड़क से लगा 10 फीट गहरा नाला है, इसके जगह-जगह ढके हुए स्लैब टूटे हुए हैं, जिससे पहले भी हादसा हो चुका है। महिला के नाली में गिरने की घटना दुर्भाग्यजनक है। छठ पूजा के समय अधिकारी-कर्मचारियों के ध्यान में लाया गया था और शीघ्र मरम्मत स्लैब का निर्माण करने कहा गया था, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में हैं, जिससे यह घटना घटित हुई। शहर में ऐसे और बहुत से जगह हैं जहां बड़ी नालियों के स्लैब टूटे हुए हैं, जिनकी मरम्मत की आवश्यकता है। एकता चौक - नयापारा मार्ग में 5 फीट चौड़ा गड्ढा किया हुआ है जिसकी रिपेयरिंग नहीं कराई गई है। पीआईसी की बैठक में भी चर्चा की जा चुकी है। घटनास्थल से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे को दूरभाष पर शीघ्र स्लैब निर्माण कर नाली के टूटे जगह को ढंकने के लिए कहा गया। इसी तरह गार्डन के झूले भी टूटे पड़े हैं, जिसकी मरम्मत करना अत्यंत आवश्यक है।

निधन: डेरहादास मानिकपुरी

महासमुंद। ग्राम पंचायत खैरझिटी के कोटवार डेरहादास मानिकपुरी का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे गृह ग्राम स्थानीय मुक्तिधाम खैरझिटी में किया गया। वें दीपकदास, तोषणदास मानिकपुरी के पिता थे।

स्कूटी में ओडिशा से भिलाई तक गांजा की तस्करी, महिला समेत दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से स्कूटी पर गांजा तस्करी कर रहे एक महिला सहित एक पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आयोपियों से 24 किलो गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20बी (2) (सी), 29 का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीएल 2661 में ओड़ीसा की ओर से गांजा लेकर जा रहे हैं, सूचना पर घेराबंदी की गई । कुछ देर बाद उक्त वाहन को रोका गया जिसमें एक महिला व पुरूष सवार थे। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-पता राजीव नगर वार्ड-19 सुपेला भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ निवासी राजेश चौहान (31) और वार्ड-08 सुपेला भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ निवासी राजकुमारी बंजारे (35) बताया । पुलिस ने वाहन में रखे दो कार्टून की तलाशी ली, जिससे 24 किलो गांजा (कीमती 12 लाख रुपए) गांजा बरामद हुआ।

तीन प्रकार के किसान समिति में बेच पाएंगे धान

■ **कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए निर्देश**

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। 5 और 6 फरवरी को किसानों के धान खरीदे जाएंगे। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ऐसे किसान, जिनके द्वारा टोकन हेतु आवेदन किया गया, किंतु धान का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिन्होंने टोकन हेतु आवेदन किया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है, तथा जिनका टोकन नहीं कटा। ऐसे किसान जिन्हें 28, 29 ,30 जनवरी 2026 के लिए टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे। कलेक्टर विनय लंगेह ने आज सुबह खाद्य विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इन तीनों प्रकार के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके अलावा सभी नोडल अधिकारियों, उड़न दस्ता दलों को 5 फरवरी और 6 फरवरी को फील्ड में रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशानुरूप इन तीनों प्रकार के किसानों का धान खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा।

संस्कृति मंत्री ने किया राजिम कुंभ कल्प का निरीक्षण, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का चखा स्वाद

■ **व्यवस्थाओं को लेकर अफसरों को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश**

राजिम/नवप्रदेश। प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प मेला का औचक निरीक्षण किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने पैदल भ्रमण करते हुए मेला परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ राजिम विधायक रोहित साहू, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, संस्कृति विभाग के उप संचालक प्रताप चंद पारख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री एवं विधायक ने मेला स्थल के प्रत्येक हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया और कहा कि जहां-जहां कमियां हैं, उन्हें शीघ्र दूर कर आयोजन को भव्य और बेहतर बनाया जाए।

मंत्री श्री अग्रवाल संभागीय सरस मेला के निरीक्षण हेतु भी पहुंचे, जहां आजीविका मिशन बिहान की दीदियां छत्तीसगढ़ी व्यंजन एरसा, बड़ा, फरा, धुसका बड़ा सहित अन्य पारंपरिक पकवान बना रही थीं। इस दौरान दीदियों के आग्रह पर मंत्री स्वयं को रोक नहीं पाए और गरमागरम व्यंजनों का स्वाद लिया। उनके साथ मौजूद सभी लोगों ने भी छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद लिया।

इसके पश्चात मंत्री श्री अग्रवाल मीडिया सेंटर पहुंचे और वहां की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्य मंच एवं कलाकारों के लिए बनाए गए ग्रीन रूम की सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। यहां से मंत्री श्री अग्रवाल कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के समीप संतों के लिए निर्मित कुटियों में भी पहुंचे। यहां उन्होंने संतों हेतु बनाए गए कुटिया, डोम एवं पंडाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद श्री चक्र महामेरु पीठम् दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज के पंडाल में मंत्री राजेश अग्रवाल एवं विधायक रोहित साहू ने संत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संतों द्वारा मंत्री एवं विधायक का श्रीफल एवं वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री राजेश अग्रवाल ने राजिम कुंभ की भव्यता बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पति ने छोटे भाई संग मिलकर पत्नी के प्रेमी को उतारा मौत के घाट, खुद को किया सरेंडर

- कोसरंगी में अवैध संबंध के चलते हिंसक वारदात

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोसरंगी में अवैध संबंध के चलते एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पत्नी के प्रेमी को उसके पति ने छोटे भाई के साथ मिलकर डंडे और ईंट से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने हत्या के आरोप में दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, कोसरंगी वार्ड नंबर 5 निवासी आरोपी नकूल साहू (33) की पत्नी और मृतक वाकेश साहू (27) के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक वाकेश, जो कोसरंगी गांव के ही भाटापारा का रहने वाला था, अक्सर रात में छिपकर नकूल की पत्नी से मिलने आता था।

मंगलवार, 3 फरवरी की रात को भी वाकेश साहू घर से खाना खाकर टहलने का बहाना बनाकर निकला था और देर रात नकूल की पत्नी से मिलने उसके घर पहुंच गया। इसकी भनक नकूल को लग गई और उसने वाकेश को अपनी पत्नी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी नकूल और मृतक के बीच जमकर विवाद हुआ। इसी दौरान नकूल का छोटा भाई निर्मल साहू (19) भी वहां पहुंच गया। दोनों भाइयों ने गुस्से में आकर वाकेश के सिर पर डंडे और ईंट से कई वार किए। सिर पर गंभीर चोट लगने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण वाकेश ने वहीं दम तोड़ दिया। अगली सुबह नकूल के घर के सामने वाकेश का शव पड़ा मिला। शव के आसपास खून के छींटे लगे ईंटों के टुकड़े भी मिले। मृतक के परिजनों ने तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और सबूत जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इस हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी नकूल साहू ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

सिरपुर महोत्सवः प्राचीन गंधेश्वर महादेव मंदिर की उपेक्षा से धार्मिक आस्था को आहत करने का आरोप

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण चन्द्राकर ने माघी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सिरपुर महोत्सव के दौरान धार्मिक आस्था का केन्द्र गंधेश्वर महादेव मंदिर की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को उन्होने पत्रकार वार्ता में कहा कि माघी पूर्णिमा जैसे अत्यंत पावन और धार्मिक महत्व के पर्व पर सिरपुर में हजारों श्रद्धालु गंधेसश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन हेतु पहुंचते हैं। सिरपुर केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि जीवंत धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जहां सदियों से चली आ रही आस्थाएं और परंपराएं आज भी जनमानस से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिरपुर महोत्सव के आयोजन के दौरान मंदिर की धार्मिक गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था और स्थानीय धार्मिक भावनाओं की अनदेखी की गई। साथ ही उन्होंने प्रशासन से जानना चाहा है कि स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा सुझाए गए शराब दुकानें बंद रखने, लक्ष्मण मंदिर में तीन दिन के लिए निःशुल्क आवाजाही सहित कई सुझावों को दरकिनार क्यों किया गया। उन्होंने कहा है कि उक्त महोत्सव के लिए आवंटित एवं प्राप्त राशि भी सार्वजनिक की जाए। उन्होनें बजट से अधिक खर्च होने की बात कहते हुए कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

अंतर्राज्यीय यात्री बस से 35.783 किलो गांजा जब्त

■ **दो महिला तस्कर गिरफ्तार**

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशन में जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर सतत निगरानी और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बोराई क्षेत्र अंतर्गत चेक पोस्ट बोराई पर नियमित वाहन जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

जिसमे 04 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग 12:30 बजे कोरापुट (उड़ीसा) से रायपुर (छत्तीसगढ़) जा रही यात्री बस नरेश (क्रमांक सीजी-07-ई-4433) को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान बस की लोअर बर्थ क्रमांक 23 एवं 24 पर बैठी दो महिलाएं संदिग्ध प्रतीत हुईं, जिनके पास तीन ट्रॉली बैग थे। जिसमे गवाहों की उपस्थिति में की गई तलाशी में तीन सूटकेस से कुल 08 पैकेटों में रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का कुल वजन 35 किलो 783 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 17,89,150 रु आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ को विधिवत जब्त कर लिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना बोराई में धारा 20(बी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जिसमे आरोपियों का विवरण रेखा रानी, पति अजय कश्यप, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 24, बाजीगर बस्ती, फरीदकोट। कोमल चौधरी, पति चैतराम चौधरी, उम्र 29 वर्ष, निवासी दतिया, पोस्ट खामनी, जिला नवरंगपुर (स्थायी पता मथुरा, उत्तर प्रदेश)। धमतरी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। जिसमे टीआई नरेन्द्र सिंह, डोमेन्द वटी, पारस निषाद, समस्त स्टाफ के द्वारा कार्यवाही किया गया।

शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक : द्वारिकाधीश

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम हिच्छा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है, लेकिन खेल के साथ ही पढ़ाई भी बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना। इसलिए प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कबड्डी छत्तीसगढ़ का पारंपरिक खेल है , जो चुस्ती फुर्ती के साथ-साथ एकता की भावना का खेल है। कबड्डी के रेडर खिलाड़ी के द्वारा कबड्डी.. कबड्डी बोलने से खेल में जोश आ जाता है, जिसमें खिलाड़ी अपने खेल दिखाते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए अपना सर्वस्व निछावर करते हैं। आने वाले समय में अनेक खिलाड़ी कबड्डी में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमरू राम, प्रह्लाद साहू, शेरसिंग यादव, कुंती तुलसी, संतोष चंद्राकर, संजीव चंद्राकर, अरविंद महानंद, भूपेंद्र साहू, चन्द्रशेखर यादव, सन्नी साहू, शिवम साहू, खेमराज साहू, धरम, संतोष साहू, मेहत्तर, सोमनाथ, संजय चंद्राकर, हरख राम, डिगू यादव, पावेश साहू, कुणाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

कुरूद विकासखंड में स्वास्थ्य और शिक्षा में हुआ विस्तार

कुरूद/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी द्वारा नर्सिंग कॉलेज भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड कुरूद में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार हेतु नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम माननीय अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 05 फरवरी 2026, दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे शासकीय विधि महाविद्यालय के सामने में किया जाना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी द्वारा आमंत्रण पत्र के साथ अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों से इस अवसर अपनी गरिमामयी उपस्थिति में हमें अनुग्रहित करने का आग्रह किया गया है। नवीन नर्सिंग कॉलेज के भूमिपूजन के मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर विधायक, विधानसभा कुरूद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक महस्के अध्यक्ष छ.ग. मेडि. सर्विसेस कॉर्पोरेशन लि.) राज्य मंत्री दर्जा और विशिष्ट अतिथिगण निरंजन सिन्हा अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर छत्तीसगढ़,गौकरन साहू जिपं उपाध्यक्ष धमतरी, ज्योति भानु चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद,गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद होंगी।

करैहा पंचायत के हाई स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- सरपंच ने की कलेक्टर से नए शौचालय व बाउंड्री वाल निर्माण की मांग

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करैहा के शासकीय हाई स्कूल में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर सरपंच एवं ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में दो अलग-अलग मांग पत्र प्रस्तुत कर स्कूल की आधारभूत सुविधाओं के शीघ्र सुधार की मांग की है।

जर्जर शौचालय से छात्र-छात्राएं परेशान

पंचायत द्वारा सौंपे गए पहले आवेदन में बताया गया है कि स्कूल परिसर में स्थित बालक एवं बालिका शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और वर्तमान में उपयोग के लायक नहीं हैं। इसके कारण विद्यार्थियों को प्रतिदिन भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत ने स्कूल में नवीन एवं सुरक्षित शौचालय निर्माण के लिए तत्काल राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल (अहाता) निर्माण जरूरी

दूसरे आवेदन में स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई है। पंचायत ने बताया कि बाउंड्री वाल नहीं होने के कारण स्कूल के संसाधन, शौचालय भवन एवं परिसर में लगाए गए पौधे असुरक्षित हैं और अक्सर नुकसान की आशंका बनी रहती है। स्कूल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 800 मीटर लंबाई की बाउंड्री वाल (अहाता) निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है।

जनदर्शन में लगाई गुहार

यह मांग पत्र 19 जनवरी को जिला कलेक्टर के जनदर्शन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

सिरपुर महोत्सव | सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में अंतिम दिन दिखा बॉलीबुड की झलक

बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मीत ब्रदर्स के गीतों पर झूम उठा पूरा सिरपुर

महासमुंद/नवप्रदेश। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का यादगार समापन म्यूजिक डायरेक्टर एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मीत ब्रदर्स, मुंबई की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ।

अंतिम दिन की रात मीत ब्रदर्स मनमीत सिंह-हरमीत सिंह एवं खुशबू ग्रेवाल ने अपने सुपरहिट और भावनात्मक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बेबी डॉल, चिट्टियां कलाइयां, मैं तेरा बॉयफ्रेंड, आ तो सही, जैसे लोकप्रिय गीतों पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने अपने आपको रोक नही पाया और झूम उठे। उनकी मधुर आवाज और ऊर्जावान प्रस्तुति ने समापन समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। मीत ब्रदर्स की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने संगीत की इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लिया।

इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन हुआ। कुमारी आसना द्वारा भावपूर्ण कत्थक, आंचल पाण्डेय की मनमोहक ओडिसी प्रस्तुति, बिहान लोक कला मंच द्वारा ऊर्जावान पंथी नृत्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पारंपरिक बस्तरिहा नृत्य, नानगांव बोहधन एवं साध्वी सेवा मगरपाली द्वारा प्रस्तुत डंडा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोक कला मंच कन्हारपुरी की सोलह सिंगार प्रस्तुति, किशोर हम्पीहोली का प्रभावशाली प्रदर्शन, स्वर संगम सांस्कृतिक मंच नागपुर द्वारा प्रस्तुत आम्रपाली नृत्य नाटक तथा सावित्री कहार लोक कला मंच रायपुर की लोक साधना प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। लोक साधना एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का सफल और भव्य समापन हुआ।

एसएमएस-3 ने रचा नया कीर्तिमान: बीएसपी में रिकॉर्ड मासिक क्रूड स्टील उत्पादन

■ बीआरएम और मर्चेंट मिल ने भी जनवरी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी ने अपने इस्पात निर्माण के सफर में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए जनवरी माह में उत्पादन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। संयंत्र की प्रमुख इकाइयों स्टील मेल्टिंग शॉप 3, बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) और मर्चेंट मिल ने जनवरी 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए बीएसपी की सामूहिक क्षमता और तकनीकी दक्षता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। एसएमएस 3 ने सेल के किसी भी स्टील मेल्टिंग शॉप द्वारा अब तक का सर्वाधिक मासिक क्रूड स्टील उत्पादन दर्ज कर इतिहास रच दिया। बीआरएम ने जनवरी माह का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया और मर्चेंट मिल ने उत्पादन, उत्पादकता व गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। इन उपलब्धियों के उपलक्ष्य में 3 फरवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशकगण एके चक्रवर्ती, प्रवीन निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, कमल भास्कर और तुषार कांत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंधित विभागों के शॉप फ्लोर का भ्रमण किया और इस असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कर्मचारियों के बीच मिठाई वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। महापात्र ने टीमों की प्रतिबद्धता, समन्वित प्रयास व तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की निरंतर उपलब्धियां संयंत्र की सशक्त सहयोगात्मक कार्य संस्कृति को दर्शाती हैं। जनवरी 2026 में एसएमएस 3 ने 3,48,197 टन कच्चे इस्पात का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो मई 2025 में स्थापित 3,39,275 टन के पूर्व सर्वश्रेष्ठ आंकड़े से अधिक है। यह उत्पादन डीपीआर क्षमता के 110 प्रतिशत पर दर्ज किया गया, जो सेल के किसी भी स्टील मेल्टिंग शॉप द्वारा अब तक का सर्वाधिक मासिक कच्चा इस्पात उत्पादन है।

जनवरी माह में हीट प्रोसेसिंग में भी नए रिकॉर्ड बने। कन्वर्टर ए में 695 हीट्स बनीं, जो पूर्व के 673 हीट्स के रिकॉर्ड से अधिक है, जबकि कन्वर्टर बी में 689 हीट्स दर्ज की गईं, जो पूर्व के 669 हीट्स से अधिक है। लैडल फर्नेस 3 में 771 हीट्स बनाई गईं, जो पहले के 751 हीट्स के रिकॉर्ड से बेहतर है। कास्टिंग के मोर्चे पर भी एसएमएस 3 ने ऐतिहासिक सीक्वेंस लेंथ हासिल की।

कास्टर सीके 1 ने 17 जनवरी को 147 हीट्स, कास्टर सीके 2 ने 24 जनवरी को 238 हीट्स और कास्टर सीवी 1 ने 20 जनवरी को 214 हीट्स दर्ज कर अपने-अपने पूर्व रिकॉर्ड को पार किया। बीएसपी की प्रमुख रोलिंग यूनिट बीआरएम ने जनवरी में 95,560 टन उत्पादन कर अपना अब तक का 'सर्वश्रेष्ठ जनवरी उत्पादन' रिकॉर्ड स्थापित किया।

कश्मीर और केरल फाइल पर शोर मचाने वाली भाजपा एपस्टीन से जुड़े मुद्दे पर मौन : भूपेश

भिलाई/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमेरिका के एपस्टीन फाइल मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने भिलाई में कहा कि अमेरिका के न्याय विभाग के एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक होने के बाद पूरी दुनिया में हलचल मची है, लेकिन भारत में प्रधानमंत्री सहित भाजपा नेतृत्व इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन है।

भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री के नाम की चर्चा हो रही है। इसके बावजूद भाजपा कोई स्पष्टीकरण देने से बच रही है। भाजपा ने पहले कश्मीर फाइल और केरल फाइल जैसे मुद्दों पर जमकर राजनीति की। फिल्में बनीं और प्रचार किया गया। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर का गंभीर मामला सामने आया है तो तो चुप्पी साध ली गई है। भूपेश ने कहा कि कश्मीर फाइल पर फिल्म बनी और समाज को बांटने का काम किया गया। केरल फाइल के मामले में भी यही हुआ। अब एपस्टीन फाइल आई है। अमेरिका के न्याय विभाग ने एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज़ खोले हैं। इसमें प्रधानमंत्री के नाम की चर्चा हो रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी, उसका नेतृत्व और प्रधानमंत्री सभी चुप हैं। कश्मीर फाइल और केरल फाइल पर बहुत बोलने वाले लोग एपस्टीन फाइल पर क्यों नहीं बोल रहे?

भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को इस विषय पर देश को स्पष्ट जवाब देना चाहिए और स्थिति साफ करनी चाहिए। लोकतंत्र में सवाल पूछना और उनका जवाब देना दोनों जरूरी हैं। यदि भाजपा पारदर्शिता और जवाबदेही की बात करती है, तो उसे इस मामले में भी खुलकर अपना पक्ष रखना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

सफाई कर्मी ने ओवरब्रिज से कूद कर किया आत्महत्या का प्रयास

दुर्ग। भिलाई नगर निगम का एक कर्मचारी मंगलवार की शाम आत्महत्या करने धमधा नाका ओवरब्रिज से नीचे कूद गया। निगम का सफाई कर्मचारी भानुप्रताप देशमुख (30 साल) कुछ देर तक ओवरब्रिज में भटकते रहा। इसके बाद अचानक नीचे कूद गया। करीब 20 फीट की ऊंचाई से रेल पटरी पर गिरने के कारण उसका पैर टूट गया है। आत्महत्या करने की वजह पूछने पर भानुप्रताप रोने लगा। उसने बताया कि वो जेवर सिरसा वार्ड नंबर 13 का निवासी है। भिलाई नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। घायल भानुप्रताप को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

पॉवर कंपनी का समारोह आज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा 5 फरवरी को राधाकृष्ण सभागार, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) परिसर में क्षेत्रीय स्तर पर दोपहर 12 बजे भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार होंगे।

बीएसपी क्रिकेट टीम चयन स्पर्धा

भिलाई। बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 10 से 14 फरवरी तक बोकारो में एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीएसपी की वरिष्ठ क्रिकेट टीम के गठन हेतु क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए बीएसपी के नियमित कार्मिक खिलाड़ी और भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी पात्र होंगे। इच्छुक प्रतिभागी 5 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे तक चयन स्थल पर उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

सड़कों की मरम्मत करने विधायक ने किया भूमिपूजन

चार वार्डों में 2 करोड़ 17 लाख 88 हजार रुपये की लागत से बनेगी सड़कें

रिसाली/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आज चार वार्डों में सड़क निर्माण कार्य करने भूमिपूजन किया। उन्होंने 2 करोड़ 17 लाख 88 हजार रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। विधायक ललित चंद्राकर ने निर्माण कार्यों की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखने कहा। चंद्राकर ने कहा कि वं हमेशा जनहित के कार्यों को पूर्ण कराने के लिये प्रयास रहते हैं। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। शहर की खराब सड़कों को सूचीबद्ध कर शासन स्तर पर कार्य स्वीकृत कराया गया है। भूमिपूजन के साथ-साथ क्षेत्रवासियों से रूबरू हो रहे है। इस क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस दौरान विधायक ललित ने आम नागरिकों से चर्चा भी की। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, पार्षद सविता ढवस, सुनंदा दीपक पप्पू चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, ईश्वरी साहू, सीमा साहू, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनूपम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

महिलाओं को मिला गैस सिलेण्डर

भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने वार्ड 31 रिसाली बस्ती में उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया। योजना का लाभ पूनम चतुर्वेदी, संजना चतुर्वेदी, टोमिन देशमुख, विमला कुर्रे, कांती साहू, रानी गायकवाड़, हेमलता, रूखमनी गायकवाड़, सुमन शर्मा, संध्या, मंजू यादव व अंजनी यादव ने लिया।

इन सड़कों का निर्माण होगा

वार्ड 1 तालपुरी ब्लाक ए में लोटस 352 से 363 व 371 से 378 तक 41.12 लाख रुपए की लागत से सड़क बनेगी। वार्ड 17 में शीतला तालाब से लालता प्रसाद घर व लालता प्रसाद घर से पंप हाऊस तक 45.06 व 42.12 लाख, वार्ड 27 मैत्रीनगर कान्हा के घर से फैंसी स्टोर व मैदान से डेंटल क्लीनिक तक 40.95 लाख, वार्ड 31 में हिंद नगर शिवाजी चौक से सुरेन्द्र देवांगन के घर तक, नंद किशोर के घर से लक्ष्मी नगर चौक तक 48.63 लाख से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।

वीबी जीआरएएम से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव: ललित

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुरसुल में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के तहत विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। विधायक चंद्राकर ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। भारत गांवों का देश है। वीबी जी जी राम जी योजना से गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और आजीविका को सुदृढ़ बनाने में यह मिशन सहायक सिद्ध होगा। मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है, अब 125 दिनों तक रोजगार सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर रोक लगेगी।

रूंगटा कार्निवाल में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री साव, कैबिनेट मंत्री गुरु

■ सिंगर, एक्ट्रेस, यूथ आइकॉन ध्वनि भानुशाली व टीम का लाइव कॉन्सर्ट आज

■ 6 को मुंबई के प्रतिष्ठित बैंड का लाइव कॉन्सर्ट होगा

भिलाई/नवप्रदेश। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स भिलाई में इंटर इंस्टीट्यूट वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल उत्सव कार्निवाल 2026 का आयोजन 5, 6 और 7 फरवरी को होगा। रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च, आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ फर्मास्यूटिकल साइंसेज, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट एवम रूंगटा प्राइवेट आईटीआई के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर इंस्टीट्यूट वार्षिक सांस्कृतिक एवम खेल उत्सव कार्निवाल 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्निवाल में उप मुख्यमंत्री अरुण साव 6 फरवरी और तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवम रोजगार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब 7 फरवरी को कार्निवाल के समापन समारोह में उपस्थित रहेंगे। विधायक रिकेश सेन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें। इस दौरान खेलकूद व सांस्कृतिक आयोजन होगा।

समानता, प्रेम, सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे संत रविदास के विचार: कौशिक

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत रविदास जयंती के अवसर पर 7 फरवरी तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक और अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरा के नेतृत्व में संत रविदास जयंती मनाई गई। संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि संत रविदास के मुख्य विचार समानता, प्रेम, भक्ति, और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे, जहां उन्होंने जन्म-आधारित भेदभाव का खंडन किया। सभी मनुष्यों की समानता पर जोर दिया और आदर्श समाज की कल्पना की, जहां कोई दुख या अन्याय न हो। उन्होंने श्रम और निष्काम कर्म को महत्व दिया। उनके उपदेशों ने आंतरिक पवित्रता, अहंकार, त्याग और एकता पर बल दिया, जो आज भी प्रासंगिक हैं। प्रेम को जीवन का सार और ईश्वर का वास्तविक स्वरूप माना। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, गायत्री वर्मा, डॉ देवनारायण तांडी, चंद्र प्रकाश मांडले, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, पार्षद हिरोंदी चंदनिया, मनीष कोठारी, अंजू यादव, तनुजा बघेल, रेवती खुटेल, किरण सोनवानी, चंद्रावती कुर्रे, श्वेता सिंह सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर निगम ने बनाए 60 डॉग फीडिंग सेंटर

■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर तेज़ी से अमल

■ समय-सीमा से पहले पूरा हुआ फीडिंग सेंटर का निर्माण

दुर्ग/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर में 60 डॉग फीडिंग सेंटरों का निर्माण पूरा कर लिया है। सभी केंद्र निर्धारित समय-सीमा से पहले ही तैयार कर लिए गए हैं। ताकि, सड़क पर रहने वाले कुत्तों को नियमित भोजन और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा सके। इन सेंटरों में खाने और पानी के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई हैं। कई स्थानों पर लोग इन केंद्रों पर स्वच्छ भोजन डाल रहे हैं और निगम की पहल को सहयोग दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पशुओं की सुरक्षा और नियंत्रण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगर निगम ने एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर सक्रिय कर दिया है। यहां कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और एंटी-रेबीज़ इंजेक्शन की पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विशेषज्ञ टीम नियमित रूप से कुत्तों को पकड़कर सेंटर में लाती है, यहां मेडिकल प्रक्रिया के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्र में वापस छोड़ा जाता है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल का कहना है कि शहर में कुत्तों की बढ़ती संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना आवश्यक है, ताकि नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बनी रहे। इसी उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने बताया कि आने वाले समय में डॉग फीडिंग सेंटरों की मॉनिटरिंग को और मजबूत किया जाएगा।

केंद्रीय बजट में सहकारिता क्षेत्र के लिए कई सौगातें : प्रीतपाल

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने केंद्र सरकार के बजट में सहकारिता क्षेत्र के लिये कई सौगातें मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बेलचंदन ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सहकारी संस्थाओं को कृषि, ग्रामीण विकास और किसान कल्याण की केन्द्रीय व महत्वपूर्ण संस्थाओं के रूप में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में सहकारिता क्षेत्र को विशेष रूप से शामिल करते हुए उसकी भूमिका और महत्व को रेखांकित किया है।

बेलचंदन ने कहा कि प्राथमिक सहकारी समितियों को आयकर में कटौती की सुविधा देना महत्वपूर्ण सुधार है। कपास की खेती और डेयरी गतिविधियों के क्षेत्र में कटौती की अनुमति देकर सरकार ने प्राथमिक सहकारी समितियों की वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है। सहकारी गतिविधियों का लाभ बेहतर कीमतों, बेहतर सेवाओं और मजबूत संस्थानों के रूप में सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिये महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि संघीय सहकारी समिति को पशु आहार और कपास बीज की आपूर्ति करने वाली प्राथमिक सहकारी समिति को लाभ और आय में कटौती वर्तमान में प्राथमिक सहकारी समिति को, लाभ व आय में कटौती की सुविधा उपलब्ध है। प्रस्ताव है कि इस कटौती का विस्तार करते हुए उन प्राथमिक सहकारी समितियों को भी शामिल किया जाए जो पशु आहार और कपास बीज की आपूर्ति संघीय सहकारी समिति, सरकारी संगठनों आदि को करती है। बेलचंदन ने कहा कि मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियों को सहकारी समिति की परिभाषा में शामिल किया गया है।

मतदाता सूची में 'तार्किक विसंगति' वाले मतदाता 13 तक कराएं सत्यापन, न कराने पर कटेगा नाम

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के 29 जनवरी 2026 के आदेश के परिपालन में दुर्ग जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के नाम 'तार्किक विसंगतियों' की श्रेणी में आए हैं, वे 13 फरवरी तक अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। विसंगति की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत भवनों, तहसील कार्यालयों, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिए गए हैं। मतदाता इन स्थानों पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। प्रभावित मतदाता सूची प्रदर्शित होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां या दस्तावेज जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि (बीएलए सहित) के माध्यम से पूर्ण की जा सकती है। इसके लिए निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) के कार्यालय में संपर्क करना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभावित मतदाताओं को न केवल दस्तावेज जमा करने, बल्कि व्यक्तिगत सुनवाई का भी अवसर दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि 13 फरवरी तक सत्यापन कार्य पूर्ण ना कराने पर वोटर लिस्ट में संबंधित नाम शामिल नहीं हो सकेंगे।

नगर निगम कर्मियों को 10 करोड़ 85 लाख की उपादान राशि जारी

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई में स्वीकृत पदसंरचना और विभागीय भर्ती नियम के अनुसार पात्र अधिकारी व कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। विकलांग कर्मचारियों को स्वीकृत पदसंरचना पदोन्नति कोटे के उपलब्ध पदों पर शासन द्वारा निर्धारित विकलांग कर्मचारियों के आरक्षण अनुसार पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्ष 2008 से अब तक लगभग 50 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। 9 जनवरी को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर 1 और सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर 2 कर्मचारियों का पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। भविष्य में रिक्त होने वाले पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी।

जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक निगम मद में राशि उपलब्धता के आधार पर नगर पालिक निगम, भिलाई से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी व कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान किया जाता है। निगम के सेवानिवृत्त व मृतक अधिकारी, कर्मचारियों को उपादान भुगतान राशि 10 करोड़ 85 लाख 36 हजार की संचित निधि से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। निगम द्वारा वर्ष 2018 से 2024 तक 209 सेवानिवृत्त और मृतक अधिकारी-कर्मचारी की उपादान राशि का भुगतान किया गया है।

बीएसपी रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में 'आप भी जानिए' कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। मानव संसाधन कार्यालय, मिल्स जोन 2 द्वारा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी को मानव संसाधन विकास केन्द्र (एचआरडीडी) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (आर.एस.एम. एवं आर.टी.एस.) टी. दस्तीदार, महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन संकार्य) संजय द्विवेदी और उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन मिल्स एवं एम एंड एस) प्रताप शेखर नायक उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन संकार्य) संजय द्विवेदी ने कार्मिकों की पत्नियों का स्वागत करते हुए उनसे अपने जीवनसाथियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने हेतु निरंतर प्रेरित करने का आह्वान किया। महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) जेएन ठाकुर ने कहा कि आप भी जानिए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों की कार्यस्थलीय परिस्थितियों और कार्यप्रणाली से उनकी पत्नियों को अवगत कराना है, जिससे वे कार्य परिवेश को समझते हुए पारिवारिक स्तर पर सहयोग प्रदान कर सकें। मुख्य महाप्रबंधक (आर.एस.एम. एवं आर.टी.एस.) टी. दस्तीदार ने कार्मिकों की पत्नियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवनसाथियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने प्रेरित करें। ड्यूटी पर जाने और लौटने के समय पारिवारिक वातावरण का शांत और तनावरहित होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भ्रमण से पूर्व, विभागीय सुरक्षा अधिकारी (रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल) सुनील शुक्ला ने प्रतिभागियों को आवश्यक सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। कार्मिकों की पत्नियों को रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल, कोक-ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस 3, रोज गार्डन और यूआरएम का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में 22 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उप महाप्रबंधक मानव संसाधन मिल्स एवं एमएंडएस प्रताप शेखर नायक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मिल्स जोन 2 द्वारा प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित कार्मिकों की पत्नियों ने संयंत्र प्रबंधन व मानव संसाधन कार्यालय, मिल्स जोन 2 का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन

भिलाई। टीम भावना, आपसी समन्वय और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीम ओएचपी और एसपी-3 के मध्य मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन ओएचपी-बी परिसर में किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3 एवं ओएचपी) सजीव वर्गीज के नेतृत्व में संचालित टीम-बिल्डिंग पहल के तहत यह आयोजन किया गया। मैच में टीम ओएचपी का नेतृत्व महाप्रबंधक (प्रचालन) मनीष सिंह ने किया। टीम एसपी-3 का नेतृत्व अरुण बेडेकर ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक वर्क्स तुषार कान्त मौजूद थे।

भिलाई नगर निगम के आठ अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले 8 अधिकारी/कर्मचारियों को विदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आज निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की गई।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, उपायुक्त डीके कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, दीपक जोशी, कार्य सहायक ग्रेड-2 दामोदर सिंह वर्मा, डाटा एन्ट्री आपरेटर विश्वजीत सेनगुप्ता, पम्प सहायक सुदामा परगनिहा, चौकीदार रामकुमार शर्मा, सफाई कामगार मंगलराम व रेजा जमुना बाई को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को शुभकानाएं दी।

आयुक्त ने कहा कि आगामी समय में अधिकारी, कर्मचारियों की कमी से निगम का कार्य और कठिन होता जाएगा। वरिष्ठों से अनुभव लेते हुए कार्य करना है। मुख्य अभियंता ने सेवानिवृत अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना अधीक्षक शालनी घुरऊ, चंदन निर्मल, शंकर सुमन मरकाम, शरद दुबे, रामवृक्ष यादव, पुरूषोत्तम साहू, राजेश पालवे, विद्याधर देवांगन व संगठन के पदाधिकारी श्रवण ठाकुर, वामन राव, नवीन साहू, राज सच्चर, हेमंचद बंजारे उपस्थित रहे।

सुविचार

वो हमेशा खुश रहते हैं जो किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। क्योंकि, वे जानते हैं कि झूठी उम्मीदें ही दर्द देती हैं।

राजनीति का अखाड़ा न बने संसद

संसद के सर्वाधिक महत्वपूर्ण माने जाने वाले बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और ढाई दिनों तक इस हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही बाधित हुई। संसद में हंगामा होना तो वैसे भी आम बात हो गई है। लेकिन, इस बार हद हो गई जब संसद की मर्यादा ही तोड़ दी गई नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिनों से यह आरोप लाग रहे हैं कि, उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। वे एक कथित किताब को लेकर चीन के डोकलाम का मुद्दा उठा रहे थे पर, सत्ता पक्ष ने क्रिया का हवाला देते हुए आपत्ति उठाई थी और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नियमों का पालन करने की नसीहत दी तो, राहुल गांधी ने यह कह दिया कि लोकसभा अध्यक्ष ही यह बताएं की उन्हें क्या बोलना है। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने भी कह दिया कि वे उनके सलाहकार नहीं है। बेहतर होगा कि, नेता-प्रतिपक्ष संसदीय नियमों का पालन करें। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा और सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ी। उस समय तो हास्यास्पद स्थिति बन गई जब राहुल गांधी उस किताब को लेकर ही अपनी बात करने लगे और इसे देश की सुरक्षा का मुद्दा बताया, तब विपक्ष के सांसद ही हंसने लगे। इस पर टिप्पणी करते हुए अध्यक्षीय आसंदी पर विराजमान जंगदंबिका पाल ने कांग्रेसी सांसदों को यह कहकर फटकार लगाई कि वे अपने ही नेता प्रतिपक्ष की बात पर क्यों हंस रहे हैं। बाद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार इस कदर बढ़ी कि विपक्षी सांसद टेबल पर चढ़कर आसन की ओर पेपर फेकने लगे, इस पर कड़ी आपित्त दर्ज कराते हुए, लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के आठ सांसदों को संसद के पेश बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया। अब तीसरे दिन वे निलंबित सांसद संसद परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं संसद के भीतर भी विपक्षी सांसद लगातार हंगामा कर रहे हैं। इस दौरान एक और अप्रिय घटना हो गई। जब केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू संसद में पहुंचे तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें गद्दार दोस्त कहकर संबोधित किया और उनकी ओर हाथ बढ़ाया। इस पर रवनीत सिंह बिट्टू ने उन्हें तुर्की-ब-तुर्की जवाब देते हुए कह दिया कि वे देश के दुश्मनों से हाथ नहीं मिलाते। कुल मिलाकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सार्थक चर्चा होनी थी और विपक्ष को बजट पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने थे, जिसके लिए, उन्हें पर्याप्त समय दिया गया था। इस बार के बजट में ऐसी कई बातें है, जिसे लेकर विपक्ष चाहता तो सरकार को आड़े हाथों ले सकता था और उसे कटघरे में खड़ा कर सकता था, किन्तु, विपक्ष ने यह सुनहरा अवसर गवा दिया और व्यर्थ का बवाल खड़ा करके सरकार को बजट प्रावधानों को लेकर अपनी किरकिरी होने से बचने का मौका दे दिया। बेहतर होता कि विपक्ष संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए उसे दिये गये समय का सदुपयोग करता और सरकार पर निशाना साधता, यह एक जिम्मेदार विपक्ष का कत्वर्य होता है कि, वह संसद सत्र के दौरान सरकार की खामियों को उजागर करे। किन्तु, पिछले कुछ सत्रों की तरह ही विपक्ष ने बजट सत्र में भी हंगामा करके इस सत्र को भी हंगामों की भेंट चढ़ा दिया। विपक्ष के अन्य नेता जो बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देना चाहते थे और बजट के कुछ प्रावधानों को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराकर उसमें संसोधन कराने की इच्छा रखते थे, उन्हें भी इसका मौका नहीं मिल पाया। यह स्वस्थ लोकतंत्र के हित में नहीं है कि संसद के महत्वपूर्ण सत्र जिन पर देश की जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई लगती हो वह व्यर्थ के बवाल के कारण हंगामों की भेंट चढ़ता रहे। संसद को सुचारू रूप से चलाना जितनी सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी होती है। उतनी ही जिम्मेदारी विपक्ष की भी होती है कि, संसद सत्र में जनहित के काम होते रहे लेकिन लगता है कि, विपक्ष ने यह ठान कर रख लिया है कि, उन्हें संसद को बाधित करके ही अपनी ताकत दिखानी है, इसके लिए वे संसदीय परंपराओं को भी तार-तार करने से नहीं हिचकते और न ही संसद की गरिमा को ठेंस पहुंचाने से भी वे बाज नहीं आते। ऐसा लगता है कि सिर्फ हंगामा खडा करना ही उनका मकसद रह गया है। इसीलिए वे संसद को राजनीति के अखाड़े के रूप में तब्दील करने लगे हैं। विपक्ष का यह रवैया सत्ता पक्ष को भी रास आता है क्योंकि, हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही बाधित होने से सरकार अपनी जवाबदेही से बच जाती है।

सदगुरू ऋतेश्वर

सद्गुरू बोधामृतम्

- 1 आत्मा के तल पर सोचो, केवल शरीर के तल में मत सोचो।
- तुम्हारे पुरुषार्थ और समग्रता और एकाग्रता से प्रारब्ध को काटा जा सकता है। जो लिखा है उसको काटा जा सकता है। समग्रता के साथ खोजोगे तो प्रकृति को वापस करना पड़ेगा, जो प्रारब्ध होगा घट जायेगा। तुम बैठ जाओगे, प्रकृति वापस नहीं करेगी।

आज का इतिहास

1870 - फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया। 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर। 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ। 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया। 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ। 1931 - मैक्सिने डनलप पहली ग्लाइडर पायलट बनी। 1961 - ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफके पहले संस्करण का प्रकाशन हुआ। 1970 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1994 - सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे। 2006 - ईरान ने यूरेनियम संवर्धन शुरू किया।

चमकते भाव, फीकी खुशियांः सोना-चांदी की महंगाई का सामाजिक असर

अशोक कुमार साहू

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, हालिया गिरावट और तेजी के दौर में डॉलर की मजबूती और ऑस्ट्रेलियाई डॉलर व स्वीडिश क्रोना जैसी कमोडिटी करेंसी में बिकवाली भी अहम कारण रही। 26 जनवरी को सोने की कीमत पहली बार 5,000 डॉलर प्रति औंस के पार चली गई थी, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 4,57,000 रुपये प्रति औंस और 10 ग्राम के हिसाब से करीब 1,61,000 रुपये बैठती है। 2025 में ही सोने ने 60 प्रतिशत से अधिक की सालाना बढ़त दर्ज कर ली थी, जो 1979 के बाद सबसे ज्यादा है। शेयर बाजार की अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर पर निर्भरता कम करने की कोशिशें और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी–ये सभी कारक सोने और चांदी की कीमतों को ऊंचे स्तर पर बनाए हुए हैं। चीन, पोलैंड, तुर्की, भारत और कज़ाकिस्तान जैसे देश अपने रिजर्व में लगातार सोना बढ़ा रहे हैं। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार उभरते देश हर महीने औसतन 60 टन सोना खरीद रहे हैं।

पिछले चार दिनों की राहत के बाद देश में सोने और चांदी की कीमतों ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। इन दोनो कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी ने ग्रामीण भारत को विशेष रूप से प्रभावित किया है, जहां महिलाओं और विवाह योग्य परिवारों पर इसका सीधा सामाजिक और आर्थिक असर पड़ रहा है। किसान, श्रमिक, निम्न और मध्यम वर्ग के लाखों परिवार आज अपनी बेटियों के विवाह के लिए न्यूनतम आभूषण तक खरीद पाने में असमर्थ हो गए हैं। राजस्थान से राज्यसभा के कांग्रेस सांसद नीरज डांगी ने हाल ही में संसद में सोने-चांदी की कीमतों में असाधारण वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि पिछले 13 महीनों में चांदी की कीमतों में लगभग 306 प्रतिशत और सोने की कीमतों में करीब 111 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जिस देश में सोना-चांदी नारी की सुरक्षा, आत्मसम्मान और पारिवारिक भविष्य से जुड़ा हुआ है, वहां इनकी कीमतों को यूं ही बेलगाम छोड़ देना सरकार की विफल आर्थिक नीतियों को उजागर करता है...।

श्री डांगी ने यह भी कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर भारी जीएसटी, ऊंचे आयात शुल्क और जमाखोरों पर प्रभावी नियंत्रण न कर महिलाओं की वर्षों की बचत को मूल्यहीन बना रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि देशहित में सोने और चांदी की कीमतों पर हस्तक्षेप किया जाए, जीएसटी की दरों में कटौती की जाए और जमाखोरी रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। गौरतलब है कि गत शुक्रवार को सोने की कीमत में करीब 12 प्रतिशत, चांदी में 26 प्रतिशत और प्लैटिनम में 18 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जिसे आम लोगों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा गया। लेकिन यह राहत महज चार दिन ही टिक सकी। मंगलवार, 3 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में फिर जोरदार उछाल आया। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना लगभग 4 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,830 डॉलर प्रति औसत तक पहुंच गया, जबकि, हाजिर चांदी करीब 8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82.74 डॉलर प्रति औसत पर कारोबार करने लगी। भारत में भी इसका असर साफदिखा। एमसीएक्स पर सोना करीब चार प्रतिशत की तेजी के साथ 1,48,950 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया, वहीं चांदी 6.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,52,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करती दिखी। सोने और चांदी की कीमतों की यह अस्थिरता अब वैश्विक समस्या बन चुकी है। ऐतिहासिक तेजी के बाद अचानक गिरावट और फिर कुछ ही दिनों में दोबारा तेजी यह संकेत देती है कि फिलहाल कीमतों में स्थिरता की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी। उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में परंपरागत रूप से ज्वैलर्स शादी-विवाह के लिए अग्रिम राशि लेकर पहले ही आभूषणों की दर तय कर लेते थे। लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण ज्वैलर्स भी इससे बच रहे हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। देश में इस समय शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। बढ़ती कीमतों ने किसान, श्रमिक और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए न्यूनतम आभूषण खरीदना भी मुश्किल बना दिया है। शहरी इलाकों के बाहर छोटे शहरों और कस्बों

में आभूषणों की बिक्री पर इसका साफअसर दिख रहा है। लोग अब कम वजन के आभूषण खरीदने को मजबूर हैं। कई विक्रेताओं ने किस्तों और विशेष योजनाओं की शुरुआत जरूर की है, लेकिन आम लोगों में इनके प्रति खास आकर्षण नहीं है। ग्रामीण और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों में चांदी के आभूषणों का भी विवाह में विशेष महत्व रहा है, लेकिन चांदी की कीमतों में आई बेतहाशा वृद्धि ने उनके बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। एक ग्राम गोल्ड ज्वैलरी का चलन हाल के वर्षों में बढ़ा है, लेकिन ज्वैलर्स के अनुसार लोग इसे शादी-विवाह में देने के बजाय अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए अधिक खरीद रहे हैं। महिलाएं विवाह समारोहों में इन्हीं हल्के आभूषणों को पहन रही हैं। ज्वैलर्स का मानना है कि आने वाले समय में इस प्रवृत्ति में और तेजी आएगी।

भारत में शादी-विवाह में दिए जाने वाले आभूषण केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक तरह की नकदी संपत्ति भी रहे हैं। मुश्किल समय में परिवार इन्हें बेचकर या इन पर ऋण लेकर अपनी जरूरतें पूरी करते रहे हैं। कोरोना काल में तो आभूषणों ने असंख्य परिवारों के लिए जीवनरेखा का काम किया। मकान के बाद आभूषण ही ऐसी संपत्ति है, जिसे निम्न और मध्यम वर्ग के परिवार बहुत मजबूरी में ही बेचते हैं। कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव का सीधा असर देश के ज्वेलरी और सराफा व्यापार पर भी पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थितियां, आयात लागत, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति और निवेश की प्रवृत्तियां–इन सभी कारणों से सराफा बाजार इस समय बेहद संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO), रायपुर के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सर्राफा कारोबारी तिलोकचंद बरड़िया का कहना है कि भारत का ज्वेलरी सेक्टर करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा है और इसमें स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उनके अनुसार कीमतों में बार-बार होने वाले उतार-चढ़ाव से खुदरा मांग प्रभावित होती है, जिससे छोटे और मध्यम ज्वैलर्स को स्टॉक मैनेजमेंट, कैश फ्लो और ग्राहक विश्वास जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विवाह और त्योहारी सीजन को देखते हुए यह आवश्यक है कि बाजार में विश्वास का माहौल बने। उन्होंने सरकार से आयात शुल्क, टैक्स स्ट्रक्चर और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल और व्यावहारिक बनाने की मांग की, ताकि ज्वेलरी और सराफा व्यापार को राहत मिल सके और रोजगार के नए अवसर पैदा हों। पिछले एक साल में सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसी अवधि में कीमती धातुओं में निवेशकों की भारी मांग देखी गई, जिससे एक के बाद एक रिकॉर्ड बने। यह तेजी अनुभवी ट्रेडरों के लिए भी चौंकाने वाली रही और कीमतों में असाधारण उतार-चढ़ाव पैदा हुआ। जनवरी में यह रुझान और तेज हुआ, जब कमजोर होती मुद्राओं, फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं, ट्रेड वॉर और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों ने सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख किया।

पर्यटन के क्षेत्र में मिशाल कायम करता हमारा छत्तीसगढ़

करिश्मा सोनी

बात अगर दोनों राज्यों के स्थानीय खान-पान और जीवनशैली की करें तो गुजरात का भोजन मीठे और मसालेदार स्वाद के संतुलन के लिए प्रसिद्ध है–ढोकला, खांडवी, थेपला आदि विश्वभर में लोकप्रिय हैं। वहीं छत्तीसगढ़ का भोजन सरल, पौष्टिक और स्थानीयता से जुड़ा हुआ है। चिला, फरा, चीला-भजिया, बोरे बासी, अंगाकर रोटी जैसे व्यंजन ग्रामीण जीवन की सादगी और स्वास्थ्यपरक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं रहता; भोजन और स्थानीय जीवनशैली भी उसकी आत्मा होते हैं। छत्तीसगढ़ में पर्यटक स्थानीय घरों, हाट-बाजारों और मेलों में वास्तविक भारत की झलक देखते हैं, जो उन्हें एक प्रामाणिक अनुभव प्रदान करता है। इसके साथ ही पर्यटन की भीड़ बनाम शांति पर चर्चा करें तो गुजरात के प्रमुख पर्यटन स्थल अत्यधिक विकसित और लोकप्रिय हैं, जिसके कारण वहाँ भीड़ अधिक रहती है।

भारत विविधताओं का देश है भाषा, संस्कृति, भौगोलिक संरचना, परंपराएँ और प्राकृतिक संपदाएँ हर राज्य को विशिष्ट बनाती हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी भारत के प्रत्येक प्रदेश की अपनी अलग पहचान है। यदि हम पर्यटन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ और गुजरात की तुलना करें, तो दोनों राज्यों के पास आकर्षणों की भरमार है, किंतु अपनी मौलिकता, प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय संस्कृति, जैव विविधता और शांत वातावरण की वजह से छत्तीसगढ़ एक विशेष स्थान रखता है। छत्तीसगढ़ पर्यटन के लिए अधिक आत्मीय, प्राकृतिक और अनुभवात्मक विकल्प के रूप में उभरता है।

"भौगोलिक विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य"

गुजरात भौगोलिक रूप से रेगिस्तानी क्षेत्रों, समुद्री तटों और शुष्क जलवायु के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ कच्छ का रण, समुद्री किनारे और शुष्क मैदान पर्यटन का मुख्य आकर्षण हैं। दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ प्रकृति की गोद में बसा एक हरित प्रदेश है, जहाँ घने जंगल, जलप्रपात, पहाड़ियाँ, नदियाँ और वन्यजीवों की भरमार है। छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य अधिक जीवंत और ताजगी भरा प्रतीत होता है। यहाँ के चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, मैकल पर्वत श्रृंखला, मधेश्वर महादेव सहित इंद्रावती नदी जैसे स्थल पर्यटकों को प्राकृतिक शांति और रोमांच दोनों प्रदान करते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए छत्तीसगढ़ एक खुली प्रयोगशाला जैसा है, जहाँ हर मोड़ पर नया दृश्य और नया अनुभव मिलता है। बात अगर ÷सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय जीवन÷ कि करें तो गुजरात अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, गरबा, हस्तशिल्प, व्यापारिक इतिहास और मंदिर स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध है तो वहीं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत कहीं अधिक जमीनी और मौलिक है। यहाँ की जनजातीय संस्कृति पर्यटन का एक अनूठा आयाम प्रस्तुत करती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर, सरगुजा और कांकेर क्षेत्रों की जनजातियाँ आज भी अपनी परंपराओं, लोकनृत्यों,

वेशभूषा और जीवनशैली को जीवित रखे हुए हैं। बस्तर दशहरा विश्व का सबसे लंबे समय तक चलने वाला उत्सव है, जो न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समन्वय का प्रतीक है। पर्यटक यहाँ केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि स्थानीय जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। यह अनुभव गुजरात के अधिक व्यावसायिक पर्यटन स्थलों की तुलना में अधिक आत्मीय और गहन होता है। वहीं अगर बात ÷ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व÷ की करें तो गुजरात में द्वारका, सोमनाथ, पाटन की रानी की वाव और चंपानेर जैसे ऐतिहासिक स्थल प्रसिद्ध हैं, वहीं छत्तीसगढ़ भी ऐतिहासिक दृष्टि से कम समृद्ध नहीं है। सिरपुर की बौद्ध विरासत, राजिम का प्राचीन मंदिर समूह, भोरमदेव मंदिर की स्थापत्य कला और रतनपुर का ऐतिहासिक महत्व इसे विशेष बनाते हैं। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक स्थल अभी भी अपेक्षाकृत कम भीड़भाड़ वाले हैं, जिससे पर्यटक शांति से इतिहास को महसूस कर सकते हैं। यहाँ की प्राचीन गुफाएँ, शिलालेख और मंदिर भारतीय सभ्यता के गहरे आयामों को दर्शाते हैं। गुजरात के कई स्थल अत्यधिक लोकप्रिय और भीड़भाड़ वाले हो चुके हैं, जबकि छत्तीसगढ़ अभी भी खोजे जाने की प्रक्रिया में है जो इसे गुजरात से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बनाती है जो इसकी विशेषता है। वहीं ÷वन्यजीव और इको-टूरिज्म÷ का जिक्र करें तो पर्यटन के आधुनिक स्वरूप में इको-टूरिज्म का महत्व बढ़ता जा रहा है। इस दृष्टि से छत्तीसगढ़ अत्यंत समृद्ध है। यहाँ के राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य जैव विविधता के अनूठे उदाहरण हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, उदंती सीतानदी अभयारण्य जैसे स्थल प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए स्वर्ग के समान है, तो वहीं गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान एशियाई शेरों के लिए प्रसिद्ध है, जो एक विशिष्ट आकर्षण अवश्य है। किंतु समग्र वन्यजीव विविधता, जंगलों का विस्तार और प्राकृतिक वातावरण की शुद्धता के मामले में छत्तीसगढ़ अधिक व्यापक अनुभव प्रदान करता है। यहाँ का इको-टूरिज्म पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण का भी माध्यम बन रहा है। इसी तरह ÷धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन÷ के मामले में गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ मंदिर और अंबाजी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल हैं तो वहीं छत्तीसगढ़ में भी राजिम कुंभ, डोंगरगढ़ का माँ बम्लेश्वरी मंदिर, दंतेसश्वरी मंदिर, मां महामाया, शिवरीनारायण जैसे अनेक धार्मिक स्थल हैं। छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थल अपेक्षाकृत शांत और आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करते हैं। यहाँ भीड़-भाड़ कम होने के कारण श्रद्धालु अधिक एकाग्रता और शांति के साथ दर्शन कर सकते हैं। धार्मिक पर्यटन केवल भव्यता नहीं, बल्कि आंतरिक शांति का भी विषय है–इस कसौटी पर छत्तीसगढ़ एक गहरा अनुभव देता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ख्वाबों में, ख्यालों में, ये जो शखूस है, क्या कहूँ किस कदर वो शख्त है , ना चाहूँ की वो आये और मेरे निगाहों से टकराये, और बार-बार दिल में उतार जाये ,क्या कहूँ किस कदर वो सितमगर हैं , इजाजत नही सरगोशी की, न ही गुफ्तगू की, नज़र भर के देखु तो, निगाहें शख्त करता है, क्या कहूँ इस कदर वो सितम करता है, न खुद ही कुछ कहता है, न ही मुझे जाने की आज्ञा देता है, वो कुछ इस कदर सितम करता है ।।।

– नमन कुमार मिश्रा

बात इतनी-सी थी... कि बात कुछ भी न थी... फिर दूरी बढ़ी बस एक दीवार की.... दोनों एक-दूजे के मन में रहते थे, अब भी पहले जैसे... बस एक-दूजे से मन की कहते न थे, अब पहले जैसे... बात इतनी-सी थी... कि बात कुछ भी न थी... कृपया, बच्चों के करीब आएँ, उनके मन को पढ़ना और समझना सीखें। **– अलका अग्रवाल**

लिट फेस्ट (लिटरेचर फेस्टिवल) कुछ नही ईलीट क्लास की कथित बौद्धिकता का एक अश्लील प्रदर्शन है इसमें समाज के सभी तबकों वर्गों के साहित्यकारों का प्रतिनिधित्व होता ही नहीं है मैं इन फेस्टिवल के खिलाफ नहीं हूं पर इससे बहुत उम्मीद भी नहीं हैं हर बार वही चेहरे होते हैं। कुछ भी नया नहीं है। **– राजीव कुमार**

खुलकर हँसा करते थे हम भी कभी अब तो जैसे जमाने हो गए सुकून मिलता है तस्वीरों से अपनी कैसे खुद से बेगाने हो गए।

– सपना चन्द्रा

आया है बसन्त देखो मन हरषाया है पत्ता पत्ता डाली-डाली खूब हरियाया है।। धानी है चुनरिया धानी-धानी मन है धानी-धानी धरती का तन लहराया है।। धानी है धूप और धानी-धानी रूप है फगुआ बसन्त लाया मन हरषायाहै।। धानी रंग रँगी गोरी मनवा ये डोले है धानी-धानी प्रेम पिया के मन भाया है।। आया है बसन्त देखो मन हरषाया है पत्ता-पत्ता डाली-डाली खूब हरियाया है।।

– डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

पुत्र पुत्री मान सम, दोनों अनमोल धन, प्रेम पूंजी नेह भरी, हिय से लुटाइए। शास्त्र संबंधी ज्ञान, विधिवत शिक्षा वान, श्रेष्ठ व्यवहार आप, उनको सिखाइए। शोभना है रूप गुण, श्रेष्ठ-श्रेष्ठ मोती चुन, गुणवान भरपूर, उनको बनाइए। जिंदगी की धूप छाँव, यही तो मिलेगी ठाँव, जीवन का मूल मंत्र, उन्हें समझाइए।

हर साथ चलने वाला दोस्त नहीं होता कुछ लोग बस तब तक साथ होते हैं जब तक रास्ता आसान लगे। आज की दोस्ती अ क स र convenience, comfort और mood पर टिकी है। लेकिन सच्चा दोस्त मुश्किल में दिखता है, भीड़ में नहीं। **– रेनु सिंघल**

मिला दान में अनगिनत, हुआ न पर उद्धार। खाते हैं जिस शख्स का, करें उसी पर वार ।। सोच समझ कर कीजिये, जब भी करें विचार। समझें किसको ठीक अब, कहें किसे बेकार।।

– रमेश शर्मा वशिष्ट

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन व्यर्थ की भाग-दौड़ अधिक रहेगी व्यावसायिक कारणों से भी यात्रा के योग बनेंगे परन्तु अंत समय मे निरस्त भी हो सकते है। यात्रा होने पर भी लाभ की जगह खर्च बढेगा।

वृषः आज दिन के मध्यान तक का समय व्यर्थ की बहसबाजी में खराब होगा। स्वभाव में भी अहम रहने से स्वयंजन से टकराव की स्थिति बनेगी। महिलाये आज जानबूझ कर किसी काम को बिगाड़ेंगी बाद में इसका पश्चाताप भी होगा।

मिथुनः आज का दिन सामान्य ही रहेगा। आज आप के मन मे कुछ ना कुछ तिकड़म लगी रहेगी परन्तु साधनों की कमी के कारण कल्पनाओं को साकार रूप नही दे पाएंगे। घर मे भी संध्या बाद सुख शांति लौटेगी।

कर्कः आज का दिन आप आपके लिए परिश्रम वाला रहेगा घरेलू एवं व्यावसायिक कार्य एक साथ आने पर थोड़े असहज भी रहेंगे लेकिन महिलाओ का बराबर सहयोग मिलने से परेशानी से राहत मिलेगी।

सिंहः आज के दिन आपकी किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायी वर्ग व्यापार में विस्तार करेंगे जिसका लाभ भी शीघ्र ही मिलता दिखेगा।

कन्याः आज का दिन आपको शांति से बिताने की सलाह है पराये काम अथवा धन से दूरी बना कर रहें आज परोपकार के बदले अपशब्द सुनने को मिलेंगे। आज आराम की चाह मन मे ही रह जायेगी।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी। नौकरी पेशा लोग भी अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित होंगे।

वृश्चिकः आज का दिन सरकारी अथवा अन्य कागजी कार्यवाही के लिए उत्तम है। सरकारी कार्य आज थोड़े से परिश्रम से आशाजनक परिणाम देंगे लेकिन किसी की सहायता आवश्यक रहेगी।

धनुः आज के दिन आपको मिलाजुला फल देगा। दिन के आरंभ से मध्यान तक आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से मन बेचैन रहेगा। संतानो से सुखदायक संबंध रहेंगे।

मकरः आज दिन का पूर्वार्ध जितना बेचैनी भरा रहेगा दिन का अंतिम भाग उतना ही राहत वाला रहेगा। दिन के आरंभ में स्वास्थ्य संबंधित समस्याए कार्यो में बाधा डालेंगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को जांच पड़ताल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा। महिलाये घर की साज सज्जा पर खर्च करेंगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए खर्चीला साबित होगा। रिश्तेदारी के साथ ही घरवालों की जिद पूरी करने में धन खर्च होने पर बजट गड़बड़ायेगा।

QUIZ TIME

1) हाल ही में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने बौद्ध भिक्षुओं और विद्वानों का सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया?

2) झीरी मेला हर साल किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित होता है?

3) पराक्रम दिवस 23 जनवरी को किस स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?

4) हाल ही में खबरों में रहा 'कालनमक चावल' या 'बुद्धा चावल' मुख्य रूप से किस राज्य में उगाया जाता है?

5) पेथिया डिब्रूगढ़ेंसिस क्या है, जो हाल ही में समाचारों में देखा गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोलंबो, श्रीलंका (2) जम्मू और कश्मीर (3) सुभाष चंद्र बोस (4) उत्तर प्रदेश (5) मछली

पहेली

शब्द सामर्थ्य -306

न्यूज गैलरी

कलेक्टर कार्यालय का घेराव आज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के आह्वान पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत कल गुरुवार दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय महासमुंद का घेराव व विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि व्ही बी-जी राम -जी विधेयक के माध्यम से मनरेगा को उसके मूल स्वरूप से कमजोर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने इस जनविरोधी विधेयक को तत्काल वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल अधिकारों सहित बहाल करने की मांग की। श्री यादव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों की आजीविका का सबसे बड़ा आधार है, लेकिन वर्तमान सरकार लगातार इसके बजट, रोजगार दिवस और कानूनी अधिकारों में कटौती कर रही है। इसका सीधा असर गांवों की अर्थव्यवस्था और लाखों परिवारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। उन्होने बताया कि धरना-प्रदर्शन के पश्चात कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें मनरेगा से जुड़ी जनविरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी।

विराट देवी जस झांकी स्पर्धा का हुआ सफल आयोजन

बेलगांव /नवप्रदेश। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में जय मां शारदा जस परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में स्वर्गीय धनेश्वर ठाकुर एवं रतिराम सेन के स्मृति में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का धार्मिक बीते शनिवार रविवार को आयोजित किया गया । जिसमें क्षेत्र की एवं दूर अंचल से बड़ी बड़ी जस झांकी मंडलियों की प्रस्तुति हुई । जिसे देखने के लिए क्षेत्र के लोग हजारों की संख्या में दो दिनों तक उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती विष्णु प्रतिमा खरे जनपद सदस्य डोंगरगढ, कौशल चंद्रवंशी ग्राम सरपंच बेलगांव रहे । वही अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष श्री दिनेतु प्रकाश जांगडे ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर योगेश साहू उपसरपंच बेलगांव, छबील साहू पूर्व सरपंच बेलगांव, बीआर साहू शिक्षक माड़ीतराई, त्रिभुवन ठाकुर ग्राम बैगा, श्रीमती बेलसिया बाई ठाकुर, श्रीमती जमुना बाई सेन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंच में उपस्थित अतिथियों का सम्मान आयोजन समिति द्वारा तिलक बेच हार फल साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । इसी कड़ी में उपस्थित अतिथियों द्वारा आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट कर निरंतर ही यह आयोजन ग्राम में होने पर ग्राम वासियों द्वारा सहयोग करने की बात कहा गया ।

25 वर्ष पूर्ण होने पर हुई प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गयाद्य इस अवसर पर निबंध लेखन चित्रकला, नारा लेखन, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन ऊर्जा विभाग भाटापारा द्वारा किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जी. पी. अनंत अधीक्षण अभियंता बलौदा बाजार, द्वारा की गई एवं भाटापारा संभाग के कार्यपालन अभियंता व्ही.के.राठिया,सहायक अभियंता वासुदेव साहू, संजय बिहारी अग्रवाल अनुभाग अधिकारी, दिनेश कुमार वर्मा निज सहायक एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक वर्मा प्राचार्य, एवं सहयोगी के रूप में राजन तिवारी, इंद्राणी मरकाम कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के व्याख्याता गण उपस्थित रहे इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में ऊर्जा की विकास गाथा को बताया गया एव छत्तीसगढ़ में ऊर्जा की संभावनाओं संरक्षण एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया । निबंध . चित्रकला , नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए विकास की परख ली गई जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं

लोमश ऋषि आश्रम में श्रीराम मानस यज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान जहां

एक ओर विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ, प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला भी श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। लोमश ऋषि आश्रम में श्रीराम मानस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। श्रीराम मानस यज्ञ की शुरुआत 1 फरवरी से हुई है, जो 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक निरंतर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का संचालन पन्नालाल वशिष्ठ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यज्ञ संपन्न कराने में श्याम साहू, हृदय राम साहू, लालाराम साहू, जीवन यादव, भुवनेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, खेमू साहू, अवध केवरा बाई, देवचरण साहू सहित अन्य श्रद्धालुगण सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि श्रीराम मानस यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे आयोजन को लेकर जनसहभागिता और आस्था स्पष्ट रूप से झलक रही है। यज्ञ स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु रामचरितमानस पाठ एवं हवन के माध्यम से पुण्य लाभ ले रहे हैं।

कच्ची शराब की बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार, बाड़ी में छिपाया था

■ **बाड़ी में अवैध कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही थी**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे एक बार फिर थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना मिला कि ग्राम पंचायत सलौनीकला के जया जटवार नाम की महिला अपने घर के बाड़ी में अवैध कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही थी जिसकी सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ को साथ लेकर रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ, हाथ भठ्ठी का बिक्री करने हेतू रखी थी जिसे रंगे हाथ पकड़ा गया। जहां आरोपी जय जटवार पति शत्रुधन जटवार निवासी सलौनीकला के कब्जे से कुल 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत 1600 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इन सभी कार्यवाही में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी, प्रधान आरक्षक श्रवण बरिहा, एकराम सिदार, आरक्षक अशोक साहू, सतपाल सिंह, महिला आरक्षक मोहन सिदार के साथ सभी थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

अखंड भक्ति का जीवंत उदाहरणः सिर पर 1100 रुद्राक्ष धारण कर तपस्या में लीन महंत नीलगिरी महाराज बने श्रद्धा का केंद्र

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 में साधु-संतों की साधना, वेशभूषा और तपस्या श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण और जिज्ञासा का केंद्र बनी हुई है। कुंभ मेला परिसर में कई ऐसे दृश्य देखने को मिल रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि साधना का मार्ग कितना कठिन और अनुशासित होता है।

कुंभ मेले में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों का आगमन लगातार जारी है। अब तक 40 से अधिक संत-महात्मा राजिम पहुंच चुके हैं, जिनमें दशनाम जूना अखाड़ा और आवाहन अखाड़ा

प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी क्रम में जूना अखाड़ा से पहुंचे महंत नीलगिरी महाराज श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

महंत नीलगिरी महाराज 1100 रुद्राक्ष को दिनभर अपने सिर पर धारण करते हैं और केवल रात्रि विश्राम के समय ही उन्हें उतारते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष धारण करना उनकी भक्ति और साधना का अभिन्न हिस्सा है। भजन और साधना के दौरान वे निरंतर रुद्राक्ष धारण किए रहते हैं तथा रात्रि में विश्राम के समय ही उन्हें हटाते हैं। महंत नीलगिरी महाराज ने बताया कि विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और कठिन साधना के समय रुद्राक्षों की संख्या बढ़ाई जाती है। उन्होंने इसे 12 वर्षों की तपस्या का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि वे राजिम कुंभ मेला में पहली बार आए हैं और मेला समापन तक यहीं प्रवास करेंगे। कुंभ की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए महंत नीलगिरी महाराज ने बताया कि देश में चार प्रमुख कुंभ नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में आयोजित होते हैं, जबकि राजिम को पांचवां कुंभ माना जाता है, जहां सनातन धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न होते हैं। जब उनसे रुद्राक्षों के भार को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें किसी प्रकार का भार महसूस नहीं होता, यह उनके गुरु की कृपा है। उन्होंने नागा साधुओं की दीक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि 16 पिंडदान के पश्चात 17वां पिंडदान स्वयं का होता है।

वारदात या साजिश? ग्राम पंचायत कुर्रा में रहस्यमयी चोरी, नकदी व अभिलेख ले उड़े

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा से लगे ग्राम पंचायत कुर्रा में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने ग्राम पंचायत भवन का चैनल गेट एवं सचिव कक्ष का ताला कटर से काटकर नगद राशि सहित पंचायत के लगभग 30 वर्षों के महत्वपूर्ण दस्तावेज और अभिलेख चोरी कर लिए। इस घटना ने पूरे मामले को रहस्यमयी बना दिया है और कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस जांच, लेकिन शक गहराया

ग्राम पंचायत सचिव द्वारा 29 जनवरी को थाना गोबरा नवापारा में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन पंचायत स्तर पर चर्चा है कि यह घटना सामान्य चोरी से कहीं ज्यादा गंभीर प्रतीत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत से जुड़े इतने व्यापक रिकॉर्ड का एक साथ गायब होना महज संयोग नहीं हो सकता। घटना के बाद पंचायत प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है और कई लोग इसे रिकॉर्ड गायब करने की साजिश के रूप में देख रहे हैं।

क्या है पूरा मामला

घटना 26 जनवरी की सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब नल-जल योजना के ऑपरेटर नारायण साहू पंचायत भवन पहुंचा। उसने देखा कि ग्राम पंचायत का चैनल गेट और सचिव कक्ष का ताला टूटा हुआ है। सूचना तत्काल सरपंच पुष्पा डमेश साहू को दी गई, जिन्होंने पंचायत सचिव संगीता ध्रुव को उक्त घटना से अवगत कराया।

सुबह करीब 7.30 बजे सचिव के पंचायत भवन पहुंचने पर सामने आया कि सचिव कक्ष की अलमारी से न केवल नगद राशि गायब है, बल्कि पंचायत के वे दस्तावेज भी नहीं हैं, जिनका सीधा संबंध वित्तीय लेन-देन, निर्माण कार्य, रोजगार योजनाओं, पेंशन भुगतान, राशन कार्ड नवीनीकरण, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, टैक्स वसूली, निर्वाचन, सामाजिक अंकेक्षण और विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित सहित 42 प्रकार के महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

चोरी या साजिश ?

आखिर इसके पीछे असली मकसद क्या था? क्या यह केवल चोरी है या फिर किसी रिकॉर्ड को मिटाने की सुनियोजित कोशिश? बताया जा रहा है कि चोरी हुए दस्तावेजों में ग्राम सभा कार्यवाही पंजी, रोकड़ पंजी, लेजर, वाउचर फाइल, टैक्स वसूली पंजी, रोजगार एवं मनरेगा रिकॉर्ड, पासबुक-चेकबुक, जन्म-मृत्यु पंजी, निर्वाचन फाइलें, सामाजिक अंकेक्षण और विभिन्न योजनाओं के अभिलेख शामिल हैं।

मामला सवालों के घेरे में : घटना के बाद मामला संदिग्ध हो गया है और सवालों के घेरे में चोरी की कहानी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर साधारण चोरी में कोई चोर 30 वर्षों के दर्जनों रजिस्टर और फाइलें क्यों ले जाएगा? क्या चोरों को पहले से पता था कि कौन-कौन से दस्तावेज कहां रखे हैं? नगद राशि अपेक्षाकृत कम, लेकिन अभिलेख अत्यधिक महत्वपूर्ण था।

ग्राम अछोली में सुदर्शन वाल्मीकि सामाजिक भवन का भूमिपूजन

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने दी सौगात

अछोली/डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अछोली में आज उस समय हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया, जब विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सुदर्शन वाल्मीकि समाज के नवनिर्मित होने वाले सामाजिक भवन का विधि-विधान से भूमि पूजन किया। इस कार्यक्रम ने न केवल विकास की ईंट रखी, बल्कि सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का एक नया संदेश भी दिया।

विकास और विरासत का संगम : विधायक हर्षिता बघेल का ग्राम आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों और समाज के वरिष्ठजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सामाजिक भवन केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं होता, बल्कि यह समाज की एकता, चर्चा और विकास का केंद्र होता है।

सामाजिक सुधार और एकता पर जोरः विधायक ने अपने संबोधन में सामाजिक स्तर पर सुधार के महत्व को रेखांकित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं:

सशक्तिकरण का केंद्रः उन्होंने कहा कि यह भवन वाल्मीकि समाज के युवाओं के लिए शिक्षा और कौशल विकास के केंद्र के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने समाज से अपील की कि वे एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करें और आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और शिक्षित वातावरण प्रदान करें।

समाज का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और आधुनिक शिक्षा को अपनाएं।

कमलेश चंद्राकर को मिली नई जिम्मेदारी, शुभचिंतकों में खुशी

■ **भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त**

कुरूद/नवप्रदेश। भाजपा संगठन ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय, अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता कमलेश चंद्राकर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक कौशल, डिजिटल माध्यमों में प्रभावी कार्यशैली और पार्टी के प्रति निष्ठा का प्रमाण मानी जा रही है। गौरतलब है कि कमलेश चंद्राकर इससे पूर्व भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक धमतरी के रूप में दो सफल कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाया गया। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भाजपा की मज़बूत उपस्थिति बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नई जिम्मेदारी की घोषणा होते ही उनके शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें बधाइयों का तांता लग गया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स और इंस्टाग्राम पर कार्यकर्ताओं ने

शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया है कि कमलेश चंद्राकर अपने अनुभव और ऊर्जा के बल पर प्रदेश स्तर पर सोशल मीडिया संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा भाजपा की विचारधारा को डिजिटल माध्यमों के ज़रिए जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कमलेश चंद्राकर ने अपने नेता पुर्व मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, दीपक महेस्के, सोशल मिडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी सहित पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। कमलेश को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, चेतन हिंदुजा, राजीव सिन्हा, महेश केला, चन्दन शर्मा, गणेश साहू, दीपक चंद्राकर, कमल शर्मा, अविनाश दुबे, होरी लाल साहू, शुभम यदू, मुलचंद सिन्हा, धर्मेंद्र, देवेंद्र, कल्याण राजपुत, युगेश धीवर, सुमीत बंजारे, हिमांशु, वरिष्ठ जनों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया।

अंजू त्रिपाठी ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत क्षेत्र में आवश्यक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि डोंगरगांव नपं क्षेत्र में नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या एवं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय में सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है।

विद्युत विभाग ने मनाया रजत महोत्सव पर्व

कुरूद/नवप्रदेश। संभागीय स्तर पर विधुत विभाग कुरुद कि ओर से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर्व मनाया जा रहा है । जिसमे मान अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि रहेंगे । कार्यक्रम प्रभारी कार्यपालन अभियंता अमित कुमार रहेंगे।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लि. कुरूद ने बताया कि 5 फरवरी गुरुवार, समय - 10 बजे से स्थान: स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर केनाल रोड कुरूद में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम मे सम्मानीय उपभोक्ताओं को प्रशस्ति प्रणाम पत्र प्रदान किये जाएंगे। साथ ही सूर्य घर योजना से लाभवंटित उपभोक्ताओं का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में इंजीनियर श्री कोसरे , कनिष्ठ अभियंता

राकेश कुमार सिन्हा, तेजेंद्र सिन्हा, रोशन ध्रुव सहित समस्त विद्युत विभाग जुटा हुआ है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्युत विभाग की ओर से रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है जिसमे छ.ग. शासन की ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जानकारी प्रदाय किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद कुरुद करेंगी। और विशिष्ट अतिथि : गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत कुरुद की गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

शिवरतन शर्मा पश्चिम बंगाल चुनाव में बने बर्धमान जिले के प्रभारी

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की संगठन कार्य कुशलता, सक्रियता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को पूर्व बर्धमान जिला (23वां) के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है और वे पश्चिम बंगाल में 27 जनवरी से लगातार जिले के विधानसभाओ के दौरे में हैं। पूर्व बर्धमान में 09 विधानसभा सीटे आती हैं, जहाँ भाजपा

कार्यकर्त्ताओ के साथ सतत बैठक कर चुनावी चर्चा में सहभागिता कर रणनीति तय कर रहे हैं। विदित हो कि इससे पूर्व में भी कई राज्यों के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया, लगातार क्षेत्र में दौरा कर जनता से मिले, भाजपा की नीतियों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कार्यों, जनहित की योजनाओं एवं भाजपा के विकासवाद का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुझे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रभारी के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है।

जागरुकता अभियान | रासेयो स्वयं सेवकों ने मलेवांचल क्षेत्र के मुढ़ीपानी में चलाया जन जागरुकता अभियान

शिविर निरीक्षण कर बौद्धिक परिचर्चा में हुए शामिल डॉ. समीक्षा

छुरा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम मुढ़ी पानी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन रासेयो जिला संगठक डॉ.समीक्षा चंद्राकर का आगमन हुआ। उन्होंने शिविर स्थल का निरीक्षण कर बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुए। जिला संगठक डॉ.चंद्राकर ने स्वयंसेवी सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिविर में शामिल सभी विद्यार्थियों को इन सात दिनों में बहुत सिखने का अवसर मिलेगा। समूह में काम करने का अपना अलग ही अंदाज है। कहा कि, सेवा ही सबसे बड़ा

धर्म है। विद्यार्थियों को सेवा के साथ अच्छी पढ़ाई कर अपने-आप को मजबूत बनाने की बात कहते हुए रासेयो के उद्देश्यों पर प्रकाश डाले। शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने शिविर के दौरान किये कार्यों और अनुभव के संबंध में अपने विचार साझा किये। बताए कि प्रात: 5:00 बजे प्रभात फेरी के साथ योगा प्रणायाम पश्चात नित्य सेवा कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, ग्राम संपर्क कर जानकारियां प्राप्त करते है। वही संध्याकालीन शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यकर्मों के माध्यम से मनोरंजन के साथ साथ जनजागरूकता अभियान चला रहे है। इस अवसर पर राष्ट्रीय योजना कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे प्राध्यापक तरुण कुमार निर्मलकर, निर्मला यादव, पंचायत प्रतिनिधि,ग्रामीण जन स्वयं सेवक शिविरार्थी मौजूद रहे। अंत में विद्यार्थियों ने समाज व राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। शिविरार्थियों ने जिला संगठक डॉ. समीक्षा चंद्राकर का प्रतीक चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

रायपुर- बिलासपुर के बीच ट्रेन सुविधा बढ़ाने की मांग

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं न्यायधानी बिलासपुर के बीच चलने वाली तमाम रेल यात्री ट्रेनों में लगातार भीड़ भाड़ वाला माहौल चल रहा है इसको ध्यान में रखते हुए अब एक लंबे समय से की जा रही है विभिन्न यात्री ट्रेनों का विस्तार दुर्ग रेलवे जंक्शन तक करने की पुन: मांग रेल यात्रियों ने की है।

रेल यात्रियों ने इस दिशा में बिलासपुर - रायपुर व दुर्ग के निर्वाचित सांसदो से उचित पहल करने की मांग करते हुए कहा है कि अनेक यात्री ट्रेन जो बिलासपुर में समाप्त हो रही है उसे दुर्ग रेलवे जंक्शन तक चलाने की जरूरत है जिससे की बहुजन

हिताय बहुजन सुखाय के तहत भाटापारा दाधापारा, चकरभाठा , बिल्हा , दगोरी , निपनिया , हथबंध , तिल्दा - नेवरा , बैकुंठ , सिलयारी , मांढर , डब्ल्यू आर एस कॉलोनी , उरकुरा , रायपुर सहित भिलाई दुर्ग तक के हजारो रेल यात्री जो कि रोजाना रोजी रोजगार के साथ साथ शिक्षा, चिकित्सा व व्यवसायिक तथा रिश्तेदारी के काम से रायपुर , भीलाई ,दुर्ग तक यात्रा करते है उन्हें राहत प्राप्त हो सकेगा ।

कलेक्टर ने ली मिलर्स की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को मिलर्स की बैठक लेकर नान में चावल जमा करने के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ीएस दुकानों में आगामी 20 फरवरी को चावल उत्सव मनाया जाएगा। पीडीएस दुकानों में 10 फ़रवरी तक खाद्यन्न भण्डारण सुनिश्चित करें।
कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव और मिलिंग के पश्चात चावल जमा करने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि मिलर्स को आवंटित कोटे के अनुसार उपार्जन केंद्रों से तत्काल धान उठाव करें एवं मिलिंग के बाद चावल की डिलीवरी के लिए सख्त समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने अधिकारियो को भी निर्देशित किया कि मिलरों द्वारा धान उठाव की सतत मॉनिटरिंग करें और रूचि नहीं लेने वाले मिलरों पर कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों से ज्यादा-ज्यादा धान मिलरों के पास जाए। बैठक में खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं मिलर्स उपस्थित थे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों का किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत निपानिया विद्युत वितरण केंद्र में उपभोक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों के विकास में ऊर्जा विभाग के योगदानों का वर्णन किया गया तथा विद्युत विभाग के विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप अनन्त, विशिष्ट अतिथि नरेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत निपानिया, चेतन वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत मौपका, भाजपा मंडल अध्यक्ष निपानिया मथुरा प्रसाद यदु एवं बसंत वर्मा, हर्ष प्रसाद तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता व्ही के राठिया ने योजना अंतर्गत घरेलू विद्युत कनेक्शन, एकल बत्ती कनेक्शन, कृषि पंप कनेक्शन, मोर बिजली एप,ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान, विद्युत कॉल सेंटर, 1912 आदि की जानकारियां दी,श्री राठिया ने

विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों को योजनाओं के लाभ लेने प्रेरित किया गया साथ ही उपभोक्ताओं से नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करने अनुरोध किया गया।

इस सम्मान समारोह में उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं को जो नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं उनको सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया तथा इस योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया उनमें ग्राम मोपकी से श्रीमती सीमा यादव ग्राम मोपका से सनत कुमार पाटकर ग्राम बिटकुली से श्रीमती नंदकुमार बाई, ग्राम भोथी डीह से तुंगन सिंह एवं ग्राम निपानिया से सुशील कुमार मिश्रा हैं. इन हितग्राहियों ने उनके बिजली बिल में भारी कमी आने के कारण योजना की सराहना किया.इस अवसर पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता आवेलशन खेस, कनिष्ठ अभियंता बीपी साकेत, हनीफ मोहम्मद एवं निपानिया वितरण केंद्र के लाइन कर्मचारी और ग्राम निपानिया एवं आसपास के ग्रामीण काफी संख्या मे उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

वार्षिक उत्सव सह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में वार्षिक उत्सव सह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम रहीं। वहीं श्रवण मरकाम (पूर्व विधायक), हृदय साहू (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत नगरी), कलावती मरकाम (जनपद सदस्य), रामेश्वर मरकाम (सरपंच), मयाराम नागवंशी (आदिवासी समाज प्रमुख), रमेश मंडावी (सरपंच, बांधा), उषा नेताम (सरपंच, पाईभाठा) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

निकेत ताम्रकार लगातार तीसरी बार बने धमधा ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के छ ग श्रमजीवी पत्रकार संघ के गठन को लेकर जिला स्तर पर आयोजित बैठक में संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक परंपरा का उदाहरण देखने को मिला। जिला स्तर पर सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत निकेत ताम्रकार को लगातार तीसरी बार धमधा ब्लॉक पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना गया। जिला अध्यक्ष ललित साहू सहित सभी सदस्यों ने मिल कर चयन प्रक्रिया किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकमत होकर उनके नाम का समर्थन किया। सदस्यों ने कहा कि निकेत ताम्रकार ने अपने पिछले दो कार्यकालों में न सिर्फ पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया, बल्कि संगठन को सक्रिय, अनुशासित और जनहित से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत खुज्जी केंद्र में भव्य आयोजन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। इसी उपलक्ष्य में दिनांक 31 जनवरी 2026 को डोंगरगांव विद्युत संभाग के अंतर्गत खुज्जी वितरण केंद्र कार्यालय में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश शर्मा प्रवक्ता किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ रहे, जबकि अध्यक्षता बोधन साहू मंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अजय पंसारी सरपंच, ग्राम पंचायत खुज्जी, द्वारिका पटेल (समिति प्रबंधक), तोरण चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत बरबसपुर, बीशन बाई सरपंच ग्राम पंचायत बढ़भूम, मनेश्वर कुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।डोंगरगांव विद्युत संभाग से यशवंत तुम्रेकी (सहायक अभियंता), श्रीमती धनेयश्वरी चंद्रवंशी (कनिष्ठ अभियंता), चिरंजीव नायक (कनिष्ठ अभियंता) के साथ आशीष साहू, नीलकंठ कतलाम, तुलेश, सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

करेलीबड़ी में 14 हेक्टेयर भूमि पर 8.67 करोड़ की लागत औद्योगिक क्षेत्र की होगी स्थापना

कुरूद क्षेत्र को सौगात, औद्योगिक विकास से मिलेगा रोजगार

कुरूद/नवप्रदेश। जिले के औद्योगिक विकास की नई दिशा देते हुर ग्राम भालुकूलन तहसील कुरुद एवं प्राम करेली बड़ी तहसील मगरलोड में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना हेतु अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम ग्राम डांडेसरा कुरूद में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुरुद अजय चंद्राकर थे। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष राज्य औद्योगिक विकास निगम ने की।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विशमेश कुमार, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम अनुकूलन में 11.00 हेक्टेयर भूमि पर रू: 7.94 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिसमें 39 भूखण्ड उपलब्ध होंगे। वहीं ग्राम करेलीबड़ी में 14 हेक्टेयर भूमि पर क: 8.67 करोड़ की लागत ये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी, जिसमें 36 आबंटन योग्य भूखण्ड विकसित किए जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से क्षेत्र में लघु एवं मध्यम उद्योगों को सुत्मवस्थित अधोसंरचना, निवेशकों की अनुकूल वातावरण तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इससे क्षेत्र के समय सामाजिक- आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी य। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में स्थित आईटीआई महाविद्यालयों से प्रशिक्षित युवाओं के लिए उद्योगों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही औद्योगिक गतिविधियों के पियतार से ग्रामीण महिलाओं को कैंटीन सेवाक्षेत्र एवं अन्य सहायक व्यवसायों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। राजीव अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर औद्योगिक अधोसंरचना का विकास कर निवेशकों को आकर्षित किया जा रहा है। ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से छत्तीसगढ़ औद्योगिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। कार्यक्रम में गौकरण साह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत, गीतेश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष कुरूद, ज्योति भानुचंद्राकर, अध्यक्ष नगरपालिका कुरूद, ज्योति हरख जैन, अध्ध नपं भखारा, हेमा प्रमादत्त गत्रीर सरपंच कन्हारपुरी-भालूझूलन, सरपंचडाडेसरा, अनिल चंद्राकर ,भूपेंद्र चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, दीपक अग्रवाल,गोपी जोशी कैलाश साहू ,सत्यनारायण , दीपक साहू सहित एस डी एम नभ सिंह कोसले. मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन, तहसीलदार पटवारी विरेंद्र बैंस साथ ही वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, कार्यपालक संचालक संतोष भगत,विभाग के सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक कार्यक्रम की विभिषत शुरुआत करने वाले प्रबंध संचालक विश्लेस कुमार ने बताया कि इन क्षेत्रों की स्थापना से स्थानीय आईटीआई पॉलिटेक्निक और इंजीनियरि कॉलेज के छात्रों को सीधे रोजगार मिलेगा। अव युषाओं को पढ़ाई के बाद बाहर नहीं भटकना होगा, बल्कि उनके घर के पास ही बड़े औद्योगिक अवसर उपलब्ध होंगे।

कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने राजनीति और विकास के अन्तर्सम्बन्धों पर गहरा प्रहार करते हुए कहा कि आजकल लोग पूछते हैं इच्छाशक्ति क्य होती है? इच्छाशकिर देखनी है तो इन औधोगिक क्षेत्रों के पीछे की मेहनत देखिए। पिछले डेढ़ साल से हम चुनाव में थे ।लेकिन मेरो प्राथमिकता जमीन खोजना, उसे नाम चढ़वाना और स्वीकृत कराना था। उन्होंने कहा कि पहले राइस मिल के ड्राइवर से लेकर हार्वेस्टर वाले पंजाब से आते थे।लेकिन आज हमने आईटीआई, इजीनियरिस, एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर कॉलज ला दिया है। अब हमारे बच्चे यहीं निपून होंगे और यहीं के उद्योगों में अधिकारी बनेंगे।

जैन संत शिरोमणी का विधायक इन्द्र साव ने किया भव्य स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में मंगलवार को जैन संत शिरोमणि 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज श्रीसंघ के मंगल आगमन पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रात:काल महाराज श्री का नगर में प्रवेश के दौरान विधायक इन्द्र साव ने कांग्रेस जनों के साथ उनकी मंगल अगुवानी की। इस अवसर पर जैन समाज सहित समस्त धर्मावलंबियों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया।

विधायक इन्द्र साव ने पूरे क्षेत्र वासियों के लिए उनसे आशीर्वाद लिया,उन्होंने उनके आगमन को नगर के लिए सौभाग्य की बात कहते हुए कहा कि इतने बड़े संत का नए वर्ष में अपने श्रीसंघ के साथ नगर आगमन होना सिर्फ जैन समाज ही नहीं सभी समाज सभी धर्मावलंबी के शुभ और अच्छा संकेत है।उनके चरण रज ने भाटापारा की जमी को पवित्र कर दिया।

इस दौरान श्रावक-श्राविकाओं ने पुष्पवर्षा कर, मंगल कलश एवं जयघोष के साथ महाराज श्री का अभिनंदन किया। भाटापारा आगमन के दौरान पूरे मार्ग को रंगोलियों और तोरण द्वारों से सजाया गया था। वातावरण 'धर्म की जय हो' और 'विशुद्ध सागर जी महाराज की जय' के उद्घोष से गूंज उठा। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों जैन समाज अध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया कि महाराज श्री के सान्निध्य से नगर का वातावरण धर्ममय हो गया है। विधायक इन्द्र साव के साथ समाजजनों ने भी महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके मंगल प्रवास की कामना की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा, मोहन केसरवानी, दिवाकर मिश्रा, शेखर चक्रधारी पार्षद, नरेंद्र यदु पार्षद, नानू सोनी, अभिषेक मोदी, विक्की ठाकुर, शेषनारायण यदु, मुकेश साहू, जीत नारायण साव, धनंजय कुर्रे, कुंजू साहू सहित जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती धूमधाम से मनाई

रविदास, संत के साथ समाज सुधारक थे: पुनित

छुरा/नवप्रदेश। ग्राम खैरझिटी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रुप में डमेश्वर दीवान सरपंच ग्राम पंचायत खैरझिटी,अध्यक्षता ओमप्रकाश मिर्धा जिलाध्यक्ष रवि दास समाज,पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता,ओमप्रकाश यादव पंच,बंसती बाई सोनवानी,मंचीसन रहे।

इस दौरान बड़ी संख्या में संत समाज के अनुवाई जगत गुरु संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की छायां चित्र एवं पीले रंगों से सुसज्जित जयत खांभ पर विधि पूर्वक दीप प्रज्वलित कर श्रीफ्ल एवं पुष्पमाला से पूजा अर्चना किया गया तथा भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं गौतम बौद्ध भगवान की छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित की गई।और सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया कार्यकम को संबोधित करते हुए पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि संत रविदास जी एक महान संत के साथ-साथ समाज सुधारक और कवि भी थे।उन्होंने अपने जीवन को समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए समपर्ति कर दिया, उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित कर रही है।

मुख्य अतिथि डमेश्वर दीवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास महराज जी का जीवन चित्रण पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक, समता मानवता एवं भाईचारे के संदेशों पर अमल करने की बात कही।इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष ओमप्रकाश मिर्धा, सचिव हेमलाल बंजारे, उपाध्यक्ष लक्ष्मण बंजारे, सहसचिव डायमंड मिर्धा कोषाध्यक्ष सोहन मिर्धा,राजा परमानंद अजगले, संयोजक गणेश राम बंजारे, मिलन बंजारे,संरक्षक धरन सिंह हिरवानी, मिडिया प्रभारी धनेश मिर्धा, सलाहकार अर्जुन बंजारे, वरिष्ठ सदस्य संतोष सोनवानी, सदस्य अशोक रात्रे,सेवादार गोपाल बंजारे सहित महिला पदाधिकारी तथा सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डाइट नगरी में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में माध्यमिक शाला के प्रधानपाठकों का डी एल एड प्रथम वर्ष के शाला अवलोकन के संदर्भ में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य पी राय के निर्देशन में किया गया। शाला अवलोकन के उद्देश्य के संबंध में पी एस टी ई प्रभारी डी के साहू ने विस्तार से चर्चा किया। प्राचार्य पी राय ने छात्राध्यापकों के लिए सामान्य निर्देश पर बात की। जोहन नेताम एवं संगीता रणघाटी व्याख्याता द्वारा छात्राध्यापकों की गतिविधियों के संबंध में बात की। व्याख्याता नरेंद्र देवांगन एवं भूपेंद्र साहू ने प्रधानपाठकों के लिए शाला अवलोकन को बेहतर बनाने हेतु चर्चा किए। प्रधानपाठक शेष सोम, कौशल प्रसाद साहू, गणेशिया नवरंगे, रामकृष्ण ठाकुर एवं कमार विद्यालय नगरी के प्राचार्य महेश्वर जय सिंधु ने शाला अवलोकन से संबंधी अनुभव की जानकारी प्रदान की।

ग्राम आमाली में 470 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाली के आंतरिक मार्ग में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप 470 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू ने ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमाली के सरपंच हिरोंदी ध्रुव, उपसरपंच जीत सेन, पंच हरचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, देव कुमार कश्यप, अंकुश देवांगन, वर्षा साहू, यसबाई, इंदिरा ध्रुव, दीनदयाल सेन, मंडल संगठन मंत्री, मंडल नगरी ग्रामीण अध्यक्ष धन सिंह साहू, कन्हैया देवांगन, जागेश्वर पाटोदी, अनिरुद्ध साहू, अजय नाग, जगत राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को बारिश के मौसम में कीचड़ और आवागमन की समस्याओं से राहत मिलेगी तथा गांव के आंतरिक मार्गों की स्थिति बेहतर होगी।

उन्होंने विकास कार्यों में ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही।

पेज 1 का शेष

बजट से पहले साय सरकार के...

जिला शामिल हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में पुलिस मुख्यालय के विशेष शाखा अंतर्गत एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) के गठन के लिए प्रावधानित 44 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। एसओजी का काम किसी भी बड़ी या अचानक हुई घटना में तुरंत मौके पर पहुँचकर हालात को संभालना और आतंकी हमला या गंभीर खतरे को जल्दी खत्म करना होता है। एसओजी एक खास तरह की प्रशिक्षित टीम होती है, जिसे ऐसे खतरनाक कामों के लिए तैयार किया जाता है।

35 आवासीय कॉलोनियां निकायों को सौंपेंगे: मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई और पूरी हो चुकी 35 आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम और नगर पालिकाओं को सौंपने का निर्णय लिया गया है। इन कॉलोनियों में खुले भू-खंड, उद्यान और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं शामिल होंगी। हालांकि, आवासीय, व्यावसायिक और अर्द्धसार्वजनिक बिक्री योग्य संपत्तियां इसमें शामिल नहीं होंगी। अभी इन कॉलोनियों का हस्तांतरण नहीं होने के कारण वहां रहने वाले लोगों को कई मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

नवा रायपुर में निगम-मंडल के बनेंगे कार्यालय: मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में शासकीय विभागों तथा निगम मंडल के कार्यालयों के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा एक वृहद बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय लिया गया है और यहां विभागों को स्पेस आबंटित किया जाएगा, ताकि भूमि का पूर्ण उपयोग किया जा सके।

सिरपुर एवं अरपा क्षेत्र में सुनियोजित विकास: मंत्रिपरिषद द्वारा सिरपुर एवं अरपा क्षेत्र में सुनियोजित विकास और विकास कार्यों को गति देने के लिए संबंधित क्षेत्र में शासकीय भूमि के आबंटन का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अरपा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उद्देश्य संबंधित नदी तटीय क्षेत्रों का योजनाबद्ध और समग्र विकास करना है। इसके लिए मास्टर प्लान के क्रियान्वयन, भूमि नियोजन एवं नगर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति: मंत्रिपरिषद ने ''छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति'' को प्रदेश में लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति के अनुसार राज्य शासन के सभी विभाग, उपक्रम एवं स्वायत्त संस्थाएं केवल भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित क्लाउड सेवा प्रदाताओं या भारत में स्थित सुरक्षित डेटा सेंटर एवं डिजास्टर रिकवरी सेंटर से ही क्लाउड सेवाएं लेंगी। किसी विशेष या असाधारण आवश्यकता के लिए राज्य क्लाउड परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

पुस्तक और डील पर...

बजट सत्र में आज भारी राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला। शाम 5 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन को संबोधित करना था, लेकिन विपक्ष के जबरदस्त हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हो गई। राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों के शोर-शराबे और नारेबाजी के चलते सदन की कार्यवाही प्रभावित हुई। स्थिति को देखते हुए अध्यक्ष ने कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया।

सोसाइटी पहुंचने लगे...

किसानों को 33 हजार 149 करोड़ रुपये का भुगतान बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। राज्य में इस वर्ष 27 लाख 43 हजार 145 किसानों ने पंजीयन कराया है। 2,740 केंद्रों के माध्यम से खरीदी की प्रक्रिया हुई है।

नक्सल-डेडलाइन पर शाह...

डेडलाइन में करीब दो महीने का ही समय बाकी है। ऐसे में अमित शाह का यह दौरा नक्सल विरोधी अभियानों की दिशा और आगे की रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

शाह करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

तय कार्यक्रम के अनुसार, अमित शाह 5 फरवरी को देश के दौरे पर निकलेंगे। 7 फ़रवरी को रायपुर पहुंचेंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। जिसे अधिकारी 31 मार्च की डेडलाइन से पहले की अंतिम सुरक्षा समीक्षा के तौर पर देख रहे हैं।

मोबाइल की लत: सॉरी मम्मी-पापा...

तीनों बेटियों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं। इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। तीनों बहनें जिस कमरे में सोती थीं, वहां पुलिस को एक डायरी मिली है। इसके 18 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा मिला। पुलिस का दावा है कि नोट में लिखा है- मम्मी-पापा सॉरी, गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। अब आपको एहसास होगा कि हम गेम से कितना प्यार करते थे, जिसको आप छुड़वाना चाहते थे।

मस्क: 850 बिलियन संपत्ति...

बहाल होने के बाद वे 700 बिलियन क्लब के इकलौते सदस्य बने।

जनवरी 2026: स्पेसएक्स और &AI के मर्जर से कुल संपत्ति 850 बिलियन डॉलर पहुंच गई।

दुनिया के बाकी अमीरों से आगे निकले मस्क

मस्क और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति के बीच का फासला तीन गुण से ज्यादा बढ़ा है। गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज 281 बिलियन की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मस्क उनसे 578 बिलियन ज्यादा अमीर हैं। जिस रफ्तार से उनकी दौलत बढ़ रही है, वे जल्द ही दुनिया के पहले 'ट्रिलियनेयर' (1000 अरब डॉलर के मालिक) बन सकते हैं।

सात करोड़ का धान चूहा...

22 हजार क्विंटल धान गायब मिला, जिसकी कीमत करीब 7 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीएमओ अभिषेक मिश्रा ने कहा था कि मौसम के प्रभाव और चूहे, दीमक व कीड़ों द्वारा नुकसान हुआ है।

चूहों वाला बयान बना निलंबन की वजह

डीएमओ अभिषेक मिश्रा के निलंबन का आदेश रायपुर में विभाग के एमडी की ओर से जारी किया गया है। आदेश में लिखा गया है कि डीएमओ अभिषेक मिश्रा द्वारा मीडिया के समक्ष तथ्यों का सम्यक रूप से बिना पुष्टि किये गलत जानकारी प्रस्तुत की गई है। जो विपणन संघ कर्मचारी सेवानियम की कंडिका- 18 का उल्लंघन है।

गुरु रविदास के विचार मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : शर्मा

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की

कवर्धा / नवप्रदेश।। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास केवल किसी एक समाज के आराध्य नहीं हैं, बल्कि उनके विचार और आदर्श पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने समानता, शिक्षा, श्रम और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। उस मार्ग पर आज समाज निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज आगे बढने् का संकल्प ले रहा है और आज पूरा समाज एकजुट होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर कवर्धा में समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संत रविदास गुरुद्वारा मंगल भवन प्रांगण में भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास गुरुद्वारा पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने गुरु रविदास के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर प्रदेश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गुरु रविदास का संदेश था कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा की ज्योति हर घर में जलती रहनी चाहिए। शिक्षा के माध्यम से ही समाज आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बन सकता है। आज उनके विचारों के कारण समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। संत रविदास के मार्गदर्शन में समाज में अनेक परिवर्तन आए हैं और उनके विचारों का प्रभाव आज पूरे भारतीय समाज पर दिखाई देता है। सामाजिक समानता, आपसी भाईचारा और मेहनत की गरिमा जैसे मूल्यों को उन्होंने अपने जीवन और वाणी से स्थापित किया। यही कारण है कि आज भी उनके विचार उतने ही प्रासंगिक हैं।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम तैयार

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिये नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता से जोडने् फीडबैक लिया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत की गई है। समय-समय पर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड प्रभारी, स्वच्छता मित्र, स्वच्छता दीदी व मिशन क्लीन सिटी प्रभारी की बैठक लेकर स्वच्छता में सुधार करने निर्देशित किया जा रहा है। महापौर और आयुक्त द्वारा सुबह वार्डो में सफाई कार्य का निरीक्षण कर सफाई में और सुधार करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने की अपील की जा रही है।आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुये नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रहा है। निर्धारित समय तक सड़कों, गलियों नाली और नालों की सफाई कराते हुए कचरा उठाया जा रहा है। अनुपस्थित कर्मचारी व कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जा रही है। कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि सफाई से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। कही पर भी सफाई न होने की शिकायत पर प्राथमिकता से सफाई कराने निर्देशित किया गया है। तकनीकी अधिकारियों को भी अपने अपने प्रभरित वार्ड में सफाई देखने का दायित्व सौपा गया है। सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराने कहा गया है।आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव व पार्षदों द्वारा समय-समय पर सफाई कार्य का निरीक्षण कर सफाई में गुणात्मक सुधार लाने के लिये निर्देशित किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदीयों द्वारा घर में ही कचरा पृथककरण करने की समझाईश दी जा रही है। घरों के आस पास साफसफाई रखने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

राज्य सलाहकार मधुरिमा मसीह ने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यों का किया औचक निरीक्षण

बालोद / नवप्रदेश।। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के निर्देश के परिपालन में राज्य सलाहकार मधुरिमा मसीह ने बालोद जिले के ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खलारी में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और कचरा संग्रहण शेड का निरीक्षण करने के साथ ही उपस्थित स्वच्छता दीदीयों से चर्चा भी की।

हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

बालोद / नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पचायत गुदुम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रमीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण के लिये राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे आवास निर्माण की गुणवत्ता बेहतर होगी। जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पंचायत गुदुम में आरसेटी बालोद की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शुरू होने के पूर्व हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उनकी सूची के अनुसार चयन किया गया।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन करने सामूहिक दवा सेवन 10 से

बालोद / नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश को फाइलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया उन्मूलन और कृमि मुक्ति हेतु सामूहिक दवा सेवन के लिये जिले में अलग-अलग तिथियों में सामूहिक दवा सेवन कराया जाएगा। 10 फरवरी से 12 फरवरी 2026 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, शैक्षणिक संस्था, रेलवे, बस स्टैंड और हाउसिंग सोसाइटी में बूथ में दवा सेवन कराया जाएगा। 13 फरवरी से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर भ्रमण कर दवा का सेवन कराया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शेष रहे गए लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में स्थान पाने वाले स्टूडेंट को मिलेगा 10 और 12 हजार रुपये का पुरस्कार

- जनपद सदस्य ने घोषणा की

बालोद / नवप्रदेश। ग्राम करहीभदर स्थित शासकीय हाई स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में बालोद जिले की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10 वीं के छात्र को 10,000 रुपये और कक्षा 12 वीं के छात्र को 12,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रोत्साहन राशि 15 अगस्त को आयोजित समारोह में प्रदान की जाएगी। इस घोषणा से क्षेत्र के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने् के लिए प्रेरित किया। जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना द्वारा बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने की पहल सराहनीय और प्रेरणादायक मानी जा रही है।

पीसीसी चीफ बैज से वोट चोरी के प्रयासों की शिकायत, साक्ष्य भी सौंपे

- जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने दिए दस्तावेज

राजनांदगांव। / नव प्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ सौजन्य भेंट की और संगठन कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला महामंत्री राहुल तिवारी और पंकज बाँधव, प्रवक्ता अनीस खान उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने और संगठन के निर्देशों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया।

भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को और अधिक सशक्त करने, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कांग्रेस ध्यक्ष विपिन यादव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थित व्यक्तियों द्वारा फॉर्म-7 के माध्यम से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने के प्रयास का साक्ष्य सहित खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस गंभीर मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया और दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। पूरे प्रकरण से संबंधित साक्ष्यात्मक तथ्यों के आधार पर तैयार किए गए समस्त दस्तावेज प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे। विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया कि छुरिया क्षेत्र में इस प्रकार के नाम विलोपन की जानकारी सर्वप्रथम पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा संज्ञान में लाई गई थी। इसके बाद पूर्व विधायक छन्नी साहू, वर्तमान विधायक भोला राम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक प्रयास करते हुए साक्ष्य आधारित जानकारी एकत्र की। इसके परिणामस्वरूप भाजपा के इस षड्यंत्र का भंडाफोड़ संभव हो सका। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पूरे प्रकरण में जिलाध्यक्ष विपिन यादव, वर्तमान व पूर्व विधायकों सहित जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से कांग्रेस समर्थित नागरिकों के नाम विलोपित करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इस गंभीर विषय को निर्वाचन आयोग तक ले जाया जाएगा।

नौसेना की कार्यप्रणाली देखने पनडुब्बी संग्रहालय गए कवर्धा के स्कूली छात्र

- विशाखापट्टनम में आईएनएस पनडुब्बी संग्रहालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

कवर्धा / नव प्रदेश।। समग्र शिक्षा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक व सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित आईएनएस पनडुब्बी संग्रहालय ले जाया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयम, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा व जिला मिशन समन्वयक विनोद कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में भ्रमण कराया गया।

छात्र-छात्राओं ने पनडुब्बी संग्रहालय में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारियों को नजदीक से देखा और समझा। विद्यार्थियों को समुद्री जीवन, नौसेना की कार्यप्रणाली, पनडुब्बी की संरचना, अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अवधारणाएं तथा समुद्र में होने वाले ज्वार-भाटा जैसी प्राकृतिक घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव से विद्यार्थियों की जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नया विस्तार मिला।सहायक कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार चंद्रवंशी ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक रूप से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि कई बार पुस्तकों में पढ़ी गई बातें प्रत्यक्ष देखने और समझने से अधिक स्पष्ट हो जाती हैं। जिला मिशन समन्वयक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में निरीक्षण क्षमता, कल्पनाशीलता और तार्किक सोच का विकास करते हैं, जो उनके समग्र शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शैक्षणिक भ्रमण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 20 छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के साथ भ्रमण कराया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की

- कमजोर प्रगति वाले क्षेत्रों से समस्याओं की जानकारी ली

बालोद / नवप्रदेश। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने आज जिला निर्वाचन अधिकारियों व उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता से पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कमजोर प्रगति वाले जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और विधानसभा के लिए नियुक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

विधायक भावना बोहरा की पहल पर रेंगाबोड़ व्यपवर्तन योजना के लिए 63.80 करोड़ मंजूर

आठ गांव के हजारों किसानों को मिलेगा लाभ

पंडरिया / नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र की जनता व किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पूरा किया जा रहा है। डबल इंजन भाजपा सरकार ने इस मांग को पूर्ण करते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी व किसान-हितैषी नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील व विकासोन्मुखी सरकार द्वारा रेंगाबोड़ (कुंडा) व्यपवर्तन योजना हेतु 63 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दी गई है। यह योजना पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनियाकुबा, रेंगाबोड़ (कुण्डा), ओड़ाडबरी, लोखान, सेन्हाभाटा, दुल्लापुर, बर्घरा और भुवालपुर सहित आस-पास के ग्रामों के हजारों किसानों के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के लगभग 1620 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। इससे किसान केवल मानसून पर निर्भर नहीं रहेंगे और कृषि उत्पादन व किसानों की आय में वृद्धि होगी।

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं गुप्ता प्रियंका हीरालाल, पति राहुल गुप्ता, म.नं. 1698 वार्ड नं. 56, कृष्णा नगर, बघेरा दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम गुप्ता प्रियंका हीरालाल को त्याग कर नया नाम प्रियंका गुप्ता, रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रियंका गुप्ता, से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ती
प्रियंका गुप्ता
मकान नं. 1698 वार्ड 56 कृष्णा नगर
बघेरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं दिलीप जैन पिता तारा चंद जैन, निवासी मकान नं. 16, जैन दादा बाड़ी रोड मालवीय नगर, वार्ड नंबर 23, दुर्ग, (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम दिलीप जैन, को त्याग कर नया नाम दिलीप कुमार जैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम दिलीप कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
दिलीप कुमार जैन
मकान नं. 16 जैन दादा बाड़ी रोड
मालवीय नगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202601104700067
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनंत चिंद आ. श्री पवन चिंद उम्र 35 वर्ष जाति- सामान्य निवासी-1254/1 बी, श्री शिवम, गुरूद्वारा के पास गोंविद नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 717/3 का टु. भूखण्ड बी/34, क्षेत्रफल 1743.77 वर्गफीट =162.00 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता हाउसिंग प्राईवेट लिमिटेड हस्ताक्षरकर्ता श्री अजय चौहान पिता स्व. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान के तरफ से आम मुख्तयार श्री रामकिंकर मिश्रा आ.स्व. श्री शिव कृष्ण मिश्रा से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 13/10/2021 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202601104700066
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुज चिंद आ. श्री पवन चिंद उम्र 32 वर्ष जाति- सामान्य निवासी-1254/1 बी, श्री शिवम गुरूद्वारा के पास गोंविद नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 717/3 का टु. भूखण्ड बी/33 क्षेत्रफल 1743.77 वर्गफीट =162.00 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता हाउसिंग प्राईवेट लिमिटेड हस्ताक्षरकर्ता श्री अजय चौहान पिता स्व. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान के तरफ से आम मुख्तयार श्री रामकिंकर मिश्रा आ.स्व. श्री शिव कृष्ण मिश्रा से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 13/10/2021 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सूरज कुमार देशलहरे उम्र 34 वर्ष पिता धनराज देशलहरे निवासी-ग्राम अंजोरा ढाबा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करता हूँ कि :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 06/03/2024 स्थान- जिला अस्पताल दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है एवं जन्म प्रमाण पत्र रजिस्टार जन्म/मृत्यु जिला अस्पताल दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. से जारी हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या बी024:22-90171-001931 दिनांक 13/03/2024 है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम भविष्य देशलहरे दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण नाम है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम भविष्य देशलहरे को विलोपित करवाकर उसका सही व वास्तविक नाम भव्य देशलहरे दर्ज कराकर ऑनलाईन के माध्यम से जन्मप्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं। अत: शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सूरज कुमार देशलहरे
पिता धनराज देशलहरे
निवासी-ग्राम अंजोरा ढाबा
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम कुमार साहू पिता श्री चम्पा लाल साहू, उम्र 65 वर्ष, पता-म.नं. 0623/051, सड़क नं.06, पंचशील सेक्टर बी, बोरसी दुर्ग, तह.व जिला दुर्ग (छ.ग) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम राम कुमार पिता चम्पा लाल को त्यागकर नया नाम राम कुमार साहू पिता श्री चम्पा लाल साहू रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राम कुमार साहू पिता श्री चम्पा लाल साहू से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
राम कुमार साहू
पिता श्री चम्पा लाल साहू,
पता-म.नं. 0623/051, सड़क नं.06,
पंचशील सेक्टर बी, बोरसी दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202601100800022
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम-धमधा, प.ह.न. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक ओमप्रकाश स्वर्णकार पिता लक्ष्मीनाथ स्वर्णकार जाति सोनार निवासी वार्ड 10 विजय नगर शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन फौती दर्ज कराने पेश किया गया है कि ग्राम धमधा प.ह.नं. 15 स्थित वादभूमि खसरा नंबर 851 रकबा 0.14 हे. भूमि राजस्व अभिलेख दर्ज है, आवेदित भूमि के सहखातेदार हुलसी पिता परमेश्वर दयाल की मृत्यु दिनांक 07.10.2025 को हो जाने उपरांत उनके वैध वारिसान पुत्र ओमप्रकाश स्वर्णकार, पुत्री सरला सोनी, सरिता सोनी, सुषमा स्वर्णकार है के नाम फौती दर्ज कराने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 25.02.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र.202602100700006
/ब-121/वर्ष 2025-26

एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक लोकेश्वर पिता स्व. अंकलहा राम, जाति- धोबी, निवासी म.नं. 03 वार्ड नं 40 इंदिरा कॉलोनी, पोटिया रोड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित नजूल भूमि भूखंड क्र. 54 क्षेत्रफल 350 वर्गफीट नजूल भूमि शासन द्वारा पट्टाधारी आवेदक की माता स्व. महाबती पति स्व. अंकलहा को प्रदत्त किया गया था। पट्टाधारी महाबती पति स्व. अंकलहा की मृत्यु दिनांक 18/04/2008 को हो चुकी है। तथा आवेदक के पिता अंकलहा की मृत्यु दिनांक 16/11/1998 को हो चुकी है। इस प्रकार उपरोक्त पट्टा जिसपर मकान एवं खुली भूमि है में आवेदक एवं बहन साधना निर्मलकर ही अपने माता/पिता के विधिक वारिसान है। पट्टाधारी के मृत्योपरांत उनका नाम संधारण खसरा से विलोपित किया जाकर आवेदक एवं आवेदक की बहन साधना निर्मलकर का नाम संधारण खसरा में नामांतरित किये जाने हेतु आवेदन-पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में दावा आपत्ति या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 19.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जायेगा। आज दिनांक 03.02.0262 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202601101500054
/अ-27/वर्ष 2025-26
ग्राम करसा प.ह.न. 12 तह. पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशस्थ चौधरी आ बहादुर चौधरी अन्य 02 निवासी ग्राम हथखोज, भिलाई 03 जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम करसा प.ह.नं. 12 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 43 रकबा 0.76 है. भूमि आवेदक दशरथ चौधरी पिता बहादुर के नाम पर भूमिस्वामी मद में दर्ज है। आवेदक दशरथ चौधरी पिता बहादुर द्वारा उक्त भूमि को अपने जीवन काल में अपने दो पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी आ. दशरथ चौधरी, अमिताभ चौधरी आ. दशरथ चौधरी को अपने जीवन काल में बटवारा देना चाहता है। अतः आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत खाता विभाजन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 25.02.2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu) आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) निवासी सिकोला भाठा वार्ड नं 14 दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- 2 यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे शालेय प्रमाण पत्र मे मेरा नाम छोटू राम आत्मज दुखित राम दर्ज है। जो कि लिपिकीय त्रुटि है एवं मेरा सही व वास्तविक नाम पेन कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम शंकर लाल साहू है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu) आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) है। जो कि सत्य व सही है। मेरा आधार नं. 6030 5822 9074 है। यह कि उक्त शपथपत्र छत्तीसगढ राजपत्र गजट में छोटू राम के स्थान पर शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu) आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) को प्रकाशित किये जाने हेतू सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
शंकर लाल साहू
आत्मज दुखित राम साहू
निवासी सिकोला भाठा वार्ड नं 1 दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता शानू दास (Shanu Das) आयु 29 वर्ष, पिता सपन कुमार दास (Sapan Kumar Das) निवासी-म.न. 192 अर्जुन नगर वार्ड-19 सुपेला भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :- यह कि, मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करती हूँ। यह कि, मेरे नाम पर भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम शानू बंजारे पति सपन कुमार दास है जिसका आधार नंबर 4732 4728 4871 है जो लिपिकीय त्रुटि है। जिसे आधार कार्ड सुधार कराना चाहती हूँ। यह कि, मेरे विवाह प्रमाण-पत्र में मेरे सही व वास्तविक नाम शानू दास पति सपन कुमार दास दर्ज है जो सत्य एवं सही है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र शानू बंजारे पति सपन कुमार दास के स्थान पर शानू दास पति सपन कुमार दास दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ्र-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
शानू दास
पिता सपन कुमार दास
निवासी-म.न. 192 अर्जुन नगर वार्ड-
19 सुपेला भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.14/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक मैथ्यू पुढेम्पराम्बिल वरगीस आ. स्व. वरगीस मैथ्यू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दू. प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/43 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमति मौली वर्गिस पति स्व. वरगिस मैथ्यू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक श्रीमति मौली वर्गिस पति स्व. परगिस मैथ्यू की मृत्यु दिनांक 12.02.2015 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री मैथ्यू पुढेम्पराम्बिल वरगीस, शिबी वर्गिस, मोनसी वर्गिस, अन्नमा पी. वर्गिस, अन्ना शेवा पी. वर्गिस है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.02.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भागवत प्रसाद यादव पिता शिवनंदन निवासी ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 37, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के है। मेरे पक्षकार के पिता शिवनंदन यादव पिता स्व. जग्गू यादव, के नाम, हक व स्वामित्व की पैतृक कृषिभूमि ग्राम खम्हरिया, प. ह.नं. 37, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) खसरा नंबर 515/1 रकबा 0.22 है. भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। मेरे पक्षकार का वैध वारिसान होने के नाते उक्त पैतृक कृषिभूमि पर जन्म से हक व अधिकार निहित है, उक्त कृषिभूमि पर मेरे पक्षकार को प्राप्त होने वाले हक हिस्से को प्रदान किये बिना, बिना किसी विशेष कारण व परिस्थिति के उक्त कृषिभूमि को कथित दलालो के माध्यम से विक्रय करने का सौदा पक्का किया जाना पता चला है, चूंकि इसके पूर्व भी मेरे पक्षकार के पिता द्वारा 50 डिसमिल भूमि को विक्रय कर चुके है, जिस पैतृक भूमि पर भी मेरे पक्षकार को किसी प्रकार का हक हिस्सा प्रदान नही किया गया था। इस प्रकार बिना मेरे पक्षकार को उपरोक्त कृषिभूमि पर बतौर वैध वारिसान प्राप्त होने वाले हक हिस्से को प्रदान किये बिना यदि उक्त कृषिभूमि को विक्रय/हस्तांतरण किया जाता है तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा, उसे अनाधिकृत एवं शून्यवत् माना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

जी.एस. साहू/एम.डी. वैष्णव
श्रीमती एम. साहू
अधिवक्तागण
व्यवहार एवं राजस्व न्यायालय
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 7067081874

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602100700010
/अ-03/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार साहू पिता बिसौह राम साहू, निवासी- रिसाली, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम रिसाली, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रिसाली, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर क्रमश 280/1, 280/3, 280/6 जिसका रकबा क्रमशः 0.110, 0.01, 0.180 हेक्टेयर है। जो वर्तमान में आपस में लगी हुई है को आवेदक द्वारा खसरा संविलियन कराने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 18.02.2026 तक स्वयं अथवा स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति-आक्षेप पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.0262 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता संतोष कुमार पारकर (SANTOSH KUMAR PARKAR) पिता तामस्कर पारकर उम्र 43 वर्ष निवासी-म.नं. 144, कोड़िया, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे वोटर आईडी व समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम संतोष कुमार पारकर (SANTOSH KUMAR PARKAR) पिता तामस्कर पारकर दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, में मेरा नाम संतोष पारकर (SANTOSH PARKAR) अंकित है जिसका आधार कमांक 5568 1431 0059 है। यह कि ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक एव बी.1 पी 2 में मेरा नाम ईश्वर कुमार पारकर (ISHWAR KUMAR PARKAR) पिता तामस्कर (TAMASKAR) दर्ज है। यह कि ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक एव बी 1 पी 2 में मेरा नाम ईश्वर कुमार पारकर (ISHWAR KUMAR PARKAR) पिता तामस्कर (TAMASKAR) व आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, में मेरा नाम संतोष पारकर (SANTOSH PARKAR) के स्थान पर वोटर आईडी व समस्त शैक्षणिक दस्तावेज के अनुसार अपना संतोष कुमार पारकर (SANTOSH KUMAR PARKAR) पिता तामस्कर पारकर दर्ज कराना चाहता है। यह कि उक्त शपथपत्र में मेरे द्वारा जो भी जानकारी दी गयी है वह पूर्ण रूप से सहीं व सत्य है उक्त शपथपत्र में बतायी गयी कोई बात गलत या झूठी पायी जाती है तो उसका समस्त जिम्मेदार मैं स्वयं रहूंगा। अत: यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन किये जाने के समर्थन में श्रीमान समक्ष अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता
संतोष कुमार पारकर

मेंद्री घूमर जलप्रपात के समीप सजेगा भव्य रिसॉर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर की नैसर्गिक सुंदरता और जलप्रपातों को निहारने आने वाले पर्यटकों के लिए सुखद खबर है। चित्रकोट के सामानांतर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर मेंद्री घूमर जलप्रपात के समीप जल्द ही एक भव्य रिसॉर्ट आकार लेने वाला है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की पहल पर लोहंडीगुड़ा प्रशासन ने इसकी कवायद तेज कर दी है। इस परियोजना के लिए ग्राम मेंद्री में स्थित जेल विभाग की भूमि को अब पर्यटन विभाग के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तहसीलदार न्यायालय लोहंडीगुड़ा द्वारा जारी की गई आधिकारिक सूचना के मुताबिक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने मेंद्री घूमर जलप्रपात के पास पर्यटकों की सुविधा और रिसॉर्ट निर्माण के लिए भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए वर्तमान में शासकीय भूमि को पर्यटन विभाग को सौंपने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रशासन ने रिसॉर्ट निर्माण के लिए ग्राम मेंद्री में खसरा नंबर 50, 77, 179 और 184 के तहत कुल 20.28 हेक्टेयर के भू-भाग को चिन्हित किया है, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का व्यापक विस्तार संभव हो सकेगा। भूमि हस्तांतरण की इस प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए प्रशासन ने आम जनता के लिए इश्तहार जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या विभाग को इस भूमि के पर्यटन विभाग को सौंपे जाने पर कोई आपत्ति या दावा है, तो वे सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर तहसीलदार न्यायालय, लोहंडीगुड़ा में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से लिखित आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मामले की सुनवाई के लिए आगामी 07 फरवरी 2026 की तारीख मुकर्रर की गई है। प्रशासन ने यह भी साफकर दिया है कि नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और यह मान लिया जाएगा कि उक्त भूमि हस्तांतरण में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, जिसके बाद निर्माण का रास्ता साफहो जाएगा।

यात्रियों की सुविधा में नया आयाम

❒ पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयास से अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस अब रायपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 से चलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने यात्रियों की सुविधा संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। उनके प्रयासों के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18242 (अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस) अब रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 से प्रस्थान करेगी। यह व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन के सहयोग से लागू कर दी गई है।

राजधानी रायपुर की आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के कार्यालय ने मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर को पत्र लिखकर इस सुविधा की मांग की थी। पत्र में यात्रियों को होने वाली असुविधाओं का विस्तृत उल्लेख करते हुए त्वरित कार्रवाई की अपील की गई थी। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इस पत्र का शीघ्र संज्ञान लेते हुए गाड़ी को प्लेटफॉर्म-01 पर लेने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस जनहितैषी निर्णय से अंबिकापुर, दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आने वाले हजारों यात्रियों को अब प्लेटफॉर्म बदलने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों के लिए यह व्यवस्था वरदान साबित होगी। मंडल रेल प्रबंधक एवं संबंधित रेल अधिकारियों के सहयोग के लिए पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समस्त यात्रियों को इस सुविधा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

छत्तीसगढ़ के 'खजुराहो' भोरमदेव में शुरू किया जाएगा जंगल सफारी

रायपुर-कवर्धा। नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का पर्यटन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र एक नई दिशा की ओर अग्रसर है। कबीरधाम जिले में स्थित ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भोरमदेव अभ्यारण्य में शीघ्र ही पर्यटकों के लिए जंगल सफारी प्रारंभ की जा रही है। इस पहल से राज्य में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ेगी।

प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए स्मरणीय

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डे के मार्गदर्शन में तैयार की गई इस योजना के अंतर्गत लगभग 34 किलोमीटर लंबा सफारी रूट विकसित किया गया है। सफारी के दौरान पर्यटक गौर, चीतल, सांभर, भालू और जंगली सुअर जैसे वन्यप्राणियों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकेंगे। इस जंगल सफारी की विशेष पहचान सकरी नदी मार्ग है, जहां सफारी के दौरान लगभग 17 बार नदी पार करने का रोमांचक अनुभव मिलेगा। यह मार्ग मैकल पर्वतमाला के सघन वनों से होकर गुजरता है, जो प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेगा।

स्थानीय ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार के अवसर

वन विभाग द्वारा इस परियोजना में स्थानीय सहभागिता को प्राथमिकता दी गई है। सफारी वाहनों का संचालन वन प्रबंधन समिति थंवरझोल द्वारा किया जाएगा, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वन विभाग द्वारा सफारी के सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। जंगल सफारी के प्रारंभ होने से अब भोरमदेव आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक 'छत्तीसगढ़ का खजुराहो' के ऐतिहासिक दर्शन के साथ-साथ वन्य जीवन के रोमांच का भी आनंद ले सकेंगे।

महिला केंद्रों में हनुमान चालीसा पाठ

❒ महाराष्ट्र मंडल के सड्डू-मोवा, देवेंद्र नगर, रोहिणीपुरम, अमलीडीह और लालपुर सहित तमाम केंद्र की महिलाओं ने किया सामूहिक पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सभी महिला केंद्रों में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक पाठ का उत्साह 6 जनवरी 2024 से जो शुरू हुआ, वह आज भी 109वें सप्ताह तक अनवरत जारी है। मंडल के सड्डू-मोवा, देवेंद्र नगर, रोहिणीपुरम, अमलीडीह, लालपुर सहित तमाम केंद्रों की महिलाओं ने स्थानीय मंदिरों में पहुंच राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि सड्डू-मोवा केन्द्र के सदस्यों ने आरेंज कंट्री मोवा के मंदिर में राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ किया। इस दौरान शालिनी जोशी, उर्वशी उरगांवकर, मंजूषा कालकर, डॉ. संध्या उरगांवकर, स्वाति कोरान्ने, मनीषा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, शशि दुरेजा, अंजू राजपाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। सभी ने मिलकर हनुमान चालीसा पाठ के साथ आरती और भजन का सुमधुर गायन भी किया। इसी तरह देवेंद्र नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने केंद्र की सभासद श्वेता सायंकर के घर राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का एक साथ पाठ किया।

छत्तीसगढ़ की जैव विविधता में जुड़ा नया अध्याय

❒ मरवाही रेंज में दिखा दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर

रायपुर/नवप्रदेश। हनी बैजर भारत में बहुत ही सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है और इसे दुर्लभ प्रजातियों में गिना जाता है। यह अपनी असाधारण बहादुरी, आक्रामक स्वभाव और मजबूत त्वचा के लिए जाना जाता है। मधुमक्खियों के छत्तों से शहद निकालकर खाने की आदत के कारण इसे हनी बैजर कहा जाता है। मरवाही वनमंडल के मरवाही रेंज अंतर्गत उसाड़ गांव क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर (रैटल) का जोड़ा देखे जाने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों द्वारा मोबाइल से लिए गए फोटो और वीडियो के माध्यम से इस दुर्लभ जीव की उपस्थिति की पुष्टि हुई है।भारत के सीमित क्षेत्रों में पाए जाने वाले हनी बैजर का मरवाही क्षेत्र में दिखाई देना यहां की समृद्ध जैव विविधता और सुदृढ़ होते पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत है। दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर (रैटल) की उपस्थिति की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षात्मक कार्रवाई करते हुए हनी बैजर के जोड़े को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर रवाना किया गया। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई। विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ कर दी गई है। हनी बैजर अपनी असाधारण साहसिक प्रवृत्ति, मजबूत त्वचा और रात्रिचर स्वभाव के लिए जाना जाता है।

दुर्लभ वन्यजीवों को सुरक्षित प्राकृतिक आवास उपलब्ध

उल्लेखनीय है कि वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डे के नेतृत्व में प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण हेतु संचालित योजनाओं और सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते दुर्लभ वन्यजीवों को सुरक्षित प्राकृतिक आवास उपलब्ध हो पा रहा है।राज्य शासन की प्राथमिकता वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण की है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं समृद्ध पर्यावरण मिल सके।

सर्वोदय तालाब पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर ग्रीन आर्मी संस्था ने उठाई आवाज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा शहर के महत्वपूर्ण जलस्रोत सर्वोदय तालाब पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि सर्वोदय तालाब, जो कि अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक-56 अंतर्गत पचपेड़ी नाका से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, उसकी भूमि पर स्थानीय नागरिकों द्वारा विगत माह सितंबर 2025 से अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। इस संबंध में जोन क्रमांक-10 नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए, किंतु अब तक कोई ठोस एवं सकारात्मक कार्रवाई सामने नहीं आई है। स्थानीय मोहल्ला विकास समिति विगत 25 वर्षों से तालाब के संरक्षण हेतु सतत प्रयास कर रही है। इसी क्रम में ग्रीन आर्मी संस्था भी पिछले 4 वर्षों से सर्वोदय तालाब को संरक्षित रखने हेतु संघर्षरत है। लगभग 20 दिन पूर्व ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा सर्वोदय तालाब की समस्याओं को लेकर कलेक्टर, महापौर, अपर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त को लिखित पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई थी। ग्रीन आर्मी संस्था का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो आने वाले वर्षों में सर्वोदय तालाब का अस्तित्व समाप्त हो सकता है, जिससे क्षेत्र में जल संकट एवं पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न होगा। अतः ग्रीन आर्मी संस्था शासन-प्रशासन से विनम्र किंतु गंभीर आग्रह करती है कि इस विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि इस जनहितकारी एवं ऐतिहासिक जलस्रोत को सुरक्षित रखा जा सके।

कोनी-मोपका बायपास निर्माण के लिए 20.51 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के विशेष अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में जन सामान्य का आवागमन सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के कार्यों को कराने के लिए स्वीकृति जारी की गई है। इसी कड़ी में रजत जयंती के विशेष मौके पर जिला बिलासपुर के अंतर्गत कोनी मोपका बायपास मार्ग लम्बाई 13.40 किलोमीटर फोरलेन निर्माण कार्य के लिए 20 करोड़ 51 लाख 80 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

मुख्यमंत्री ने किया 'वूमेन फॉर वेटलैण्ड्स' अभियान के पोस्टर का विमोचन

❒ विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर जल-स्रोत संरक्षण का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर बीते दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में 'वुमेन फ ॉर वेटलैण्ड्स ' अभियान के पोस्टर का अनावरण किया, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आर्द्रभूमि एवं प्राकृतिक जल-स्रोतों के संरक्षण हेतु चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जल ही जीवन है और आर्द्रभूमियां मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति को इस पवित्र अभियान से जोड़ना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि नदियां, तालाब, कुएं, पोखर और आर्द्रभूमियां केवल जल-स्रोत नहीं, बल्कि जीवनदायिनी प्रकृति की पहचान हैं। इन्हें बचाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रज्ञा निर्वाणी ने मुख्यमंत्री को नवागढ़ स्थित गिधवा-परसदा-नगधा पक्षी विहार क्षेत्र को रामसर साइट घोषित करने हेतु ज्ञापन भी सौंपा,मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ÷महिलाएं प्रकृति की प्रथम संरक्षक हैं,यदि मातृशक्ति आगे आएगी तो जल-स्रोतों का संरक्षण जन-आंदोलन बन जाएगा। पोस्टर अनावरण कार्यक्रम के दौरान प्रसन्ना अवस्थी, प्राची शर्मा, प्रणीता शर्मा, आरविका अवस्थी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

प्रज्ञा निर्वाणी चला रहीं व्यापक जन-जागरण अभियान

'वूमेन फॉर वैटलैंड्स' अभियान की संस्थापक एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा प्रदेशभर में आर्द्रभूमि संरक्षण हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत तालाब, नहर, कुएं, नदियों एवं प्राकृतिक जल-स्रोतों के संरक्षण के लिए महिलाओं को संगठित किया जा रहा है।

शराब घोटाला: एक साल बाद रिहा हुए लखमा

❒ लखमा ने कहा -न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा

रायपुर/नवप्रदेश। 379 दिन बाद पूर्व मंत्री कवासी लखमा रायपुर सेंट्रल जेल से बाहर आ गए हैं। लखमा के जेल से बाहर निकलते ही कार्यकर्ताओं-नेताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन से गले मिले। फिर लखमा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान बेटे हरीश लखमा, विधायक विक्रम मंडावी, सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, प्रमोद दुबे और संतराम नेताम मौजूद रहे। कवासी गाड़ी पर सवार होकर निकले। सड़क पर लंबा जाम लग गया। जेल से निकलकर वे अपने आवास के लिए रवाना हुए। इससे पहले कवासी लखमा ने कहा कि मैं सबसे पहले देश की न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट को बधाई देता हूं। मैं एक गरीब आदिवासी हूं, बस्तर की आवाज हूं और बस्तर के जल-जंगल-जमीन के मुद्दे उठाता रहा हूं। न्याय व्यवस्था पर मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

कवासी ने आगे कहा कि जेल में रहते हुए मैंने देखा कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने टीवी और अखबारों में खुले तौर पर मेरे समर्थन में बयान दिया। इसके लिए मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। मैं जब तक रहूंगा, बस्तर के जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

सुनेत्रा के हाथ होगी पूरी पावर

❐ डिप्टी सीएम बनीं और अब पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पद भी संभालने को तैयार

मुंबई। एनसीपी में सुनेत्रा पवार की ताकत और एनसीपी में और बढ़ सकती है। पति अजित पवार के निधन के बाद वह डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ले चुकी हैं। अब वह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनने की तैयारी में हैं। अजित पवार की बीते सप्ताह प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। इसके तीन दिन बाद ही सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। फिर चर्चा थी कि प्रफुल्ल पटेल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। लेकिन अब यह पद भी सुनेत्रा पवार को ही मिल सकता है। प्रफुल्ल पटेल ने ही खुद को अध्यक्ष बनाए जाने के कयासों को खारिज किया है और कहा कि पार्टी के ज्यादातर लोग चाहते हैं कि सुनेत्रा पवार ही अध्यक्ष बनें।

इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने भी सुनेत्रा पवार का कद बढ़ा दिया है। उन्हें पुणे और बीड जिलों का गार्जियन मिनिस्टर बनाया गया है। अजित पवार के पास भी इन जिलों की जिम्मेदारी थी। पफुल्ल पटेल ने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि सुनेत्रा पवार ही अध्यक्ष बनें और सभी लोग मिलकर पार्टी को मजबूत करने में उनकी मदद करेंगे। यह अजित पवार के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' यही नहीं उन्होंने कहा कि हम पार्टी की एक मीटिंग बुलाएंगे और उसमें सभी की भावनाओं को रखते हुए फैसला लेंगे। यह साफकर दूं कि मैं अध्यक्ष पद की रेस में नहीं हूं। इसके अलावा पार्टी के विलय को लेकर भी उन्होंने कहा कि ऐसी कोई चर्चा हमारे आगे नहीं आई थी।

सुप्रीम कोर्ट में 'वकील' बन ममता बनर्जी ने दी एसआईआर पर दलीलें

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ आज (बुधवार, 4 फरवरी को) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बनर्जी ने विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (SIR) को चुनौती दी गई थी और SIR के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए गए थे । ममता ने अपनी अर्जी में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने पर आपत्ति जताई है। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वीएम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया और कहा कि नामों में गड़बड़ी के आधार पर वोटरों को नोटिस भेजते समय विशेष सावधानी बरतें। बेंच ने आयोग से कहा, "कृपया नोटिस ध्यान से भेजें। आप जाने-माने लेखकों वगैरह को नोटिस नहीं भेज सकते।" बड़ी बात यह है कि अपनी याचिका के समर्थन में दलील देने के लिए ममता बनर्जी खुद कोर्ट रूम में मौजूद थीं। यह पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में मामले की पैरवी खुद की हो।

'मैं समस्या समझा सकती हूं क्योंकि मैं उसी राज्य से हूं'

ममता ने सबसे पहले कोर्ट को अपनी बात रखने की इजाजत देने के लिए धन्यवाद कहा। इसके बाद उन्होंने कहा, "मैं समस्या समझा सकती हूं क्योंकि मैं उसी राज्य से हूं।" इस पर सीजेआई ने कहा, "इसमें कोई शक नहीं कि आप वहीं से हैं।" इस पर ममता ने कहा, "मुझे बोलने की इजाज़त देने के लिए बेंच का धन्यवाद। मैं न्याय के लिए यहां आई हूं। मैंने ECI को 6 चिट्ठियां लिखीं लेकिन कोई जवाब नहीं आया। मैं कोई बहुत महत्वपूर्ण शख्सियत नहीं हूं, मैं एक बंधुआ मजदूर हूं, मैं अपनी पार्टी के लिए नहीं लड़ रही । मैं एक आम इंसान हूं।" इस पर CJI ने साफ किया कि आपकी नई याचिका में कुछ नए मुद्दे जरूर हैं, लेकिन जो बातें आप कह रही हैं, वे आपके वकील पहले ही अदालत में कह चुके हैं।

चुनाव आयोग नहीं 'व्हाट्सऐप कमीशन'

इस दौरान ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को 'व्हाट्सऐप कमीशन' तक कह दिया। उन्होंने कहा, "इलेक्शन कमीशन सॉरी, व्हाट्सऐप कमीशन यह सब कर रहा है। लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। बंगाल को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।" ममता ने कहा कि हमें कहीं न्याय नहीं मिल रहा, इसलिए आपके पास आए हैं। इसके बाद पीठ ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर दिया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में 5 रिटायर्ड जजों की बतौर एड-हॉक नियुक्ति

❐ सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का अनूठा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 224 का सहारा लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लिए 5 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह कदम देश की सबसे बड़ी उच्च न्यायालयों में से एक इलाहाबाद हाईकोर्ट में बढ़ते मामलों के बोझ और न्यायाधीशों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सिफारिश के अनुसार इन न्यायाधीशों की नियुक्ति 2 वर्ष की अवधि के लिए होगी। यह अनुच्छेद 224ए के तहत की गई चौथी ऐसी कार्रवाई है, जिसे 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने बड़े पैमाने पर लंबित मामलों से निपटने के लिए सक्रिय किया था। इन 5 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों में जस्टिस मोहम्मद फैज आलम खान, जस्टिस मोहम्मद असलम, जस्टिस सैयद आफताब हुसैन रिजवी, जस्टिस रेणु अग्रवाल और जस्टिस ज्योत्स्ना शर्मा शामिल हैं। कॉलेजियम ने इन नामों को मंजूरी देते हुए प्रस्ताव पारित किया है कि ये न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बैठकर और कार्य करके मामलों का निपटारा करेंगे।

यह सिफारिश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से की जा सकेगी, जैसा कि अनुच्छेद 224 में प्रावधान है। इलाहाबाद हाईकोर्ट देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय है, जहां स्वीकृत पदों की संख्या 160 है, लेकिन वर्तमान में केवल 110 न्यायाधीश कार्यरत हैं।

मणिपुर राज्य से हटा राष्ट्रपति शासन

इंफाल। पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर से करीब एक साल बाद राष्ट्रपति शासन हटा लिया गया है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने यह आदेश दिया है। इसके साथ ही वहां नई सरकार बनने का रास्ता साफ हो चुका है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने वहां सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। अब NDA विधायक दल के नेता वाई खेमचंद सिंह आज शाम छह बजे मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। प्रदेश भाजपा ने यह जानकारी दी है। शपथ ग्रहण समारोह 'लोक भवन' में होगा, जहां सुबह से ही तैयारियां जारी हैं। भाजपा की मणिपुर इकाई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वाई खेमचंद सिंह का मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह आज यानी 4 फरवरी 2026 को शाम छह बजे लोक भवन में होगा।'' इसमें आगे कहा गया, ''उनके अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व में मणिपुर शांति, विकास और सुशासन के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है, जिससे राज्य में स्थिरता और प्रगति का एक नया युग शुरू होगा।'' अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अशांत मणिपर में पिछले साल फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू था। सिंह के नेतृत्व में राजग के प्रतिनिधिमंडल ने यहां लोक भवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। भल्ला से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में चुराचांदपुर और फेरजॉल के कुकी-जो बहुल जिलों के दो विधायक शामिल थे।

कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के साथ नहीं हुआ कोई समझौता

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को इस समझौते को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए लोकसभा में कहा कि भारत इस समझौते में कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। उन्होंने सदन में दिए वक्तव्य में यह भी कहा कि इस समझौते से भारत को विकसित बनाने की दिशा में देश की यात्रा को मजबूती मिलेगी। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा, ''दोनों देश नियमित रूप से चर्चा कर रहे थे। दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए यह समझौता करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने इस बात पर जोर दिया, ''खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है।''

बलूच विद्रोहियों ने जमकर मचाया तांडव, 250 मौतें

क्वेटा। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान से खून-खराबे की हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पिछले शनिवार से विद्रोहियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमलों और उसके बाद सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में अब तक 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार से शुरू हुई इस हिंसा में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अधिकारी ने दावा किया कि जवाबी सैन्य कार्रवाई में अब तक 197 'आतंकी' ढेर किए जा चुके हैं। वहीं इन हमलों में कम से कम 36 आम नागरिकों की जान गई है।

पाक अधिकारी के मुताबिक, देश की रक्षा करते हुए 22 सुरक्षा बल के जवान शहीद हुए हैं। विद्रोही संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। विद्रोहियों ने पूरे प्रांत में एक साथ मिलकर कई ठिकानों को निशाना बनाया। उन्होंने बैंकों, जेलों और पुलिस स्टेशनों पर धावा बोला। सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों पर बंदूक और आत्मघाती हमले किए गए। हथियारबंद लड़ाकों ने सड़कों को जाम किया और बाहर से आए श्रमिकों (गैर-स्थानीय लोगों) को निशाना बनाया।

ईशान किशन ने बल्लेबाजों में लगाई 32 स्थानों की छलांग

दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों में 32 स्थानों की छलांग लगाकर 32वें पायदान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज ईशान की कमबैक सीरीज थी और उसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं, पाकिस्तान के सैम अयूब टी20 के नंबर एक ऑलराउंडर बन गए हैं। अयूब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, इंग्लैंड के जोस बटलर ने एक स्थान की छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के ओपनर पथुम निसांका एक पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें और सूर्यकुमार यादव भी एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। तिलक वर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज नहीं खेलने का नुकसान हुआ।

'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो प्रेमियों की कहानी देखने को मिलती है। दोनों की पसंद अलग है, लेकिन फिर कैसे दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं और अंत में उनकी प्रेम कहानी किस मोड़ पर पहुंचती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। यहां देखिए कैसा है फिल्म का ट्रेलर। ट्रेलर की शुरुआत में मृणाल (रोशनी) और सिद्धांत (शशांक) के किरदार अपनी-अपनी आदतों और पसंद के बारे में बताते हैं।

'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। निर्देशक अनुभव सिन्हा और अभिनेत्री तापसी पन्नू की जोड़ी एक बार फिर एक नई कहानी लेकर आई है। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद अब ये जोड़ी फिल्म 'अस्सी' लेकर आई है। पिछले दिनों फिल्म की घोषणा की गई थी, तबसे ही दर्शक इसका इंतजार कर रहे हैं। अब आज फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 24485 दिनांक 03.02.2026
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651H00731 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **कृष्णवती छाबड़ा** पिता / पति श्री/ श्रीमती **सरदार सिंह छाबड़ा** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **अमरजीत कौर छाबड़ा** पिता /पति श्री/श्रीमती **हरचरण सिंह छाबड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - खरोरा तहसील - खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग)
आम -सुचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक आरती सोनी पिता/पति का नाम रोशन सोनी निवासी खरोरा ग्राम सुंदरा प.ह.न. 45 राजस्व निरीक्षक मंडल- खरोरा, तहसील- खरोरा द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं. 91, 124, 125, 178 रकबा 0.520,0.740, 0.110, 1.010 के भूमि का सीमांकन/ नक्शा बटांकन न्यायालय तहसीलदार के ज्ञापन / मामला क्रमांक Q खरोरा दिनांक 2/2/26 के परिपालन में दिनांक 13/2/2026 को समय... बजे अपरान्ह मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः सीमांकन/नक्शा बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/नक्शा बटांकन हेतु नियत तिथि में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

मुहर
राजस्व निरीक्षक
खरोरा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28168 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F01595 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **NILESH KUMAR SAHU** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SANTOSH KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **GAINDI NISHAD** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O RAMJI NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28173 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652D00198 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SUSHMA BARIK KAMLAKANT** पिता / पति श्री/ श्रीमती **KAMLAKANT BARIK S/O NARAYAN BARIK** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MINAJ BANO** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD ALTAF** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28255 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652G0775B जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SMT. NAFISA PARVEEN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **JIBRAN ULLAH KHAN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NIKHAT PARVIN** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O ARBAZ MANSURI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28252 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652B00504 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **GOPA SAHA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LAXMI KANT SAHA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RUKSHAR PARVEEN** पिता /पति श्री/श्रीमती **D/O ABDUL LATIF** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28169 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F1537A जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **OM PRAKASH SAHU** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SANTOSH KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MAKHANI PATLE** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O DILIP KUMAR PATLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2991574
Email :eocghbzone03@gmail.com
आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-290, सुश्री रूप कुमारी साहू पिता स्व. श्री बंशीलाल साहू ,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 1289 दिनांक 06.03.2007 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कराने उपरांत दिनांक 30.01.2010 को भवन का लीजडीड निष्पादन उपरांत दिनांक 25.01.2017 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती दीपाली यदू पति श्री यशवंत कुमार यदू** , निवासी-मकान नं. -06, रावणभाठा, गोबरा नवापारा, राजिम, जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 22.12.2025 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती दीपाली यदू पति श्री यशवंत कुमार यदू,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **गुढ़ियारी** कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एल.आई.जी.-25, श्री शिवजी चौहान पिता श्री मावजी चौहान** को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक **21.12.1993** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी **श्री शिवजी चौहान** की मृत्यु दिनांक **06.06.2008** एवं इनके पुत्र श्री विपिन चौहान की मृत्यु दिनांक **04.12.2024** को हो जाने के कारण इनकी पुत्रवधु (वारिस) **श्रीमती भारती चौहान पति स्व. श्री विपिन चौहान** उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (**1. लिनेश चौहान 2. जेसल चौहान दोनो के पिता स्व. श्री विपिन चौहान) की सहमति पत्र** एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड **श्रीमती भारती चौहान पति स्व. श्री विपिन चौहान** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28253 दिनांक 04.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F1194E जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **ASHUTOSH TRIPATHI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LATE VIRENDRA KUMAR TRIPATHI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **DEVANTIN SINGH RAJPUT** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O AVINASH SINGH RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28179 दिनांक 02.02.2026
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR801U00165 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **FIRM TRANSFULES, PARTNER PRAKASH CHAND** पिता / पति श्री/ श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **FIRM TRANSFULES, PROPRITER BRIJESH BOGHANI** पिता /पति श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने अपने पत्र क्रमांक **OL/EC/CMIN/MAHASAMUND/3277** दिनांक 30 जनवरी 2026 के माध्यम से कोयला खदान (मुख्य खनिज) की उत्पादन क्षमता विस्तार हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की है। यह विस्तार 1.20 एमटीपीए (0.70 एमटीपीए ओपन कास्ट एवं 0.50 एमटीपीए भूमिगत) से बढ़ाकर 1.44 एमटीपीए (0.84 एमटीपीए ओपन कास्ट एवं 0.60 एमटीपीए भूमिगत) (फेज-1, 20% विस्तार) किया जाना प्रस्तावित है।

परियोजना क्षेत्र 474.703 हेक्टेयर में स्थित है, जो ग्राम खमरिया, लामदरहा, मिलूपारा एवं करवाही, तहसील तमनार, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ में अवस्थित है, तथा यह पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 (संशोधित) की अनुसूची-1 (क) के अंतर्गत खनिज खनन श्रेणी में सम्मिलित है।

पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की प्रतियां सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यालय, पर्यावरण भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में उपलब्ध हैं।

पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट https://www.moe.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ताक्षरित
मे. अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड
(परियोजना प्राधिकरण)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ0ग0)
(जल जीवन मिशन)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य -पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ0ग0 के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है - आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है - **(Risk & Cost)**

क्र.	निविदा क्रमांक / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम	कार्य की लागत (रू.लाख)	निविदा कॉल	अमानत राशि (रू. मे)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	101/30.01.2026	**184681**	BIJAPUR	BURJI	21.69	1st Call	16268/-
2	102/30.01.2026	**184684**	BHAIRAMGARH	NIRAM	24.03	1st Call	18023/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक Bid due date **19.02.2026** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि Bid start date **02.02.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252606431/4

कार्यपालन अभियंता / सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN 040308CT20035GC015820
कार्या. कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही)
क्र.34-00/400 के.व्ही./स्था./547 धरदेही, दिनांक 04.02.2026
//निविदा आमंत्रण सूचना//

कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही) द्वारा कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग वाहन SUV Category (earlier Jeep) श्रेणी तथा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध पर (01 वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों के मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

क्रमांक	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय
1.	कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही) कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग वाहन SUV Category (earlier Jeep) श्रेणी तथा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध पर (01 वर्ष) हेतु	दिनांक 25.02.2026 समय 17:00 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा तिथि विस्तार आदि की सूचना केवल विभागीय वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

S- 46779/2
कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही.उपकेन्द्र संभाग,
छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही)

10 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगा आयोजन

संगठन को मजबूत करने की कवायद, राहुल गांधी देंगे जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग, 9 राज्यों के अध्यक्ष होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के नव-नियुक्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 10 फ रवरी 2026 को नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ सहित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु समेत कई राज्यों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।

यह प्रशिक्षण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि जिलाध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए उन्हें वैचारिक, संगठनात्मक और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाना आवश्यक है। कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, सभी नव-नियुक्त जिलाध्यक्षों को दो चरणों में अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पहला चरण: 10 फ़रवरी 2026 को एक दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन
दूसरा चरण: इसके बाद 10 दिनों का विस्तृत और आवासीय प्रशिक्षण शिविर
पहला चरण 10 फरवरी को सुबह 10 :30 बजे से शाम 7 बजे तक नई दिल्ली के इंदिरा भवन, कोटला मार्ग में आयोजित होगा।

संगठन, मीडिया और सोशल मीडिया पर फोकस

ट्रेनिंग में जिलाध्यक्षों को बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठन मजबूत करने मीडिया मैनेजमेंट और प्रभावी संवाद सोशल मीडिया कैंपेन और डिजिटल रणनीति जनता से सीधा जुड़ाव और जन आंदोलन जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी जिलाध्यक्षों को निर्धारित स्थल पर ही ठहरना होगा।

राहुल करेंगे सीधा संवाद, होगी वन-टू-वन चर्चा

प्रशिक्षण के दौरान राहुल गांधी जिलाध्यक्षों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वे जिलाध्यक्षों से सीधे संवाद करेंगे और वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिलों की सामाजिक परिस्थितियों, राजनीतिक चुनौतियों, संगठन की स्थिति और आगामी रणनीति को लेकर खुलकर बात रख सकेंगे।

ट्रेनिंग से पहले आवश्यक तैयारियों के निर्देश

कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण से पहले कुछ आवश्यक तैयारियों के निर्देश भी दिए हैं। फरवरी की ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े साथ रखना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा इलाज या नियमित दवा की स्थिति में डॉक्टर की पर्ची के अनुसार दवाएं साथ रखना, बैग और सूटकेस पर नाम, पता और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखना होगा।

सभी कक्षाओं के एग्जाम डीईओ कार्यालय लेगा, आदेश से निजी स्कूल के संचालकों में आक्रोश

सरकारी आदेश से निजी स्कूलों में हड़कंप छीन लिया गया परीक्षा लेने का अधिकार

रायपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी एक आदेश से प्रदेशभर के निजी स्कूलों में बवाल मच गया है। आदेश के माध्यम से निजी स्कूलों से परीक्षा लेने का अधिकर छीन लिया गया है। दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं बोर्ड होती हैं। इनका आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। इन कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य की परीक्षाएं निजी स्कूल आयोजित करते थे।

बीते वर्ष 5वीं-8वीं को बोर्ड घोषित किया गया था। इनकी परीक्षाएं केंद्रीकृत स्तर पर प्रशासन द्वारा आयोजित की गईं। न्यायालय के दखल के बाद निजी स्कूलों को इसमें राहत मिली। अब जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि पहली से चौथी, छठवीं-सातवीं, नवमी-ग्यारहवीं की परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी। यह आदेश शासकीय विद्यालयों सहित अनुदान प्राप्त विद्यालय, अशासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए भी प्रभावी होगा।

हिंदी व इंग्लिश दोनों माध्यमों केवल सीबीएसई, आईसीएसई एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय इसमें शामिल नहीं होंगे। जिला स्तर पर जिला स्तरीय संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति एवं मॉडरेशन समिति का गठन 5 फ़रवरी तक करने कहा गया है। परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए सैंपल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया जाएगा। 28 फ़रवरी तक सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम पूर्ण करने तथा इसके बाद रिवीजन कराने कहा गया है।

प्रायोजना कार्य की वार्षिक परीक्षा 5 मार्च तक पूर्ण कराने होंगे। वार्षिक परीक्षा 25 मार्च से 10 अप्रैल तक आयोजित होगी। समय-सारणी जिला शिक्षा अधिकारी जारी करेंगे। आदेश जारी होने के बाद से ही निजी स्कूलों में हड़कंप मच गया है। मंगलवार रात्रि में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। ऑनलाइन हुई इस बैठक में आदेश के विरोध का निर्णय लिया गया है।

15 फरवरी तक प्रश्नपत्र तैयार करने निर्देश

प्रश्नपत्र निर्माण समिति द्वारा ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्रों के तीन सेट 15 फ़रवरी तक तैयार कराने कहा गया है। मॉडरेशन समिति द्वारा प्रश्न पत्रों का मॉडरेशन 20 फ़रवरी 2026 तक किया जाएगा। जिला स्तरीय संचालन समिति की अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मुदक को प्रश्नपत्र मुद्रण के लिए 25 फ़रवरी तक दिया जाएगा। मुदक द्वारा केन्द्रवार, विषयवार, कक्षावार प्रश्नपत्र सील बंद लिफ़ाफे में जिला शिक्षा अधिकारी को 15 मार्च तक सौपा जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर प्रत्येक संकुल प्राचार्यों को उनके संकुल अंतर्गत समस्त शालाओं के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण 20 मार्च तक किया जाएगा।

30 अप्रैल तक घोषित करने होंगे नतीजे

वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा उपरांत विषय शिक्षक ये मूल्यांकन करेंगे। कॉपियां जांचने का कार्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने कहा गया है। विद्यालयवार अंकसूची अप्रैल तक तैयार की जाएगी और नतीजों की घोषणा 30 अप्रैल तक करनी होगी। पहली से चौथ तथा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षा में त्रैमासिक परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत, छः माही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा अर्थात त्रैमासिक का 20 प्रतिशत, छमाही का 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिशत जोड़कर परीक्षाफ़ल तैयार होगा।

अनुत्तीर्ण होने पर भी अगली कक्षा में प्रवेश

डीपीआई ने अपने आदेश में कहा है कि अगर कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। विषय शिक्षकों द्वारा अनुतीर्ण विद्यार्थियों की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर तैयारी कराई जाएगी। पहली से चौथ तथा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षा में यदि कोई विद्यार्थी पूरक परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण होता है, तो उसे भी कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी विद्यार्थी को पिछली कक्षा में नहीं रोका जाएगा।

छोटे भाई के हत्यारे पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

कोरबा/नवप्रदेश। पैतृक जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद पर बड़े भाई ने पुत्र के साथ मिलकर छोटे भाई पर कुल्हाड़ी व डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में छोटे भाई की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। करीब ढाई साल तक चली सुनवाई के बाद दोषसिद्ध होने पर पिता पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के न्यायालय ने दिया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा ने बताया कि घटना हरदीबाजार थानांतर्गत यादव गली दर्री में घटित हुई थी। यहां रहने वाले लक्ष्मीनारायण तिवारी को पैतृक जमीन को लेकर अपने बड़े भाई कौशल प्रसाद तिवारी 70 वर्ष से विवाद चला आ रहा था। 30 जुलाई 2023 की सुबह करीब 8 बजे कौशल अपने पुत्र अशोक तिवारी के साथ छोटे भाई के पास पहुंचा। वे दोनों कुल्हाड़ी और डंडे से लैस थे।

फेयरवेल के नाम पर खतरनाक स्टंटबाजी

दो कार और दो बाइक जब्त, 16 नाबालिगों समेत 26 युवक धराए

बलौदा बाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के कसडोल विकासखंड के ग्राम कटगी में स्कूल फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान चलती गाड़ियों में खतरनाक स्टंटबाजी का मामला सामने आया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 युवकों को हिरासत में लिया है। इनमें कई नाबालिग भी शामिल हैं।

वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, वायरल वीडियो में कई युवक कार और बाइक पर स्टंट करते दिखाई दे रहे थे। वीडियो के आधार पर पहचान कर कुल 26 युवकों को पकड़ा गया, जिनमें 16 नाबालिग भी शामिल हैं। इन स्टंट्स से सड़क हादसे की आशंका बढ़ गई थी, जिससे आसपास के लोगों में भी दहशत फैल गई थी।

वाहन जब्त, 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज

पकड़े गए युवकों से पुलिस ने 02 चारपहिया वाहन और 02 बाइक जब्त की हैं। वाहन चलाने वालों पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के आरोप में 04 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत भी कार्रवाई हुई है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलकर महिला को आरोपी ने पीला दिया। जिसके बाद महिला को नींद आने लगा। फिर आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। फोटो और विडियो बना लिया। जिसके बाद महिला को लगातार ब्लैकमेल करते हुए शारीरिक शोषण कर रहा था। महिला ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। जहां पुलिस ने कार्रवई की है। छाल थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता द्वारा 2 फ़रवरी को थाना छाल में आवेदन प्रस्तुत कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। महिला ने बताया कि वह स्वास्थ्यगत कारणों से जनवरी 2025 से मायके में रह रही है।

वाहन चालक संघ के अध्यक्ष बने महेश साहू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क विभाग के शासकीय-अर्द्धशासकीय वाहन चालक यांत्रिकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में महेश कुमार साहू को चुना गया है। यह नियुक्ति संघ के सदस्यों की सहमति से की गई। संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू ने महेश को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। नवनियुक्त अध्यक्ष के रूप में महेश साहू संघ की गतिविधियों और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनके नियुक्ति पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

आंख में लगाया बाम और ले भागा 30 हजार का जेवर

रायगढ़/नवप्रदेश। नहाने गई महिला के आंखों में अचानक पीछे से झंडूबाम लगाकर एक अज्ञात आरोपी ने करीब 30 हजार के जेवर पर हाथ साफकर दिया। महिला ठीक नहाने वाली थी, ऐसे में आरोपी पीछे से आया और उसके आंखो में झंडू बाम लगा दिया। फिर जेवर छीनते हुए फरार हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित निर्जला उरांव 21 वर्ष पति सुमिरन भगत पता निवासी कोडकेल थाना तमनार की रहने वाली है। घर के आगे लगभग 200 मीटर में बेंद्रा नाला है जिसमें रोज नहाने जाती थी। 01 फ़रवरी को सुबह 10.30 बजे के बीच अकेली नहाने गई थी ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com